सुप्रभात
रांची, शनिवार
24.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 308



12 ब्लैक कलर को कवच मानती हैं सुष्मिता

## न्यूज डायरी

### सीबीआइ दफ्तर में जवान पर तीर से हमला

लखनऊ। हजरतगंज स्थित सीबीआई दफ्तर में शुक्रवार को एक चौंकाने वाली घटना हुई। यहां तैनात एएसआई वीरेंद्र पर एक व्यक्ति ने धनुष-बाण से हमला कर दिया। हमलावर ने धनुष पर बाण चढ़ाकर सीधे वीरेंद्र के सीने में मारा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। हमलावर पूर्व रेलवे कर्मी है और सीबीआई ने उसके खिलाफ कुछ समय पहले कार्रवाई की थी।

### पीएम मोदी ने कल एनडीए राज्यों की बैठक बुलायी

नयी दिल्ली। पीएम मोदी ने 25 मई को एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलायी है। यह बैठक ऐसे समय में बुलायी गयी है जब कई राज्यों में चुनाव होने को हैं। बैठक में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ-साथ एनडीए शासित राज्यों के सीएम और डिप्टी सीएम शामिल होंगे। बैठक में ऑपरेशन सिंदूर' समेत राज्यों में विकास कार्यों, केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और बेहतर शासन पर चर्चा करना है।

### मोहम्मद यूनुस पर दबाव इस्तीफे की दी धमकी

ढाका। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने राजनीतिक उथल-पुथल के बीच इस्तीफे की धमकी दी है। यह चेतावनी ऐसे समय आयी है जब बांग्लादेश पहले से ही राजनीतिक संकट से गुजर रहा है। सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमान द्वारा दिसंबर तक चुनाव के अल्टीमेटम और बीएनपी के तीव्र विरोध प्रदर्शनों के बीच यूनुस का यह कदम बड़ा सियासी मोड़ ला सकता है।

### पानी रोका तो सांसें रोक देंगे : पाक सेना

नयी दिल्ली। पाकिस्तानी सेना का असली चेहरा एक बार फिर बेनकाब हुआ है। सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ ने खुलेआम कहा अगर आप हमारा पानी रोक देंगे, तो हम आपकी सांसें बंद कर देंगे। ये बयान किसी सैन्य अधिकारी का नहीं, बल्कि सीधे तौर पर एक आतंकवादी चेतावनी जैसी लगती है।

### पानी के बिना भूखे मर जायेंगे, भारत रहम करे

इस्लामाबाद। आतंकियों को पालने वाला पाकिस्तान, भारत के सामने पानी के लिए गिड़गिड़ा रहा है। पाकिस्तानी सांसद सैयद अली जफर ने शुक्रवार को नेशनल एसेंबली में कहा कि देश की 90 प्रतिशत खेती सिंधु पर निर्भर है और ऐसे में अगर पानी नहीं मिला तो यहां लोग भूखे मर जायेंगे। पहलगाम हमले के बाद भारत ने सिंधु जल समझौता रद्द कर पाकिस्तान को पानी के लिए विवश कर दिया है। पाकिस्तानी सांसद ने पानी के लिए भारत से रहम मांगी। पाकिस्तान ने कई मौकों पर कहा है कि भारत ऐसा ना करे क्योंकि इससे पाक में गंभीर संकट आ जायेगा।

## सीएम हेमंत ने तैयारी को ले कर की उच्चस्तरीय बैठक

# श्रावणी मेला को भव्य व सुरक्षित बनाने का निर्देश

**राजकीय मेला**

- श्रावणी मेला हमारी आस्था का एक बड़ा केंद्र
- नयी कड़ियों को जोड़कर श्रावणी मेला को दिया जा रहा और भव्य स्वरूप

**श्रावणी मेले से झारखंड को मिली है विशिष्ट पहचान**





खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 11 जुलाई से शुरू होने वाले विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम, बासुकीनाथ तीर्थ क्षेत्र विकास प्राधिकार एवं वरीय पदाधिकारियों के साथ शुक्रवार को उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। रांची स्थित श्री लोक कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में हुई बैठक में मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने राजकीय श्रावणी मेला से जुड़ी सारी तैयारी ससमय पूरी करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला में देश विदेश से श्रद्धालु आते हैं। उनकी सुरक्षा और सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिये। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को श्रावणी मेला की तैयारियों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रावणी मेला हमारी आस्था का एक बड़ा केंद्र है। श्रावणी मेले से झारखंड को देश- दुनिया में विशिष्ट पहचान मिली है। हर वर्ष लाखों श्रद्धालु बाबा नगरी आते हैं। हर वर्ष इस विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले को काफी बेहतर तरीके से आयोजित करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी लगभग 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ऐसे में वे यहां से बेहतर अनुभव लेकर जायें। इसके लिए श्रावणी मेला में नयी कड़ियों को जोड़ने के साथ इसे और भी भव्य और सुरक्षित स्वरूप देने की दिशा में आगे बढ़ें।

### मेला की तैयारियों की मॉनिटरिंग करें सीएस

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वच्छता, विश्राम, पेयजल, बिजली, पानी, शौचालय, स्नानागार, यातायात और स्वास्थ्य से संबंधित सारी व्यवस्थाएं पुख्ता होनी चाहिये। इसके लिए सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर तैयारियों को अंतिम रूप दें। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव से कहा कि वे श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर विभागों द्वारा की जा रही व्यवस्था की मॉनिटरिंग करें।

### मेला रूट में खाली पड़ी जमीन का उपयोग हो

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे श्रावणी मेला के समापन तक के लिए मेला रूट में खाली पड़ी जमीन को लेने के लिए रैयतों से बात करें। अगर वे इसके लिए तैयार हो जाते हैं तो उस जमीन पर विश्राम गृह, शौचालय और स्नानागार की व्यवस्था करें, ताकि श्रद्धालुओं को अच्छी व्यवस्था मिल सकें। उन्होंने यह भी कहा कि मेला के समापन के बाद उक्त जमीन की पूरी साफ सफाई कर उसके रैयत को वापस कर दें। मुख्यमंत्री ने महिलाओं और बच्चों के लिए अलग से रहने और भोजन की व्यवस्था का भी निर्देश दिया।

**श्रद्धालुओं की शिकायत पर लें तुरंत एक्शन** : मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा कि शिकायतों के त्वरित निष्पादन की व्यवस्था होनी चाहिये। उन्होंने मेला प्रबंधन को लेकर कई अन्य अहम निर्देश भी अधिकारियों को दिये।

### यातायात प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजकीय श्रावणी मेला के दौरान बाबा बैद्यनाथ धाम और बासुकीनाथ धाम में लाखों की भीड़ के नियंत्रण के साथ ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को पुख्ता रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मेला रूट में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात करें। वाहनों की गति सीमा निर्धारित कर उसका कड़ाई से पालन हो। पर्याप्त संख्या में वाहन प्लेट नंबर रीडिंग हाई डेफिनेशन कैमरा लगायें।

बैठक में मंत्री सुदिव्य कुमार, विधायक सुरेश पासवान, देवेंद्र कुंवर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव मस्त राम मीणा, प्रधान सचिव वंदना दादेल, पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता, सचिव मनोज कुमार के अलावा कई अन्य वरीय अधिकारी तथा बाबा बैद्यनाथ धाम, बासुकीनाथ तीर्थ क्षेत्र विकास प्राधिकार के सदस्य गण मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री हेमंत दिल्ली पहुंचे, नीति आयोग की बैठक में लेंगे भाग

# विकसित भारत 2047 का रोडमैप प्रस्तुत करेगी झारखंड सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो




रांची। पीएम मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को होनेवाली बैठक में भाग लेने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को नयी दिल्ली पहुंचे। बैठक में झारखंड सरकार की ओर से नगर विकास विभाग द्वारा विकसित भारत@2047 के तहत झारखंड का रोडमैप प्रस्तुत किया जायेगा। इसमें राज्य सरकार की ओर से एक्शन टेकेन रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जायेगी। राज्य सरकार द्वारा उठाये गये कदमों और उनकी प्रगति की जानकारी भी दी जायेगी। पिछली बैठक में इन योजनाओं पर चर्चा हुई थी। उक्त बैठक में समाज के वंचित वर्गों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा उठाये गये कदमों की जानकारी दी गयी थी।

झारखंड सरकार ने 6278 जरूरतमंद लोगों को 55.33 करोड़ रुपये की मुद्रा ऋण वितरित की है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत राज्य में 2014 से 2024 तक 24,380 स्वयं सहायता समूह बनाये गये हैं। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि नीति आयोग के शासी निकाय में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री इसके सदस्य होते हैं। पिछले साल यह बैठक 27 जुलाई को हुई थी।

## विवाह के पांचवें दिन ही इंजीनियर दुल्हन का शव फंदे से लटका मिला

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। यूं तो शादी जन्मोजनम का रिश्ता होता है, लेकिन जब यह रिश्ता शादी के पांच दिन बाद मातम में बदल जाये तो दो परिवारों में टूट पड़ जाती है। ऐसा ही कुछ मामला पलामू के नावाजयपुर थाना क्षेत्र के धंगरडीहा से सामने आया है। जानकारी के अनुसार 17 मई को शादी हुई और 22 मई को दुल्हन ससुराल में फांसी के फंदे पर लटकी मिली। लड़की के पिता ने इसे निर्मम हत्या करार देकर मामला दर्ज कराया है। पुलिस छानबीन कर रही है। कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर इंजीनियर ऋषिका सिन्हा उर्फ मीणा की शादी धंगरडीहा के अलख निरंजन प्रसाद के पुत्र अनुज कुमार सिन्हा से हुई थी। ऋषिका, आलमगंज पटना के महेंद्र प्रसाद की पुत्री है। अनुज जबलपुर गन फैक्ट्री में सरकारी नौकरी में है, वहीं ऋषिका सिन्हा कंप्यूटर सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में दिल्ली में कार्य करती थी।

**पिता ने कहा- यह निर्मम हत्या** : नव विवाहिता की मौत के बाद शुक्रवार को इस घटना की सूचना मायके पक्ष को दी गयी। पिता महेंद्र प्रसाद ने सुसरालवालों पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया। खबर मिलते ही नावाजयपुर थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे एवं शव को परिजनों के समक्ष फंदे से उतारा और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर भेज दिया। मायके वाले की तरफ से मिले आवेदन प्राप्त के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर घटना की छानबीन की जा रही है।

## ज्योति मल्होत्रा के वीडियो के बाद बासुकीनाथ की बढ़ायी गयी सुरक्षा

दुमका। जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा ने बासुकीनाथ मंदिर का भी वीडियो शूट किया गया था। इसके वायरल होने के बाद देवघर के बैद्यनाथ धाम मंदिर और बासुकीनाथ धाम मंदिर की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है। अतिरिक्त सुरक्षा बलों को मंदिर की सुरक्षा में लगाया गया है। मंदिर के आसपास सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है, ताकि मंदिर परिसर की गतिविधियों को देखा जा सके। वर्ष 2023 में ज्योति मल्होत्रा ने सुल्तानगंज से लेकर देवघर के बैद्यनाथ धाम मंदिर और बासुकीनाथ मंदिर का वीडियो शूट किया था। बाबाधाम और बासुकीनाथ धाम में श्रावण माह में लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। लोगों का कहना है कि इस वीडियो को किस दृष्टिकोण से बनाया गया अथवा इसका क्या मकसद था इसको लेकर भी खुफिया एजेंसी को जांच करने की जरूरत है।

## पूर्वोत्तर राज्यों के विकास पर केंद्रित नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट का किया उद्घाटन

# आतंकवाद हो या माओवाद, नया भारत अब हिंसा बर्दाश्त नहीं करेगा : पीएम

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शांति और बुनियादी ढांचागत सुविधाओं को विकास की आवश्यक शर्त बताया है और कहा है कि उनकी सरकार ने पिछले 11 वर्ष में पूर्वोत्तर क्षेत्र में अवसंरचना-विकास और शांति के लिए जो काम किए हैं, उससे पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्य आज निवेशकों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

श्री मोदी ने शुक्रवार को नयी दिल्ली के भारत मंडपम में पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों के विकास के विषय पर केन्द्रित दो दिवसीय नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करते हुए शांति के महत्व को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने कहा, आतंकवाद हो या अशांति फैलाने वाले माओवादी, उनके प्रति हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पूर्वोत्तर में विभिन्न संगठनों के साथ पिछले कुछ वर्षों में कई शांति समझौते किए हैं और 10 हजार से अधिक युवाओं ने हथियार छोड़ कर मुख्य धारा को अपनाया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए उनकी सरकार ने जो कुछ किया है, वह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि वह क्षेत्र के विकास की एक बड़ी सोच को दर्शाता है। बुनियादी सुविधा, हर निवेश की पहली शर्त है। पूर्वोत्तर क्षेत्र बहुत समय तक अभाव में रहा था, लेकिन अब वहां भारी निवेश हुआ है।

मौके पर उद्घाटन सत्र को उद्योगपति मुकेश अंबानी, अनिल अग्रवाल, गौतम अडाणी, हर्षवर्धन नेवतिया और पूर्वोत्तर के कुछ प्रमुख उद्यमियों ने भी संबोधित किया और क्षेत्र में निवेश की अपनी अपनी योजनाओं का एक मोटा खाका प्रस्तुत किया।

**अवसरों का लाभ उठायें निवेशक** : एक दशक में वहां 11 हजार किलोमीटर के नये राजमार्ग बने हैं, सैकड़ों किलोमीटर के नये रेल मार्ग विकसित हुए हैं, तथा हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी हो गयी है। उन्होंने निवेशकों से उस क्षेत्र में उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए पहले पहुंचने की सलाह देते हुए कहा कि आने वाले समय में पूर्वोत्तर भारत दक्षिण-पूर्व एशिया और प्रशांत क्षेत्र में व्यापार का एक बड़ा केंद्र बनेगा।

## चुनाव आयोग मतदान केंद्रों पर मोबाइल जमा कराने की देगा सुविधा

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने मतदान की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने के लिए दो नयी पहल की है। आयोग अब मतदान केंद्रों के बाहर मतदाताओं के लिए मोबाइल जमा करने की सुविधा प्रदान करेगा। साथ ही अब, मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे के ठीक बाद उम्मीदवार मतदाताओं के सहयोग के लिए अपने बूथ लगा सकेंगे। चुनाव आयोग ने कहा है कि यह निर्णय ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मोबाइल फोन के बढ़ते उपयोग को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयोग कानूनी ढांचे के अनुसार सख्ती से चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही मतदाताओं के लिए सुविधाओं में सुधार के लिए निरंतर नवाचार भी कर रहा है।

# पिछले पांच वर्षों में 42 कोयला खदानें हुईं बंद

- खदान किन परिस्थितियों में बंद हुईं, इस पर सरकार ने अबतक ध्यान नहीं दिया, इसलिए अभी भी विभिन्न कोयला कंपनियों की खदानों के बंद होने का सिलसिला है जारी

सत्येन्द्र



रांची। बीते पांच वर्षों में कोल इंडिया लिमिटेड-सीआईएल के लगभग 42 ओपन कास्ट एवं अंडरग्राउंड कोयला खदाने बंद हो गयी हैं। सबसे अधिक 18 खदानें वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड की बंद हुई हैं। वहीं झारखंड की चार खदानें ही बंद हुई हैं। खदान किन परिस्थितियों में बंद हुई इस पर सरकार ने अभी तक ध्यान नहीं दिया है। यहीं कारण है कि अभी भी कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषांगिक कंपनियों की खदानों के बंद होने का सिलसिला जारी है।

### राज्य एवं अनुषांगिक कंपनियों की बंद खदानें

**असम**
- एनईसी : लेडो ओपनकास्ट
- एनईसी : टिकक ओपनकास्ट
- एनईसी : टिपोंग भूमिगत
- एनईसी : तिरप ओपनकास्ट

**छत्तीसगढ**
- एसईसीएल : विश्रामपुर ओपनकास्ट
- एसईसीएल : महामाया भूमिगत
- एसईसीएल : महान ओपनकास्ट
- एसईसीएल : पवन भूमिगत
- एसईसीएल : सुराकछार भूमिगत 3 एवं 4
- एसईसीएल : सुराकछार भूमिगत मुख्य खान

**झारखण्ड**
- सीसीएल : पिपरवार ओपनकास्ट
- सीसीएल : सरुवेरा भूमिगत
- सीसीएल : उरीमारी भूमिगत
- ईसीएल : गोपीनाथपुर ओपनकास्ट एवं भूमिगत

**मध्य प्रदेश**
- एसईसीएल : जमुना आरओ (1 एवं 2) भूमिगत
- एसईसीएल : कपिलधारा भूमिगत
- एसईसीएल : न्यू अमलाई भूमिगत
- एसईसीएल : पिनौरा भूमिगत
- डब्ल्यूसीएल : बरकुही ओपनकास्ट
- डब्ल्यूसीएल : भारत (घोडावाड़ी-2) ओपन कास्ट
- डब्ल्यूसीएल : दमुआ ओपनकास्ट
- डब्ल्यूसीएल : गणपती भूमिगत
- डब्ल्यूसीएल : घोड़ावाडी / झरना भूमिगत
- डब्ल्यूसीएल : मोहन फेज- आइवी ओपनकास्ट
- डब्ल्यूसीएल : न्यू सेठिया ओपनकास्ट
- डब्ल्यूसीएल : शोभापुर भूमिगत
- डब्ल्यूसीएल : विष्णुपुरी-कभूमिगत

**महाराष्ट्र**
- डब्ल्यूसीएल : एवी-इंक्लाइन भूमिगत
- डब्ल्यूसीएल : सीआरसी भूमिगत
- डब्ल्यूसीएल : महाकाली भूमिगत
- डब्ल्यूसीएल : मन्ना भूमिगत
- डब्ल्यूसीएल : मुरपर भूमिगत
- डब्ल्यूसीएल : पद्मपुर ओपनकास्ट
- डब्ल्यूसीएल : पिपला भूमिगत
- डब्ल्यूसीएल : सारनी भूमिगत
- डब्ल्यूसीएल : सस्ती भूमिगत

**ओड़िशा**
- एमसीएल : ओरिएंट कोलियरी-आइआइआइ भूमिगत

**पश्चिम बंगाल**
- ईसीएल : चिनकुरी कभूमिगत
- ईसीएल : जेमेहरी भूमिगत
- ईसीएल : कालीपहाड़ी भूमिगत
- ईसीएल : एस एस इंक्लाइन भूमिगत
- ईसीएल : सोदेपुर (आर) भूमिगत

**कुल 42 कोयाला खदानें**

## कार्टून कोना




## झारखंड की कृषि मंत्री ने नयी दिल्ली में सरना धर्मकोड की मांग उठायी, कहा

# 'जनसंख्या' परिसीमन का आधार बना तो आरक्षित सीटें घट जायेंगी : शिल्पी नेहा

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि अगर जनसंख्या को परिसीमन का आधार बनाया गया तो आदिवासियों के लिए आरक्षित सीटें कम हो जायेंगी। वह शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रदेश मीडिया प्रभारियों और प्रदेश मीडिया विभाग के अध्यक्षों की कार्यशाला में बोल रहीं थीं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनगणना प्रक्रिया में आदिवासी समुदाय को उनकी मूल और एकीकृत पहचान के साथ दर्ज किया जाना चाहिए, न कि उप-वर्गों में विभाजित किया जाना चाहिए। उन्होंने एक बार फिर सरना धर्मावलंबियों के लिए जनगणना कॉलम में सरना/ आदिवासी धर्म कोड का अलग कॉलम रखने की मांग दोहरायी।

कृषि मंत्री ने कहा कि अगर 5वीं अनुसूची वाले राज्यों में जनसंख्या को परिसीमन का आधार बनाया जाता है, तो अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या कम हो जायेगी। कृषि मंत्री ने कहा कि झारखंड में समय के साथ दूसरे राज्यों से आकर बसने वाले लोगों की आबादी बढ़ी है, जबकि आदिवासी समाज की आबादी या तो घटी है या स्थिर है। ऐसे में अगर पांचवीं अनुसूची वाले इस राज्य में जनसंख्या को परिसीमन का आधार बनाया जाता है, तो आरक्षित सीटों की संख्या कम हो जायेगी। ऐसा हुआ तो आदिवासी समाज की सुरक्षा और संरक्षण की भावना धूमिल हो जायेगी।

**भाजपा और संघ पर आरोप** : आदिवासी समाज पर जाति जनगणना के प्रभाव, चुनौतियों और समाधान पर बोलते हुए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि कांग्रेस, जाति जनगणना के तहत सामाजिक न्याय के संदेश और उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ना चाहती है, जबकि केंद्र में बैठी भाजपा और आरएसएस इसे जटिल बनाने में लगी है। कृषि मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनगणना प्रक्रिया में आदिवासी समुदाय को उनकी मूल और एकीकृत पहचान के साथ दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि आदिवासी समुदाय न केवल सांस्कृतिक रूप से, बल्कि दिल और आत्मा से भी एकजुट है, चाहे वह झारखंड हो, मणिपुर हो, ओड़िशा हो या छत्तीसगढ़।

# जानबूझ कर संवैधानिक संस्थाओं को सरकार ने पंगु बना कर रख है : मरांडी

- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सरकार संविधान से नहीं मुखेर कानून से चल रही है




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जानबूझ कर राज्य में संवैधानिक संस्थाओं को पंगु बना कर हेमंत सरकार रख रही है। श्री मरांडी शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य की ऐसी सारी संवैधानिक संस्थायें जो राज्य सरकार के काम काज, गड़बड़ियों, भ्रष्टाचार पर नजर रखती हैं, जनता की शिकायत पर सुनवाई और कार्रवाई करती है, को राज्य सरकार ने पंगु बनाकर रखा है। उन्होंने कहा कि राज्य में लोकायुक्त, महिला आयोग, सूचना आयोग, उपभोक्ता फोरम जैसी महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्थाओं में वर्षों से अध्यक्ष-सदस्य के पद खाली हैं। कहीं अध्यक्ष हैं तो सदस्य नहीं, कहीं न अध्यक्ष हैं न सदस्य। संस्थान सिर्फ नाममात्र का रह गया है। उन्होंने कहा कि ये संवैधानिक संस्थायें जनता को न्याय दिलाने में सहायक होती हैं। सरकार को पारदर्शी और जवाबदेह बनाती हैं। लेकिन, आज इनका पंगु रहना लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नेता प्रतिपक्ष नहीं होने का बहाना बनाती थी। जबकि, भाजपा ने समय पर नेता चुनकर दिया है। पिछले टर्म में दो बार नेता का चयन किया गया। लेकिन परिणाम शून्य रहा। आज विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष है लेकिन हेमंत सरकार की नियत साफ नहीं है। यह सरकार अपनी नाकामियों, विफलताओं, भ्रष्टाचार को उजागर नहीं होने देना चाहती है।

उन्होंने कहा कि सूचना आयुक्त का पद खाली है। महिला आयोग में 2020 से ही अध्यक्ष और सदस्य का पद खाली है। उपभोक्ता फोरम में दर्जन भर जिले अध्यक्ष और सदस्य विहीन हैं। उन्होंने कहा कि लोकायुक्त के नहीं रहने से न तो कोई शिकायत दर्ज हो रही है। जबकि, लोकायुक्त जैसी स्वतंत्र संस्था राज्य में काम करेगी तो मंत्री, विधायक, बड़े पदाधिकारी, यहां तक कि एसीबी के विरुद्ध भी गलत और पक्षपातपूर्ण कार्रवाई और जांच की शिकायत की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि हाइकोर्ट के निर्देशों के बावजूद इन पदों को नहीं भरा जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि यह सरकार जानबूझकर संवैधानिक पदों पर नियुक्तियां नहीं करना चाहती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संवैधानिक तरीके से नहीं बल्कि मुखेर कानून चलाना चाहती है। उन्होंने मांग की कि अविलंब सूचना आयुक्त, महिला आयोग, लोकायुक्त जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्थाओं के अध्यक्ष-सदस्यों की नियुक्ति की जाये। मौके पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की बैठक नयी दिल्ली में आयोजित

# मत्स्य कृषकों को एनएफडीपी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य : डॉ द्विवेदी




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की वार्षिक समीक्षा बैठक नई दिल्ली स्थित एपी शिंदे हॉल में हुई। बैठक में केंद्र सरकार के मत्स्य पालन विभाग के सचिव अभिलक्ष लिखी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस बैठक में झारखंड सरकार की ओर से कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीख एवं मत्स्य निदेशक डॉ एचएन द्विवेदी ने भाग लिया। गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा 22.50 करोड़ रुपये पीएमएमएसवाई के लिये जारी किया गया है। बैठक में झारखंड में पीएमएमएसवाई की गतिविधियों और उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में झारखंड के केज कल्चर, बायोफ्लॉक पद्धति आदि तकनीक से मत्स्य उत्पादन में वृद्धि संबंधी अद्यतन जानकारियों से अवगत कराया गया। बैठक में सभी मछुआरों, मत्स्य कृषक, मत्स्य विक्रेताओं, उद्यमियों, समितियों को नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफॉर्म में सभी को अनिवार्य रूप से ऑनलाइन निबंधन कराने के लिए निर्देशित किया गया। इससे मत्स्य क्षेत्र से जुड़े सभी को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। साथ ही सभी मात्स्यिकी परियोजनाओं का लाभ मत्स्य कृषकों को मिल सकेगा। मत्स्य निदेशक डॉ एचएन द्विवेदी ने बताया कि पीएमएमएसवाई के तहत झारखंड ने मत्स्य पालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

## सेना के अफसर सीएम से मिले



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को आवासीय कार्यालय में मेजर जनरल अरुण राजेश मोगे, विशिष्ट सेवा मेडल सह डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता कमिटी के वाइस चेयरमैन एवं मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर; विशिष्ट सेवा मेडल, जीओसी ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को जमशेदपुर में जुलाई माह में आयोजित होने वाले डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिये आमंत्रित किया।

## राज्यपाल ने दीक्षा भूमि का किया भ्रमण



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को दीक्षा भूमि, नागपुर में भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने वहां भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दीक्षाभूमि परिसर का अवलोकन किया। राज्यपाल ने इस ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण करते हुये कहा कि इस पावन भूमि में बाबासाहेब डॉ भीमराव आंबेडकर ने बौद्ध धम्म की दीक्षा लेकर सामाजिक न्याय, समानता और मानवीय गरिमा के मूल्यों को नया जीवन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब द्वारा रचित भारतीय संविधान देश के प्रत्येक नागरिक के अधिकारों की रक्षा करता है।

# गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं आइएएस विनय कुमार चौबे

- नेफ्रोलॉजी से मांगा गया कंसल्टेशन, शराब घोटाला मामले में हुए हैं गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शराब घोटाला मामले में न्यायिक हिरासत में रिम्स में भर्ती सीनियर आईएएस विनय कुमार चौबे गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। उन्हें किडनी की बीमारी है। ऊपर से हाई ब्लड प्रेशर भी है। 22 मई की शाम तबीयत खराब होने के बाद उन्हें बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से रिम्स शिफ्ट किया गया था। उनको पेईंग वार्ड के सेकेंड फ्लोर पर मौजूद 11 नंबर कमरे में भर्ती कराया गया है। गुरुवार को मेडिसिन विभाग के डॉ. ऋषि तुहिन गुड़िया ने उनके हेल्थ कंडिशन को देखते हुए ब्लड और यूरिन के सैंपल को जांच के लिए भिजवाया था।

### किडनी की गंभीर समस्या और हाई ब्लड प्रेशर



रिम्स के प्रभारी जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन ने कहा है कि शुक्रवार सुबह पेथोलॉजी से जुड़ी कई रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट के आधार पर रिम्स प्रबंधन ने नेफ्रोलॉजी विभाग की एचओडी डॉ. प्रज्ञा पंत घोष को कंसल्टेशन देने को कहा है। क्योंकि रिपोर्ट में किडनी फंक्शन से जुड़ी काफी गड़बड़ी सामने आई है। उन्होंने कहा कि डॉ. प्रज्ञा पंत घोष के आगे के सुझाव के आधार पर लाइन ऑफ ट्रीटमेंट तय होगा।

इधर, जेल आईजी सुदर्शन मंडल से पूछा गया कि क्या विनय कुमार चौबे की बीमारी को देखते हुए परिवार के किसी सदस्य को अटेंडेंट बनाया गया है। जवाब में उन्होंने जेल मैन्यूअल का हवाला देते हुए कहा कि अटेंडेंट का कोई प्रावधान नहीं होता है। सप्ताह में मुलाकात करने की इजाजत दी जाती है। हालांकि अभी तक रिम्स प्रबंधन यह बताने की स्थिति में नहीं है कि विनय कुमार चौबे का इलाज रिम्स में ही हो सकता है या फिर बाहर के बड़े सेंटर में शिफ्ट करने की जरूरत होगी। जानकारी के मुताबिक गुरुवार 22 मई को रिम्स में भर्ती होने पर उनकी पत्नी रात का भोजन लेकर पहुंची थीं। शुक्रवार सुबह भी उनके घर से ही भोजन आया था। उनको डॉक्टर की सलाह के मुताबिक घर का ही भोजन दिया जा रहा है।

### 20 मई को एसीबी ने किया था गिरफ्तार

दरअसल, 20 मई को एसीबी की टीम आईएएस विनय कुमार चौबे को उनके घर से लेकर दफ्तर आई थी। यहां कुछ घंटों तक सवाल पूछे जाने के बाद शाम के वक्त उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। उसी दिन कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया था। एसीबी का आरोप है कि उत्पाद विभाग के सचिव पद पर रहते हुए झारखंड उत्पाद नीति 2022 को लागू कराने और प्लेसमेंट एजेंसी के चयन में धांधली कर राज्य को करीब 38 करोड़ का नुकसान पहुंचाया था। इस मामले में अब तक चार अधिकारी समेत कुल पांच लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

# पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस मामले में हुई आंशिक सुनवाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** ओबीसी आरक्षण सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के मामले में नामजद पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर शुक्रवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया गया है। मामले में जवाब दाखिल करने के बाद आगे की सुनवाई होगी। इसके लिये अदालत ने 16 जून की तारीख निर्धारित की है। रामचंद्र सहिस ने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुये 13 मई को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। वहीं, इसी मामले में आरोपी सुदेश महतो और सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की डिस्चार्ज याचिका अदालत खारिज कर चुकी है। मामला आरोप गठन पर चल रहा है। घटना को लेकर ओरमांझी के तत्कालीन सीओ विजय केरकेट्टा ने लालपुर थाना में 8 सितंबर 2021 को कांड संख्या 201/2021 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री आवास घेराव को लेकर आजसू कार्यकर्ता मोरहाबादी मैदान में एकत्रित हुये। इसका नेतृत्व सुदेश महतो, चंद्र प्रकाश चौधरी, लंबोदर महतो, रामचंद्र सहिस समेत अन्य कर रहे थे। इनलोगों पर जान बूझकर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ धक्का-मुक्की, सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप है।

# 11वीं-13वीं डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन.इंटरव्यू शेड्यूल जारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग ने 11वीं और 13वीं संयुक्त सिविल सेवा मुख्य परीक्षा के सफल 864 अभ्यर्थियों के लिये इंटरव्यू और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का शिड्यूल जारी कर दिया है। आयोग ने गुरुवार को इससे संबंधित नोटिफिकेशन जारी किया है।

**डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और इंटरव्यू की तारीखें :** दस्तावेज सत्यापन - 9 जून से 22 जून 2025 तक, समय- सुबह 10 बजे से, इंटरव्यू- 10 जून से 23 जून 2025 तक, समय- सुबह 9.30 बजे से, स्थान- जेपीएससी कार्यालय, रांची। अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के दिन सुबह 9.30 बजे तक रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा।

**आज से डाउनलोड होगा कॉल लेटर :** 24 मई 2025 से अपना कॉल लेटर आयोग की आधिकारिक वेबसाइट डाउनलोड कर सकते हैं। कॉल लेटर डाउनलोड करने के लिए रोल नंबर और जन्मतिथि की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, इच्छुक अभ्यर्थी 9 जून से पहले आयोग के काउंटर पर आवेदन कर भी कॉल लेटर प्राप्त कर सकते हैं।


Government of Jharkhand
Directorate of Industries
Jharkhand Government Tool Room, Ranchi
(Formerly Jharkhand Government Mini Tool Room & Training Centre, Ranchi)
Plot No: 38, Phase I, Tatisilwai Industrial Area, Muri Road, Ranchi- - 835103 ,
e-mail: info@jgtr.in, principal@jgtr.in, jgmtrtc_ran@yahoo.co.in Web site: www.jgtr.in
Phone No. 0651-2265966, Fax No.0651-2265578

ONLINE TENDER NOTICE
NIT No. 293/ Date 22.05.2025

Govt. of Jharkhand has set up state-of-the art Tool Room & Training Centre at Tatisilwai, Ranchi & Dumka. The centres requires Maintenance of Coordinate Measuring Machine & EMCO Turning & Milling Machine as pertaining the details furnished in website.

Interested original Tenderer and /or their authorized representatives / dealers having permanent registered office in India and operating in India over last 5 (Five) years are eligible to participate in the tender.

The complete tender document including ITT, GCC, technical specification, price bid, cost of tender, EMD requirements etc. can be downloaded from the web sites www.jharkhandtenders.gov.in & www.jgtr.in from 25th May 2025 onwards.

Note: JGTR, Ranchi reserves the right to reject the application of any or all the intending bidders without assigning reasons whatsoever.

Sd/-
(Director of Industries)
PR 353294 Industries(25-26)#D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ़

अतिअल्पकालीन निविदा आंमत्रण सूचना सं0–6/2025–26

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र निर्गत की तिथि एवं समय : दिनांक 30/05/2025 को अपराह्न 1:00 बजे तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 31/05/2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 31/05/2025 को अपराह्न 3:30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (1) अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग, (2) कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, रामगढ़।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : कण्डिका 5. में वर्णित (2)
7. कार्यो का विवरण :–

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of PCC road from KK Kolmari Poda to Churutungi Bastar, Sayal KK Block-Patratu, Ramgarh (Phase-II) | 49,02,000/- | 98,500/- | 5,000/- | 6 माह |
| 2 | Construction of PCC road from Gram Uchringa Nayak tola to Aganwadi Centre Talatand, Block- Patratu, Ramgarh (Phase-I) | 36,65,100/- | 74,000/- | 5,000/- | 6 माह |

* निविदा की शर्तें एवं अन्य सूचनाएँ www.jharkhandtenders.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल ,रामगढ़
PR 353300 (Building)25-26*D


# राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग में 33 अफसरों का हुआ ट्रांसफर

**खबर मंत्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने जमीन से जुड़े सर्वे और रिकॉर्ड का काम कर रही जमीन सर्वे टीमों में 33 अफसरों का ट्रांसफर पोस्टिंग किया है। इन अफसरों में आईटी मैनेजर, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर और बिजनेस एनालिस्ट जैसे तकनीकी पदों पर लोग शामिल हैं। सभी को उनके नये जिलों में तुरंत योगदान देने को कहा गया है।

### ट्रांसफर किये गये अधिकारियों की सूची

राकेश रंजन को रांची से देवघर, रंजीत कुमार को रांची से पाकुड़, प्रशांत कुमार को रांची से साहेबगंज, कुंदन कुमार को लोहरदगा से लातेहार, रोहित कुमार को लोहरदगा से पलामू, दीपक कुमार को लोहरदगा से गढ़वा, आशीष कुमार को लोहरदगा से चतरा, रवि रंजन को लोहरदगा से कोडरमा, राहुल कुमार को लोहरदगा से चतरा, रोशन कुमार को लोहरदगा से कोडरमा, आनंद कुमार को लोहरदगा से गिरिडीह, विशाल कुमार को लोहरदगा से दुमका, मनीष कुमार को लोहरदगा से साहेबगंज, राहुल राज को लोहरदगा से गोड्डा, कुमार विकास को गढ़वा से साहेबगंज, मनीष कुमार सिंह को गढ़वा से सिमडेगा, अजीत कुमार को गढ़वा से लोहरदगा, प्रिंस कुमार को गढ़वा से कोडरमा, अरविंद कुमार को गढ़वा से पाकुड़, राहुल कुमार को हजारीबाग से सिमडेगा, अमित विक्रम को हजारीबाग से देवघर, रवि रंजन कुमार को हजारीबाग से साहेबगंज, विवेक आनंद कुमार को हजारीबाग से देवघर, रविकांत कुमार को हजारीबाग से पाकुड़, अजीम खान को पाकुड़ से गढ़वा, दीपक कुमार को साहेबगंज से हजारीबाग, विशाल कुमार को गोड्डा से लातेहार, अजीत कुमार को देवघर से गिरिडीह, राहुल कुमार को देवघर से साहेबगंज, पवन कुमार को देवघर से पाकुड़, नवीन कुमार को देवघर से साहेबगंज और रंजीत कुमार को साहेबगंज से हजारीबाग स्थानांतरित किया गया है।

सभी अफसरों को नये जिले में तुरंत काम शुरू करने को कहा गया है और बिना इजाजत तबादले में कोई बदलाव नहीं किया जायेगा। अगले माह का बेतन भी नये पोस्टिंग स्थान से दिया जायेगा।

## इरफान अंसारी मामले में 11 जून को होगी सुनवाई



रांची। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के खिलाफ दर्ज आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में अदालत ने उपस्थिति की अगली तारीख 11 जून निर्धारित की है। मामले में उपस्थिति की तारीख पूर्व से निर्धारित थी। लेकिन, मंत्री इरफान अंसारी नहीं पहुंचे। एमपी–एमएलए कोर्ट ने 24 फरवरी मानहानि और शांति भंग करने के इरादे से अपमान करने के मामले में संज्ञान लेते समन जारी किया है। मालूम हो कि योग शिक्षिका राफिया नाज के बारे में इरफान अंसारी ने एक निजी समाचार चैनल पर उसके पहनावे को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इससे उनकी छवि धूमिल हुई और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। इसको लेकर राफिया नाज ने 19 अगस्त 2020 को सिविल कोर्ट रांची में इरफान अंसारी के खिलाफ स्त्री लज्जा भंग करने, भीड़ को हिंसा के लिये उकसाने और पहनावे को लेकर अनुचित टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुये शिकायतवाद दर्ज कराई थी। अदालत ने मानहानि और शांति भंग करने के इरादे से अपमान करने के मामले में संज्ञान लिया है।

## हत्या के दोषी को उम्र कैद की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की अदालत ने शुक्रवार को हत्या से जुड़े पांच साल पुराने मामले में दोषी करार अभियुक्त कुर्बान उर्फ टेनिया को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अदालत ने उक्त आरोप में 21 मई को दोषी ठहराया था। हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के नेजाम नगर निवासी कुर्बान ने 21 जनवरी 2020 को किसी विवाद को लेकर सुभान पर चाकू से वार किया। इससे उसकी मौत हो गई थी। घटना को लेकर मृतक के बड़े भाई ने हिंदपीढ़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से ठोस गवाही दर्ज कराई है। इसके आधार पर अदालत ने अभियुक्त दोषी पाकर सजा सुनाई है।

# 29 से शुरू होगी राष्ट्रीय सरना धर्म न्याय यात्रा

- उदीत नगर राउरकेला से राजी धर्मगुरु बंधन तिग्गा करेंगे शुरुआत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आगामी 29 मई से चलें गांव-देहात की ओर राष्ट्रीय सरना धर्म न्याय यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। शुरुआत सरना पूजा स्थल उदीत नगर राउरकेला से राजी धर्मगुरु बंधन तिग्गा करेंगे। ये जानकारी शुक्रवार को हरमू देशावली में हुई प्रेसवार्ता में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के केंद्रीय प्रवक्ता संजय पाहन ने दी। बताया कि 29, 30 और 31 मई को तीन दिवसीय ओड़िशा राज्यस्तरीय युवा नेतृत्व सह राष्ट्रीय सरना धर्म न्याय कार्यशाला भी होगी। इसके बाद एक जून को लोहरदगा जिला के कामडरा प्रखंड में, सात और आठ जून को जतरा शक्ति खूंटा पड़हा भवन मुड़मा में, 15 जुलाई को कावगाछी कोलकाता, 20 जुलाई को लातेहार जिला के पलामू, 26 जून को मुड़मा, 29 जून को हजारीबाग, 12 जुलाई को जामताड़ा में राष्ट्रीय सरना धर्म न्याय कार्यशाला होगी।

इस न्याय यात्रा सह कार्यशाला में दो करोड़ सरना अप्रैल 2026 की जनगणना में लिखवाने, मरंगबुरु पर्वत गिरिडीह, मुड़हर पहाड़ सुतियाम्बे गढ़, लुगुबुरु घंटाबाड़ी लालपनिया बोकारो, दिउड़ी दीरी तमाड़ में अतिक्रमणों के विरूद्ध चर्चा की जाएगी। इसके अलावा झारखंड के 13 अनुसूचित जिलों में विदेशी शराब की बिक्री पूर्णतः बंद कराने और केंद्रीय सरना पूजा स्थल सिरम टोली के मुख्य द्वार से रैंप को आगे बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। मौके पर रवि तिग्गा, चम्पा कुजूर सहित कई लोग मौजूद थे।

# न्यू जर्सी पहुंचे सुदेश महतो, बिजाना के समारोह में होंगे विशिष्ट अतिथि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो अमेरिका के न्यू जर्सी में बिहार-झारखंड एसोसिएशन ऑफ नार्थ अमेरिका (बिजाना) के स्वर्ण जयंती समारोह एवं ग्लोबल कॉनक्लेव 2025 में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रवासी भारतीयों की संस्था 'बिजाना' का दो दिवसीय स्वर्ण जयंती समारोह कल से आरंभ हो रहा है, जिसमें बिहार-झारखंड की संस्कृति की खुशबू बिखरेगी। समारोह में भारत और विश्व भर से नामी-गिरामी हस्तियां भाग ले रही हैं।

श्री महतो समारोह में शामिल होने के लिए अमेरिका पहुंच चुके हैं। समारोह में श्री महतो के अलावा विश्व बैंक के ग्लोबल निदेशक सरोज झा, प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर, सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार, आज तक की वरीय संपादक श्वेता सिंह, भोजपुरी फिल्म स्टार अक्षरा सिंह, संगीत निर्देशक विशाख ज्योति, प्रिंसटन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर नीरज झा के अलावा कई प्रसिद्ध हस्तियां उपस्थित रहेंगी। समारोह में अमेरिका के अलावा यूरोप के भी बिहार-झारखंड के प्रवासी भारतीय पहुंच रहे हैं।

बिजाना के अध्यक्ष संजीव सिंह झारखंड के ही निवासी हैं। उन्होंने कहा है कि बिजाना द्वारा प्रत्येक वर्ष समारोह आयोजित किया जाता है, लेकिन संस्था के गठन का पचासवां साल होने के कारण होने वाला स्वर्ण जयंती समारोह एक यादगार अनुभव बनने जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिजाना की स्थापना 1975 में की गई थी और यह बिहार एवं झारखंड की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने, युवा नेतृत्व एवं शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। बिजाना विश्व के साथ भारत के संबंधों एवं छवि को सुधारने की दिशा में भी एक सफल मंच साबित हुआ है।

# झारखंड के अंशुमन भगत और संदीप मुरारका समेत देश के 14 लेखकों को मिला गुरुदेव साहित्य पुरस्कार 2025

■ रवींद्रनाथ टैगोर की स्मृति में दिया जाता है यह साहित्यिक सम्मान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** साहित्य और विचार की शक्ति को समर्पित यूएक्स टॉक्स ई-पत्रिका ने अपने पहले डिजिटल साहित्यिक पुरस्कार गुरुदेव साहित्य पुरस्कार 2025 का भव्य समापन किया। यह पुरस्कार रवींद्रनाथ टैगोर की स्मृति में उन समकालीन लेखकों को सम्मानित करता है, जिनकी रचनाएं विचार को झकझोरती, उद्देश्य को जगाती और समाज में बदलाव की प्रेरणा बनती हैं।

यूएक्स टॉक्स के संस्थापक सुनील सिहाग ने कहा, इस वर्ष 14 असाधारण लेखकों को उनके विशिष्ट साहित्यिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। प्रत्येक विजेता टैगोर की सच्चाई, सौंदर्य, आशा और मानवता की दृष्टि को अपने लेखन में जीवंत करते हैं।

इस गौरवपूर्ण सूची में झारखंड के दो लेखक अंशुमन भगत और संदीप मुरारका का नाम विशेष रूप से शामिल है।

अंशुमन भगत, एक सफर में जैसी प्रेरणादायक पुस्तकों के लेखक अंशुमन भगत को नैतिकता, आशा और आधुनिक युग की कहानियों के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा, एक युवा लेखक के रूप में यह सम्मान मुझे प्रेरित करता है कि मैं दुनिया को शब्दों की दृष्टि से देखता रहूं।

संदीप मुरारका, झारखंड के एक सफल व्यवसायी से लेखक बने संदीप मुरारका को उनकी काव्यात्मक पुस्तक कुछ अल्फाज दिल से के लिए सम्मान मिला, जो आत्मविश्लेषण और भावनात्मक




सम्मान पाने वाले लेखकगण।

अंतर्दृष्टि से भरपूर है। उनकी लेखनी व्यवसाय और सृजनात्मकता के बीच सेतु का काम करती है।

अन्य प्रमुख सम्मानित लेखकों में गुजरात/मध्य प्रदेश की योगिता वार्डे शामिल हैं, जिन्हें साही और सुधीर, दिया, पोस्टकार्ड और कुकर की सीटी जैसे उपन्यासों के लिए सम्मानित किया गया। गुजरात की मैत्रीदेवी सिसोदिया को कॉन्टेम्पररी चीरहरण और मोमेंट्स एंड इटर्निटीज जैसी रचनाओं के लिए यह पुरस्कार मिला, जो महिलाओं की आवाज को सशक्त रूप से प्रस्तुत करती हैं। भारत और स्पेन के रोशन भोंडेकर को साहित्य और सिनेमा के माध्यम से सकारात्मक संदेश फैलाने के लिए सराहा गया। गुजरात/राजस्थान के रवींद्र मारडिया को उनकी आत्मकथा बडी टू ऑल के लिए सम्मानित किया गया, जिसमें उनके उद्योगपति से समाज सुधारक बनने की प्रेरणादायक यात्रा को दर्शाया गया है। अमेरिका/भारत की श्री को उनके सांस्कृतिक रूप से समृद्ध उपन्यास द क्रिमसन थ्रेड के लिए यह सम्मान मिला। मुंबई की अपर्णा जाधव को तलाक के बाद महिलाओं के सशक्तिकरण पर आधारित पुस्तक पैराडाइज सक्ड-थ्राइव आफ्टर डिवोर्स, लेडीज! के लिए चुना गया।

16 वर्षीय नई दिल्ली की वेरुश्का पांडे को मानसिक स्वास्थ्य और मानवाधिकार जैसे विषयों पर आधारित उनकी कविता संग्रह द क्वाइट जिओमेट्री ऑफ कैओस के लिए सम्मानित किया गया। मुंबई के 16 वर्षीय आदित्य सेनगुप्ता धर को अपना टाइम आएगा नामक सामाजिक उन्नयन पर केंद्रित युवा संकलन के लिए पुरस्कृत किया गया। मध्य प्रदेश की जूवी को फैंटेसी साहित्य में डिजिटल पीढ़ी की संवेदनाओं को स्थान देने के लिए सराहा गया।

गुड़गांव/केरल की अनघा रतीश को द सेलेस्टिया क्रॉनिकल्स और ए वर्ल्ड ऑफ इंट्रीकेसीज जैसी पुस्तकों के लिए सम्मान मिला, जिनमें नैतिकता और नायकीय गुणों का सुंदर समन्वय है। स्विट्जरलैंड/भारत की डॉ प्रीति अमरेश को वैश्विक नीति और साहित्य के संगम पर आधारित उनके विशिष्ट लेखन के लिए चुना गया। मुंबई की पिंकी एनडी कंसारा को एम्पॉवरिंग इमोशनल अवेयरनेस पुस्तक के लिए यह सम्मान मिला, जो आत्म विकास और भावनात्मक जागरूकता को गहराई से समझाती है।

यूएक्स टॉक्स ई-पत्रिका द्वारा स्थापित यह पुरस्कार केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि एक आंदोलन है। यह उन लेखकों को मंच देता है जो सृजनात्मकता और मानवीय संवेदना को एक साथ लेकर चलते हैं। यह पहल साहित्य को डिजिटल युग में भी जीवित और जागरूक बनाए रखने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। पुरस्कार निर्णायक मंडल ने कहा, आज की स्क्रीन और स्क्रॉल की दुनिया में यह पुरस्कार साहित्य की क्रांतिकारी आत्मा को जीवित रखता है सुलभ, समावेशी और मानवीय। गुरुदेव साहित्य पुरस्कार 2025 के विजेताओं, विशेष रूप से अंशुमन भगत और संदीप मुरारका जैसे रचनात्मक अगुआओं ने यह साबित किया है कि कहानियाँ आज भी जागृति, जुड़ाव और बदलाव की शक्ति रखती हैं।

## स्पीड न्यूज

### शारदा इंटरप्राइजेज में कार्यरत मजदूर घायल

**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित शारदा इंटरप्राइजेज कंपनी में काम के दौरान अभिजीत कालिंदी नामक ठेका मजदूर घायल हो गया। इस घटना में उसके हाथों की उंगलियां बुरी तरह जख्मी हो गया। प्रबंधन द्वारा आनन फानन में उसे इलाज हेतु आदित्यपुर स्थित शिवा नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। इसकी सूचना मिलते ही जेएलकेएम के गम्हरिया प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चंद्र महतो अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे और घायल मजदूर का हाल जाना व घटना की पूरी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि पूरे मामले को लेकर कंपनी प्रबंधन एवं ठेकेदार से वार्ता किया जाएगा।उन्होंने कहा है कि लगातार इस तरह के मामले देखे जा रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्र में मौजूद सभी उद्योग सुरक्षा के नियमों को ताप पर रख कर कार्य करते हैं जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर जेएलकेएम के आदित्यपुर नगर अध्यक्ष प्रदीप महतो, मीडिया प्रभारी मनोज महतो समेत कई पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नरवापहाड़ में आरा बुरू सेंदरा पर्व 26 मई को

**जादूगोड़ा।** नरवापहाड़ में आरा बुरु सेंदरा पर्व आगामी 26 मई को होगा। इधर, लाया नाजिर सरदार की अध्यक्षता में भूमिज जाहिरगाढ़ में आयोजित बैठक में सेंदरा पर्व मानने का फैसला लिया गया।इस बाबत शिव चरण मुर्मू (सामाजिक कार्यकर्ता)टोला प्रधान भवतरण टुडू, शिमल हेंब्रम, होपा हेंब्रम ने कहा कि आगामी 26 मई को रांगा पहाड़ देवता की पहले गाजे-बाजे के पूजा की जाएगी तत्पश्चात सामने पहाड़ी पर चढ़कर रागा पहाड़ देवता से खेतो की हरियाली व अच्छी बारिश को लेकर मन्नतें मांगी जाएगी।इस पूजा में चिमाई जुड़ी, खुर्शी, स्वर्ग चिड़ा, राजदोहा के ग्रामीण भाग लेगे। राजदोहा ग्राम प्रधान माझी युवराज टुडू ने कहा कि आगामी 26 मई को आयोजित सेंदरा पर्व के जरिए अपनी संस्कृति व परम्परा का निर्वाह हेतु शिकार पर्व शांतिपूर्वक मनाया जायेगा।

### यूसिल कॉलोनी से गायब 13 गायें पहुंची चाकुलिया

**जादूगोड़ा।** यूसिल कॉलोनी से बीती रात अचानक 13 गाय रहस्यमय ढंग से गायब हो गयी। इधर, लोग गाय की शाम की घर पर नहीं पाकर गाय की खोज में इधर भटकते रहे। बाद में पता चला को यूसिल सुरक्षा कर्मी व अधिकारियों की संरक्षण में रहस्य ढंग से गायब हुई 13 गाय चाकुलिया गौशाला में। लावारिस समझ कर भेज दी गई है। जिससे यूसिल की सुरक्षा अधिकारी के खिलाफ लोगों में आक्रोश भड़क उठा। इस बाबत पांडुडीह निवासी महेंद्र हेंब्रम ने कहा कि कंपनी के सुरक्षा अधिकारियों ने बिना सूचना के लावारिस गाय समक्ष कर चाकुलिया गौ शाला भेज दी गयी। बाद में मुखिया मंजूरी बानरा ने यूसिल प्रबंधन व पुलिस प्रशासन से बात कर मामले को सुलझाना। प्रबन्धन की माने तो गाय की वजह से कॉलोनी में गंदगी फैलती है।जिसकी वजह से कॉलोनी में लावारिस घूम रही 13 गाय की चाकुलिया गौशाला भेज दिया गया। महेंद्र मुर्मू ने कहा कि यूसिल की चारदीवारी जहां-तहां खुली हुई है व गाय तो सीमाएं पहचानती नहीं है। जिसकी वजह से यूसिल की सुरक्षाकर्मियों ने लावारिस गाय समझ कर चाकुलिया गाय शाला भेज दिया। अब मुखिया मंजूरी बानरा की पहल पर गाय को चाकुलिया से वापस जादूगोड़ा लाने की तैयारी चल रही है ताकि 40 से 69 हजार की गाय पीड़ित परिवार तक पहुंच सके।

### लिलिपुट प्ले स्कूल में बच्चों ने लिया वाटर फन का मजा

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में समर कैम्प के चौथा दिन बहुत खास रहा क्योंकि कैम्प का मेन इवेंट ट्रेजर हंट बच्चों के द्वारा खूब पसंद किया गया। ट्रेजर हंट में बच्चों के द्वारा खजाने की खोज के लिए बच्चों को खूब मशक्कत करनी पड़ी इसके बाद अंत मे उन्हें दूसरे दिन सफलता मिली। यह एक पॉइंट्स बेस्ड कॉम्पिटिशन था जिसमें लड़कों की टीम विजेता रही। विजेता टीम में अखिलेश, फराज, कार्तिक, अमिष, नक्श, सात्विक ये सभी थे।

# साकची में कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली कल

## प्रदेश प्रभारी के राजू के साथ प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश करेंगे संबोधित

■ साकची पोस्ट ऑफिस पार्किंग मैदान में होगी रैली, तैयारी अंतिम चरण में पहुंची

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के साकची स्थित पोस्ट ऑफिस के सामने वाले मैदान में जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन 25 मई 2025 को अपराह्न 3 बजे से होना है। रैली में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी के राजू, सह प्रभारी सिरीबेला प्रसाद, सांसद गुरमीत सिंह सप्पल, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मंत्री राधाकृष्णन किशोर, विधायक राजेश कच्छप, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व सांसद राज्यसभा प्रदीप कुमार बलमुचु, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अजय कुमार राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं वरिष्ठ नेतागण रैली को संबोधित करेंगे।



तैयारी बैठक करते जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दूबे।

जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दूबे ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र, मंडल क्षेत्र, पंचायत/ वार्ड में निवास करने वाले सभी कांग्रेस नेतागण, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आम जनता, सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि को रैली में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। हमारे राष्ट्रीय नेता, प्रदेश नेता, मंत्रीगण, विधायकगण एवं वरिष्ठ नेता हमारे भारतीय संविधान को बचाने के लिए बात रखेंगे।

इधर, पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में जिला स्तरीय तैयारी समिति की बैठक जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में कांग्रेस रैली स्थल साकची पोस्ट ऑफिस के सामने पार्किंग स्थल में आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष तैयारी समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बैठक में रैली के सूचना प्रसारण हेतु बैनर, पोस्टर, होडिंग प्रखंड स्तर, मंडल स्तर पर लगाया जाए। प्रखंड पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी घर-घर संपर्क अभियान चलाकर निमंत्रण देंगे। रैली में हर समाज के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जायेगा। सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

रैली को सफल बनाने में अग्रणी संगठन विभाग के पदाधिकारियों को भी जिम्मेदारी से जोड़ा गया है। बैठक का संचालन संजय सिंह आजाद उपाध्यक्ष ने किया।


बैठक में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रदेश सचिव राकेश कुमार तिवारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला इंटक देविका सिंह, सामंता कुमार, फिरोज खान, ब्रजेंद्र तिवारी, शशी कुमार सिन्हा, नूरजहां वारसी, अपर्णा गुहा, शफीअहमद खान, रजनीश सिंह, अरूण कुमार सिंह, अंसार खान, संजय चौधरी, मो. शब्बीर ऊर्फ लालबाबू, सोशल मीडिया चेयरमैन राजकुमार वर्मा, अमित श्रीवास्तव, इंदुभुषण यादव, राकेश साहू, राजेश चौधरी, अजय शर्मा, शमशेर आलम, प्रभात रंजन श्रीवास्तव, अमरजीत नाथ मिश्र, सचिन कुमार सिंह, कौशल प्रधान, संजय यादव सहित कांग्रेसजन शामिल हुए।

# स्वागतम्... कल नगर आ रहे हैं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला

■ फेजी ऑडिटोरियम में चैंबर के प्लेटिनम जुबिली समारोह में भाग लेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लोकसभा के सभापति (स्पीकर) ओम बिरला रविवार की सुबह 9:10 बजे (दिल्ली से) रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उनका आगमन होगा। तत्पश्चात वे सुबह 9:20 पर बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद दिन के 12:15 से, दोपहर 2 बजे तक, जमशेदपुर के लोयोला स्कूल के फैसी सभागार में सिंहभूम चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लैटिनम जुबली कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद वे वापस दोपहर 3:15 बजे जमशेदपुर



के सोनारी हवाई अड्डे से रांची के लिए लौटेंगे। जन संपर्क विभाग के मुताबिक रांची में शाम 5:45 बजे से 7:40 बजे तक डांगरटोली के स्वर्ण भूमि में विभिन्न समूहों के नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# विस्तारीकरण... भोजपुरी भवन गोलमुरी के ग्राउंड फ्लोर की ढलाई का कार्य संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गोलमुरी स्थित भोजपुरी भवन आज सौन्दर्यीकरण और विस्तारीकरण की प्रक्रिया से गुजर रहा है। यह भवन नगर की साहित्यिक और सांस्कृतिक

गतिविधियों के केंद्र के रूप में अपनी आभा बिखेर रहा है। आज इसके ग्राउंड फ्लोर के ढ़लाई का कार्य संपन्न हुआ। अब इसके सभागार में सौ से ज्यादा लोग बैठ पाएगें जो पहले के अपेक्षा दुगुना है। सिंहभुम जिला भोजपुरी साहित्य परिषद के अध्यक्ष और जलेस सिंहभुम के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद



ढलाई के पूर्व मजदूरों में लड्डू बांटते अध्यक्ष अरविंद विद्रोही।

विद्रोही ने बताया कि भवन के विकास का कार्य प्रगति पर है। शीघ्र ही भवन वाचनालय, शुद्धजल, अलग शौचालय आदि की विशेष सुविधाओं से लेश होगा। अगले महीने यहां राष्ट्रीय व्यंग्य सम्मेलन होना निश्चित हुआ है। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष मसूद खान, सदस्य रमेश हंसमुख, उदय हयात एवं अन्य उपस्थित थे।

# सरायकेला नियोजनालय के दो दिवसीय रोजगार शिविर में 64 युवा शॉर्ट लिस्टेड

■ रिलेशनशिप ऑफिसर, वेल्डर, मशीन ऑपरेटर, प्रोडक्शन असिस्टेंट व डाटा एंट्री ऑपरेटर पदों पर हुआ चयन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गुरुवार को जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर, सरायकेला-खरसावां के सौजन्य से राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, गम्हरिया में एवं 23 मई 2025 को जिला नियोजनालय के परिसर में रोजगार शिविर का आयोजन किया गया।



इस संबंध में जिला नियोजन पदाधिकारी आलोक कुमार टोपनो ने बताया कि रोजगार शिविर में रामकृष्ण फोर्जिंगस लिमिटेड, फ्यूजन फाइनेंस लिमिटेड़, टैलेंटनेक्सा प्राइवेट लिमिटेड एवं युवा शक्ति फाउंडेशन के अधिकारियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से रिलेशनशिप ऑफिसर, ट्रेनी, वेल्डर, मशीन ऑपरेटर, प्रोडक्शन असिस्टेंट व डाटा एंट्री ऑपरेटर सहित विभिन्न पदों नियुक्ति हेतु कुल 64 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया।

# एक देश, एक चुनाव पर बिष्टुपुर तुलसी भवन में प्रकाश डालेंगे रघुवर दास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन सभागार में शनिवार को 'एक देश, एक चुनाव' विषय पर महत्वपूर्ण संगोष्ठी की जायेगी। जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो के नेतृत्व में आयोजित होने वाले इस संगोष्ठी की शुरुआत संध्या 4:30 बजे से होगी। संगोष्ठी में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। शुक्रवार को सांसद विद्युत वरण महतो की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में इस आशय की जानकारी दी गई। सांसद विद्युत महतो




ने बताया कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य 'एक देश, एक चुनाव' की अवधारणा पर व्यापक विचार-विमर्श करना और इसके महत्व, चुनौतियों और संभावनाओं पर व्यापक चर्चा करना है। इस आयोजन में शामिल होने हेतु शहर के सभी सामाजिक संगठन, गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ), अधिवक्ता संघ, विभिन्न व्यवसायी संघ और प्रबुद्धजनों को आमंत्रित किया गया है।

# अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवसः टाटा स्टील फाउंडेशन ने किया सॉन्ग्स ऑफ द फॉरेस्ट नामक अनोखी पुस्तक का विमोचन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**सुकिंदा, जाजपुर (ओडिशा)।** अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) ने अपनी नवीनतम प्रकाशन सॉन्ग्स ऑफ द फॉरेस्ट का विमोचन किया। यह अनोखी पुस्तक देश की आदिवासी समुदायों से जुड़े समृद्ध जैव विविधता संबंधी लोककथाओं और पारंपरिक ज्ञान को संजोने और संरक्षित करने का कार्य करती है। इस पुस्तक का विमोचन गुरुवार को टाटा स्टील के



विमोचन समारोह को संबोधित करते फेरो एलॉयज एंड मिनरल डिवीजन के एग्जूक्टिव इंचार्ज पंकज सतीजा।

सुकिंदा क्रोमाइट माइंस परिसर में आयोजित एक भव्य समारोह में किया गया।

यह अनूठी पहल आदिवासी समुदायों की मौखिक परंपराओं, लोककथाओं और सांस्कृतिक कहानियों को संकलित कर उन्हें भविष्य के लिए संरक्षित रखने का एक सार्थक प्रयास है। इन्हीं दुर्लभ और समृद्ध विरासतों को बचाने की तात्कालिक आवश्यकता को समझते हुए टाटा स्टील फाउंडेशन ने एक व्यापक जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की। इस अभियान के तहत संस्था ने अपने कार्यक्षेत्रों के विभिन्न क्षेत्रों में आदिवासी समुदायों के बुजुर्गों, लोककथाकारों और ज्ञान संरक्षकों से संवाद स्थापित कर इन अमूल्य कहानियों को एकत्रित किया। पुस्तक का अनावरण करते हुए टाटा स्टील के फेरो एलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन के एक्जीक्यूटिव इंचार्ज पंकज सतीजा ने कहा, यह पुस्तक केवल कहानियों का संग्रह नहीं है—यह हमारी साझा विरासत, पारंपरिक ज्ञान और प्रकृति के प्रति आदिवासी समुदायों की गहन समझ को संजोने का प्रयास है। यह हमें उस दृष्टिकोण से परिचित कराती है, जहां मानव स्वयं को प्रकृति का स्वामी नहीं, बल्कि उसका सहयात्री मानता है।

## एक नजर में

### जनता दरबार में विधायक जगत माझी से मिले अबुआ आवास के लाभुक, बतायी परेशानियां



**गोइलकेरा, पश्चिम सिंहभूम।** मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जगत माझी ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय स्थित अपने कक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार आयोजित किया। इस दौरान विभिन्न पंचायतों से आये ग्रामीणों ने विधायक से मुलाकात कर समस्याएं बतायी और समाधान की मांग की। जनता दरबार में विशेष रूप से अबुआ आवास योजना के दर्जनों लाभुकों ने विधायक के समक्ष आवास निर्माण से संबंधित परेशानी बतायी। लाभुकों ने कहा ईंट और निर्माण सामग्री महंगा होने के अलावा ट्रांसपोर्टिंग में अधिक खर्च आ रहा है। जिस कारण आवास निर्माण में छत ढलाई में परेशानी आ रही हैं। लाभुकों ने छत ढलाई के बदले एस्बेस्टस लगाने की अनुमति दिलाने की मांग की। जिसपर विधायक ने कहा लाभुकों की परेशानी को देखते हुए छत ढलाई के बदले एस्बेस्टस लगाने की अनुमति मिले इसे लेकर वह सरकार के समक्ष बातों को रखेंगे। साथ ही आश्वासन दिया कि सरकार के स्तर से कोई रास्ता निकले इसके लिए वह भरसक प्रयास करेंगे। जनता दरबार में बीडीओ विवेक कुमार ने कुछ मामलों का तत्काल निष्पादन किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया गणेश बोदरा, उप प्रमुख वरदान भुइयां, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सोनाराम कोड़ाह, अकबर खान, प्रिंस खान, सुखमती बानरा, वसीम खान थे।

### आकाश कुमार ने ए निगेटिव रक्तदान किया, तीन रक्तदाताओं ने किया एसडीपी दान



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा गर्मी के दिनों में बढ़ती रक्त आवश्यकता एवं जरूरतमंदों को होने वाली परेशानियों को देखते हुए त्वरित रक्त समाधान का प्रयास किया जा रहा है, जिस क्रम में आज रेड क्रॉस के कम्पोनेन्ट डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह की देखरेख में 1 रेयर ग्रुप ए निगेटिव के जरूरतमंद के लिए रक्तदान के साथ ही 3 जरूरतमंदों को सिंगल डोनर प्लेटलेट्स उपलब्ध कराया गया। टाटा स्टील कर्मी आकाश कुमार ने आज रेड क्रॉस के अनुरोध पर ए निगेटिव रक्तदान किया, जो एक जरूरतमंद के जीवन के लिए अतिआवश्यक था, इसी क्रम में दिनेश कुमार सिंह जो कि टाटा स्टील कर्मी व टाटा वर्कर्स यूनियन कमिटी मेम्बर भी है, उन्होने मानवता का परिचय देते हुए आज अपना 19वां एसडीपी दान किया, नियमित रक्तदान में 14 रक्तदान के साथ उन्होने 33 रक्तदान पूरा किया है, इसी क्रम में ए आलम ने अपने 21वें एसडीपी दान के साथ 24 नियमित रक्तदान से 45वां रक्तदान पूरा किया, वहीं टाटा स्टील सुरक्षा विभाग में कार्यरत युवा व हर समय दूसरों को जीवनदान देने के लिए एसडीपी डोनेशन को तैयार रहने वाले सौमेन्द्र बस्तिया ने 16वीं बार एसडीपी डोनेशन के साथ 32 नियमित रक्तदान के साथ अपना 48 रक्तदान पूरा किया। इस अभियान में रक्तदाताओं के साथ उनके उत्साहवर्धन को एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह उपस्थित थे। रक्तदाताओं का उत्साह बढाने में जमशेदपुर ब्लड बैंक के वरीय चिकित्सक डॉ एलबी सिंह एवं वरीय तकनिशियनों ने रक्तदाताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते हुए उत्साह बढ़ाया।

### अरुणाचल प्रदेश की टीम ने छोटा गम्हरिया आंगनबाडी केंद्र का भ्रमण कर लिया जायजा



**गम्हरिया।** पोषण अभियान योजना के तहत स्थिति का जायजा लेने के लिए अरुणाचल प्रदेश की टीम गम्हरिया प्रखंड पहुंची। इस दौरान टीम के सदस्यों ने प्रखंड के छोटा गम्हरिया आंगनबाडी केंद्र का भ्रमण कर केंद्रों में उपलब्ध आधारभूत संरचना का सत्यापन किया। इसके अलावा उन्होंने केंद्र में नामांकित बच्चों की शिक्षा-दीक्षा तथा केंद्र सरकार से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान टीम द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में साफ-सफाई की व्यवस्था का भी अवलोकन किया। मौके पर टीम के सदस्यों ने बताया कि स्कूल जाने से पूर्व बच्चों को पढ़ाई के लिए मानसिक व बौद्धिक रूप से तैयार किया जा रहा है। प्री-स्कूल कीट्स के माध्यम से बच्चे कई आवश्यक जानकारी हासिल कर रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों पर एएनएम के द्वारा किए जा रहे टीकाकरण कार्य, स्वास्थ्य जांच आदि का भी उन्होंने जायजा लिया। साथ ही, पोषण ट्रेकर में प्रविष्ट लाभुकों का वजन व ऊंचाई का माप लेकर पोषण ट्रेकर में अंकित रिपोर्ट से उसका मिलान किया गया। अपने भ्रमण के दौरान टीम के सदस्यों ने गर्भवती व धातृ महिलाओं से भी बातचीत की और उन्हें मिलने वाली सामग्री के उपयोग व उपभोग की विस्तृत जानकारी उनसे ली। मौके पर सुपोषित ग्राम पंचायत के राज्य स्तरीय टीम के पंचायती राज उपनिदेशक अकोनगतलिबू, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, राज्य समन्वयक, सीडीपीओ गम्हरिया एवं स्थानीय मुखिया उपस्थित रही।

### डिज्नीलैंड मेला का खूब आनंद ले रहे बच्चे



**जमशेदपुर।** भारत का मशहूर फन वर्ल्ड डिजनीलैंड प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी साकची स्थित आमबगान मैदान मे काफी धुम-धाम से चल रहा है। उक्त जानकारी देते हुए फन वर्ल्ड के आयोजक श्री चन्द्रशेखर पर्वत ने बताया कि मेले का इस वर्ष मुख्य आकर्षण सुनामी झुला एवं रिवॉलविंग चेयर झुला एवं सिंगापुर एयरलाईंस जहाज का मुख्य द्वारा आकर्षण का केन्द्र है। इस फन वर्ल्ड (डिजनीलैंड) में मिनी भारत की एक झलक है। जिसे देखने के लिए बच्चे एवं नवजवान सभी उम्र के लोग भारी संख्या में आ रहें हैं। जहाँ हिन्दुस्तान के हर प्रांत के परिधान एवं हेन्डी क्राफ्ट के समान उपलब्ध रहेंगे। इस फन वर्ल्ड (डिजनीलैंड) एक ऐसा समूह है जो कि बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराता है।



**प्रमंडलीय आयुक्त से मिले उपायुक्त :** पलामू आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा से पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने की शिष्टाचार मुलाकात।

## स्पीड न्यूज

### डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने पूर्व सीएम व नेता प्रतिपक्ष को दिया पौधा



**मेदिनीनगर।** राज्य के पूर्व सीएम व प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी जी के रांची आवास पर पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने मुलाकात कर उन्हें पलामू आने का आमंत्रण दिया। डॉ कौशल ने इस मुलाकात में पलामू के वर्तमान राजनीतिक सामाजिक और पर्यावरणीय हालातो पर भी चर्चा की। वहीं मुलाकात को यादगार बनाने के लिए पर्यावरण धर्म के प्रावधानों के तहत पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को डॉ कौशल ने दालचीनी का पौधा भेंट कर उनका सम्मान किया।

### कोल्हुआ खुर्द में शिव मंदिर की ढलाई



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के पूर्वडीहा पंचायत में कोल्हुआ खुर्द स्थित शिव मंदिर की ढलाई हो गयी। यह पांच वर्ष पूर्व से बन रहा था। इसमें पूर्वडीहा के पूर्व उपमुखिया नवनीत दूबे, सत्येंद्र दूबे, बिदेश दूबे, सुरेंदनाथ दूबे, भरदुल दूबे, शंभूनाथ दूबे, उपेंद्र दूबे, दिनेश दूबे, मनोज दूबे, प्रवीण दूबे, संजय दूबे, मिथिलेश दूबे, पिंकू दूबे, राजीव दूबे, रिशु, सत्यम सहित दर्जनों लोगों ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया है। करीब 40 घर के इस गांव में यह पहला शिव मंदिर होगा, जिससे खुशी का माहौल है।

### विधायक की पहल पर लगा ट्रांसफार्मर



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** प्रखंड के ग्राम कुंदरी में ट्रांसफार्मर जल गया था। पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के प्रयास से अविलंब बिजली विभाग के पदाधिकारी से बात कर ट्रांसफार्मर दिलवाया गया। इससे कुंदरी के ग्रामीणों में खुशी है। मौके पर उपस्थित संतोष वर्मा, अशोक साव, आलिम समेत कई लोग उपस्थित थे। ग्रामीणों ने पांकी विधायक को इस कार्य के लिए बधाई दी है।

### गुरबीर के अध्यक्ष बनने पर दी बधाई



**मेदिनीनगर।** वरिष्ठ लायन इंद्रजीत सिंह डिंपल ने लायंस क्लब मेदिनीनगर जैसी अंतर्राष्ट्रीय सेवा संस्थान सेवा संस्थान के अध्यक्ष बनने पर सरदार गुरबीर सिंह गोलू बाबू को ढेर सारी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आपकी नयी भूमिका में आपको सफलता और संतुष्टि मिले, यही कामना है। आपके नेतृत्व में संस्थान की सेवाएं और भी प्रभावी और व्यापक हों, और आप समाज के लिए और अधिक सकारात्मक बदलाव ला सकें। उन्होंने टीम के सदस्य सचिव प्रियंका साहू आनंद, कोषाध्यक्ष रोहित जैन व सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी, बोर्ड आफ डायरेक्टर के सदस्यों को शुभकामनाएं दी है।

### परीक्षा केंद्र पर मारपीट का वीडियो वायरल



**हुसैनाबाद, पलामू।** सरस्वती विद्या मंदिर जपला नहर मोड़ स्थित परीक्षा केंद्र (जैक 11वीं की परीक्षा) पर मंगलवार को परीक्षा देने आये छात्र के साथ मारपीट करने व कार में उठाकर ले जाने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। हालांकि खबर मन्त्र इस वीडियो की पुष्टि नहीं कर रहा है। लेकिन तेजी से वायरल इस वीडियो में साफ दिख रहा है कि परीक्षा देने आये विद्यार्थी को कुछ लोग खींच कर पीट रहे हैं। वहीं अन्य लोग मूकदर्शक बने हुए हैं।

### शराब घोटाले में दो-चार लोग ही शामिल हों, यह कतई संभव नहीं: अविनाश वर्मा



**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश वर्मा ने राज्य सरकार के प्रमुख पद पर आसीन व आईएएस अधिकारी विनय चौबे समेत कई प्रमुख अधिकारियों को राज्य सरकार की ही जांच एजेंसी एंटी करप्शन ब्यूरो ने गिरफ्तार करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कहा कि अगर यह जांच ईमानदारी से आगे बढ़ी तो इसमें कई बड़े नामों के साथ कई राजनेता भी बंगले झांकते नजर आयेंगे। ऐसे में राज्य सरकार की इस एजेंसी के कार्यों को प्रभावित करने की पुरजोर कोशिश सत्ता में बैठ राज्य के बड़े-बड़े मठाधीशों के द्वारा की जायेगी।

### फाइलेरिया रोग खोज अभियान को लेकर स्वास्थ्य टीम की प्रतिनियुक्ति

**पाटन पलामू।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा फाइलेरिया रोग खोज अभियान के तहत स्वास्थ्य टीम की प्रतिनियुक्ति की गयी है। उन्होंने कहा कि 25 मई से 05 जून तक फाईलेरिया रोग खोज अभियान का आयोजन किया गया है। इसे लेकर पाटन स्वास्थ्य केंद्र में भी कार्यक्रम चलाया जायेगा। इसमें एमटीएस उदय चौधरी, एलटी बबलु कुमार, विजय मेहता, एमपीडब्लू सचिन कुमार, चालक योगेंद्र सिंह, किशुनपुर व हिसरा बरवाडीह ग्राम से संबंधित बीटीटी, सहिया साथी शामिल है।

### मेदिनीराय तीरंदाज एकेडमी की बैठक



**मेदिनीनगर।** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नीलांबर पीतांबर व राजा मेदनीराय की विरासत बचाने और पारंपरिक कला कौशल को पुनर्जीवित करने के लिए राजा मेदनीराय तीरंदाज एकेडमी की बैठक दाऊद केरकेट्टा की अध्यक्षता में हुई। इसमें कई प्रस्ताव पर सहमति बनी। एकेडमी की कमेटी गठित की गयी। अविनाश देव मुख्य संरक्षक, संतोष कुमार कराटे प्रशिक्षक सह संरक्षक, बालकिशुन उरांव अध्यक्ष, सतीश कुमार महा सचिव, दाऊद केरकेट्टा कोषाध्यक्ष, धर्मेंद्र चंद्रवंशी उपाध्यक्ष बनाये गये।

# कुछ दवाओं की गुणवत्ता ठीक नहीं थी ऐसी दवा का हो रहा है वितरण: सीएस

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में दवा कंपनी द्वारा सप्लायर के माध्यम से जो दवा सप्लाई की गई थी उसकी गुणवत्ता पर मुझे कुछ संदेह हुआ। जिसकी जांच के लिए ड्रग इंस्पेक्टर के माध्यम से केल्शियम की 32 बैच का 32 सैंपल को प्रयोगशाला में भेजा गया। जिसमें कुछ दवाओं का गुणवत्ता पूर्ण नहीं पाया गया। शेष 11 दवा सही पाया गया जिसका वितरण जिले में किये जा रहे हैं। उक्त बातें सिविल सर्जन डा अनिल कुमार ने अपने सभाकक्ष में प्रेस वार्ता कर कही। उन्होंने कहा कि गुणवत्ताहीन दवा को दवा कंपनी वापस लेने को तैयार हो



जानकारी देते सिविल सर्जन।

गया है। इस संबंध में सिविल सर्जन ने कहा कि जब बहुत ज्यादा दवा खरीदने की अनुमति प्राप्त हुआ था तब मुझे इसकी गुणवत्ता की जांच कराने का मन हुआ। जिसकी जांच करायी गयी। उन्होंने कहा कि पलामू जिला में दो करोड़ 15 लाख का दवा क्रय किया गया था जिसका भुगतान भी कर दिया गया है। उन्होंने जिलेवासियों से कहा कि सरकारी दवा के प्रति कोई किसी तरह का असमंजस की स्थिति में नहीं रहें। कारण कि सरकार दवा जनहित को ध्यान में रखते हुए उत्तम स्वास्थ्य का लाभ जिले समेत प्रखंडवासियों को प्राप्त हो इसके लिए सरकार भी गंभीरता पूर्वक दवा कंपनियों का चयन करता है। इसके बाद ही दवाओं का सप्लाई होता है। उन्होंने मौसम के उतार चढ़ाव पर कहा कि इस मौसम में लोगों को विशेष रूप से सावधानी बरतने की जरूरत है। कारण कि मौसम के अनुसार कभी तेज धूप व गर्मी तो कभी नमी का मौसम होता है इसलिए लोग खान पान व रहन सहन पर विशेष ध्यान रखें। खाना खाकर ही घर से बाहर निकलें। तरल पदार्थ व पानी का सेवन हमेशा करते रहें।

# पांकी विधानसभा क्षेत्र में कई विकास योजनाओं का किया गया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**पांकी/ नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के निर्देश पर जिला व प्रखंड के विधायक प्रतिनिधियों ने कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। पांकी विस क्षेत्र के प्रखंड पांकी में कल्याण विभाग से पंचायत अंबाबार के हल्दी मिनहाई में गमहेल स्थल की चहारदीवारी निर्माण व ढुब पंचायत के कोल्हुआ में गमहेल देव स्थल की चहारदीवारी निर्माण, नीलांबर-पीतांबरपुर के पंचायत पिपरा खुर्द के असल पहाड़ी में गमहेल स्थल के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता



योजनाओं के शिलान्यास के मौके पर उपस्थित विधायक के प्रतिनिधि।

एवं विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं नारियल फोड़ शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि पांकी विधायक डॉ मेहता के नेतृत्व पांकी विस क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है। मौके पर नीलांबर-पीतांबरपुर के विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, पांकी प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, लोहरसी मंडल अध्यक्ष रौशन सिंह, जसवंत कुमार, राजेंद्र पासवान, जयकिशोर गुप्ता, निर्भय पासवान, अमरेश तिवारी, कार्तिक सिंह, विधायक मीडिया प्रभारी राकेश कुमार वर्मा उर्फ सोनू व कई गणमान्य थे।

# खेल से बढ़ती है शारीरिक दक्षता मानसिक एकाग्रता: पूर्व चेयरमैन

- समता स्कूल में अंतर विद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल खेला गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद, पलामू।** शहर के अमन चैन मोहल्ला स्थित समता स्कूल परिसर में अंतर स्कूल कबड्डी खेल प्रतियोगिता का फाइनल कबड्डी मैच का आज फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें समता स्कूल के छात्र एवं छात्राएं। सक्सेस स्कूल के छात्र एवं छात्राओं को डे बोर्डिंग प्लेयर के बीच खेला गया। जिसमें डे बोर्डिंग प्लेयर प्रथम स्थान तथा सक्सेस स्कूल दूसरे स्थान पर तथा



खिलाड़ियों को सम्मानित करते पूर्व चेयरमैन व अन्य।

समता स्कूल के बच्चे तृतीय स्थान पर रहें। खेल का आरंभ बतौर मुख्यातिथि नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार खेल प्रेमी मनोज शर्मा, विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ अक्षय कुमार चौहान ने सभी खिलाड़ियों से परिचय करते हुए उत्साह तालियों के सुरुआत किया। इस प्रतियोगित के सभी प्रतिभागियों छात्र एवं छात्राओं को मेडल पहनकर सम्मानित किया गया मौके पर श्री शशि ने कहा कि कबड्डी खेल हमारे पुराने खेलों में से एक है जिसमें शारीरिक दक्षता के आधार पर खिलाड़ियों को चयन किया जाता है। खेल से शारिरक दक्षता के साथ मानसिक एकाग्रता आपसी समरसता बढ़ता है। डॉ अक्षय चौहान ने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए हार और जीत दोनो एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। सभी खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत व बल का प्रयोग करते हुए बेहतर प्रदर्शन किया हैं। मौके पर राहुल चौहान, गोविंद कुमार समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# बीडीओ ने दो लाख तक के केसीसी ऋण माफी योजना के वाहन को किया रवाना

- केसीसी धारक किसानों को पासबुक, आधार कार्ड तथा राशन कार्ड से एक रुपये का ई केवाईसी प्रजा केंद्र से कराना पड़ेगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** सतबरवा बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने किसान क्रेडिट कार्ड से लोन लेने वाले किसानों के दो लाख तक का केसीसी ऋण माफी योजना का हरी झंडी दिखाकर शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय से रवाना किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि यह अभियान 20 मई से लेकर 24 जून तक चलेगा। इसमें केसीसी धारक किसानों को पासबुक, आधार कार्ड तथा राशन कार्ड से एक रुपये का ई केवाईसी प्रजा केंद्र से कराना पड़ेगा। प्रखंड कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार ने



केसीसी ऋण माफी योजना के वाहन को रवाना करते पदाधिकारी।

बताया कि 2,00,000 तक का किसान क्रेडिट कार्ड का ऋण माफ होगा। यह योजना झारखंड सरकार के कृषि पशुपालन सहकारिता कृषि ऋण माफी योजना के तहत किसानों के लिए है। इस दौरान अंचल निरीक्षक अनीश कुमार सिंह, राजस्व उपनिरीक्षक विकास कुमार मिंज, कंप्यूटर ऑपरेटर जितेंद्र कुमार, ब्लॉक टेक्निकल मैनेजर वरुण सिंह यादव, बकोरिया के पाहन बिगन सिंह खरवार के साथ ग्रामीण पुलिस और बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता मौजूद थे।

# एक जून को प्रस्तावित संविधान बचाओ रैली की सफलता पर चर्चा

- कांग्रेस के सभी प्रखंड अध्यक्षों की बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में सभी प्रखंड अध्यक्षों के साथ जिला कार्यालय में बैठक हुई। जिसका संचालन कार्यालय प्रभारी जितेंद्र कमलापुरी ने किया। बैठक में 1 जून को प्रस्तावित संविधान बचाओ रैली की सफलता पर विचार विमर्श हुआ। श्री पाठक ने बताया कि 1 जून को 11 बजे टाउन हॉल से रैली प्रारंभ होगी। जिसकी सफलता के लिए जिला के पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड अध्यक्षों को दायित्व का बंटवारा किया गया है। अधिक से अधिक संख्या में



लोगो की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संविधान बचाओ रैली से केंद्र सरकार को यह बता दिया जायेगा कि संविधान से छेड़छाड़ कांग्रेस कतई नहीं बर्दाश्त करेगी। जाति जनगणना केंद्र सरकार जल्द से जल्द कराये।

# नगर आयुक्त जावेद हुसैन ली लायंस क्लब की सदस्यता

- शहर में स्वास्थ्य, स्वच्छता व हरियाली को लेकर हुई कई महत्वपूर्ण घोषणाएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर आयुक्त जावेद हुसैन शुक्रवार को लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के सदस्य बन गये। मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने उन्हें क्लब की सदस्यता दिलायी। समारोह के दौरान डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने लायंस क्लब के उद्देश्य, सामाजिक दायित्व और कार्यपद्धति पर प्रकाश डाला। बताया कि लायंस क्लब न केवल सामाजिक सेवा का प्रतीक है, बल्कि यह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु सतत रूप



से कार्य करता रहा है। कार्यक्रम में आगामी परियोजनाओं पर भी चर्चा हुई। डॉ सिद्धार्थ ने बताया कि लायंस क्लब मेदिनीनगर एक विशाल सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण और औचक हृदयाघात से बचने के तरीकों पर कार्यक्रम आयोजित करेगा।

### अधिकारियों ने दूसरे दिन भी जांचे फर्जी चिकित्सालय



**हरिहरगंज पलामू।** विभागीय निर्देश पर शहरी क्षेत्र में दूसरे दिन शुक्रवार को भी फर्जी चिकित्सालय की जांच हुई। बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल प्रसाद तथा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बिहार सीमा के समीप मेन रोड स्थित आयुष हॉस्पिटल की जांच की। टीम ने कर्मियों से कागजात तथा चिकित्सक के बारे में पूछताछ की। हॉस्पिटल संचालक सर्जन डॉ पुष्पेंद्र कुमार ने हॉस्पिटल संबंधित कागजात टीम को दिखायी। बीडीओ ने बताया कि फर्जी चिकित्सालय के खिलाफ जांच जारी रहेगी। मौके पर बीपीएम संजय सिंह, एस आई सतीश गुप्ता, सुनील कुमार व कई पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

### सतबरवा : तीन जगहों पर जावा महुआ नष्ट



**सतबरवा पलामू।** पुलिस ने अभियान चला कर शुक्रवार को सतबरवा थाना क्षेत्र में अवैध महुआ चुलाई के विरुद्ध में कार्रवाई कर तीन जगहों पर जावा महुआ को नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस ने थाना क्षेत्र के लहलहे पंचायत के भोगू और कसिया गांव में अभियान चलाकर करीब 300 किलो जावा महुआ को नष्ट कर दिया है। बताया कि शराब बनाने के लिए महुआ को तैयार किया जा रहा था। थाना प्रभारी राणा ने बताया कि गुरुवार को बकोरिया पंचायत के ग्राम कसियाडीह में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाकर 150 किग्रा से ज्यादा जावा महुआ को नष्ट कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान में एसआई अमित कुमार उपाध्याय के साथ पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### हैदरनगर में आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका पद पर चयन हेतु आम सभा की तिथि निर्धारित

**हैदरनगर पलामू।** डीडीसी के निर्देश पर बाल विकास परियोजना कार्यालय, हैदरनगर ने प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविका एवं सहायिका के रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया आम सभा से कराने हेतु पत्र जारी कर दिया है। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सह चयन समिति के अध्यक्ष विश्व प्रताप मालवा की अध्यक्षता में ये आम सभाएं की जायेंगी। इसका समय सभी स्थानों पर पूर्वाह्न 11 बजे तय है। इसके तहत विभिन्न पंचायतों के चयन स्थलों की तिथि और विवरण इस प्रकार है : विदुबिगहा (सहायिका), पंचायत : हैदरनगर पश्चिमी में 02 जून, गंजपर (सहायिका), पंचायत: हैदरनगर पूर्वी में 03 जून, झरी (सहायिका), 04 जून, लपेया (सहायिका), 05 जून, सजवन सलेमपुर 1 (सहायिका) 06 जून और बरेवा-2 आंगनबाड़ी केंद्र पर सेविका का चयन 09 जून को आमसभा में होगी। इसकी जानकारी संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों, वार्ड सदस्यों, चिकित्सा पदाधिकारी, थाना प्रभारी, बीडीओ, एसडीओ, डीडीसी एवं उपायुक्त पलामू सहित सभी संबंधित पदाधिकारियों को दे दी गई है।

## प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने केसीसी ऋण के लिए किसानों को किया जागरूक

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के सभी कृषक व प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना से आच्छादित किसानों को के सी सी से आच्छादित करने के लिए जिला कृषि पदाधिकारी दीपक वर्मा के निर्देश पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिवनारायण उरांव ने केसीसी प्रचार प्रसार के लिए गांव-गांव जाकर फार्म उपलब्ध कराकर किसानों को जागरूक किया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रखंड के किसानों को केसीसी से आच्छादित करने



और किसानों का ब्लॉक चैन सिस्टम में पंजीकृत हेतु जरूरी दिशा निर्देश दिये। श्री उरांव ने बताया कि खरीफ मौसम आने से पूर्व प्रखंड के 1000 किसानों को केसीसी का लाभ दिलाने का लक्ष्य है। श्री उरांव ने बताया कि मई का अवधि विस्तार कर जून में भी प्रत्येक मंगलवार को विशेष केसीसी शिविर लगाया जायेगा।

## सब जूनियर खो - खो बालक बालिका चयन प्रतियोगिता 27 मई को

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला खो खो एसोसिएशन 27 मई को जीएलए एथलेटिक्स स्टेडियम में प्रातः 7 बजे से जिला स्तरीय सब जूनियर खो-खो चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसमें पलामू जिला के कोई भी स्कूल, क्लब के बालक बालिका भाग ले सकते हैं। बेस्ट परफॉर्मेंस के आधार पर खिलाड़ियों का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुना जायेगा। चयनित खिलाड़ियों को 4 जून से हजारीबाग के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

## अब आशी केयर अस्पताल रेड़मा में भी होगा बांझपन का इलाज: मनीष तिवारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** निःसंतान दंपतियों के लिए अवेटा हॉस्पिटल आईवीएफ (रांची) की चिकित्सकीय टीम निःशुल्क परामर्श शिविर 24 मई (शनिवार) को सुबह 11 से 02 बजे तक लगायेगी। इसकी जानकारी आशी केयर हॉस्पिटल के निदेशक मनीष तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि अब बांझपन का ईलाज आशी केयर अस्पताल रेड़मा में किया जायेगा। इस शिविर में निःसंतान दंपति

निःशुल्क परामर्श शिविर आज



आकर निःशुल्क परामर्श का लाभ उठाये और अपने ही शहर के सबसे अत्याधुनिक अस्पताल आशी केयर अस्पताल, पांकी रोड, रेड़मा में आईवीएफ एवं आईयूआई तकनीक से संतान प्राप्ति का सुख प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि लोग पंजीयन के लिए नंबर 9060604072 पर संपर्क कर सकते हैं।

# टंडवा निवासी स्व शिवनाथ सिंह की 33वीं पुण्यतिथि मनायी गयी



शिवनारायण सिंह की 33वीं पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित उनके परिजन व अन्य गणमान्य लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** प्रखंड के ग्राम टंडवा के स्व शिवनारायण सिंह की 33वीं पुण्य तिथि मनायी गयी। मौके पर सगुना मोड़ पर स्थापित स्व सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि स्व सिंह ने समाज के लिए जो कार्य किया है उसे लोग सदैव याद रखेंगे। उनकी कृति हमेशा अमर रहे। मौके पर पाटन पश्चिमी के जिला पार्षद सदस्य संग्राम सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य मुक्तेश्वर पांडेय, पूर्व मुखिया अखिलेश कुमार पांडेय, राम विनय पांडेय, महेंद्र पांडेय, श्याम देव सिंह, विजय पांडेय, झुलन प्रजापति, अमरदेव सिंह, ब्रह्मदेव सिंह समेत कई लोग शामिल थे।

# लहलहे की श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कृष्ण लीला का हुआ वर्णन

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** लहलहे में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक पंडित स्वामी मारुति किंकर जी महाराज ने भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला का वर्णन सुनाया। इस दौरान आकर्षक झांकियां भी निकाली गईं। स्वामी मारुति किंकर जी महाराज ने कहा कि भगवान कृष्ण के अवतरित होने के बाद मौत के घाट उतारने के लिए अपने मामा कंस ने सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। पूतना वेश बदलकर भगवान श्रीकृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है लेकिन भगवान श्रीकृष्ण उसको मौत के घाट उतार देते हैं। उसके बाद कार्तिक माह में



कार्यक्रम में उपस्थित लोग और कथा सुनाते किंकर जी महाराज (इनसेट)।

ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने की तैयारी करते है। भगवान कृष्ण ने उनको भगवान इंद्र की पूजन करने से मना कर गोवर्धन महाराज की पूजन करने की बात कहते हैं। इंद्र भगवान उन बातों को सुनकर क्रोधित हो जाते हैं। वह अपने क्रोध से भारी वर्षा करते हैं।

- मौके पर आयोजक विवेकानंद त्रिपाठी, मृत्युंजय तिवारी छोटू, ब्रजेश तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, गोडारी बिक्रमगंज बिहार सांसद प्रतिनिधि, रमेश दियांश भूटान विजलिस, रामानुज तिवारी, चक्रवर्ती तिवारी, पप्पू सिंह, संजय त्रिपाठी, कामख्या सिंह, सुधीर सिंह, जेपी सिंह, राणा सिंह, वीरेंद्र सिंह, रविन्द्र तिवारी, प्रवीण तिवारी, अनूप तिवारी, अमीत तिवारी, सुरेंद्र शुक्ला, विनोद तिवारी व आशीष तिवारी उपस्थित थे।

# वज्रपात से पीड़ित परिवारों के घर पहुंची डीएलएसए की टीम

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के मेराल प्रखंड के लखेया और रेजो गांव में हाल में वज्रपात से हुई तीन लोगों की मौत के बाद, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की टीम ने शुक्रवार को पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। यह दौरा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष नलिन कुमार व सचिव निभा रंजन लकड़ा के निर्देश पर किया गया। टीम ने मृतक शंभू बैठा (ग्राम लखेया), धर्मेंद्र राम (ग्राम रेजो) और डॉ लालमोहन के परिजनों से मिलकर दुख साझा किया। इस दौरान मृतक धर्मेंद्र राम की पत्नी सुनीता देवी और उनके बेटे सुमित कुमार को स्पॉन्सरशिप योजना और सरकारी राहत मुआवजा की विस्तृत जानकारी दी गई। टीम ने बताया कि सरकार की आपदा राहत योजना के तहत प्रत्येक मृतक के परिजन को सहायता राशि दी जाती है। इसके लिए जरूरी दस्तावेज जल्द तैयार कराने में मदद दी जाएगी। मौके पर पीएलवी सुधीर चौबे, रामाशंकर चौबे, राम एकबाल चौबे, संगीता सिन्हा, तृप्ता भानु आदि उपस्थित थे।



पीड़ित परिवारों के साथ पीएलवी

## सड़क निर्माण के दौरान पाइपलाइन कटने से उत्पन्न हो रही पेयजल संकट

**गढ़वा।** नगर परिषद क्षेत्र में शंखा से खजुरी तक बनाये जा रहे चौड़ीकरण सड़क के दौरान पेयजलापूर्ति पाइपलाइन के क्षतिग्रस्त होने से पेयजलापूर्ति बाधित हो रही है। इसे लेकर नगर परिषद प्रषासन गंभीर है। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुषील कुमार ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य के दौरान बार-बार पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो रही है, जिससे शहरवासियों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। सड़क निर्माण कंपनी को हिदायत दी गई है कि सड़क निर्माण के दौरान जहां भी पेयजलापूर्ति की पाइपलाइन दिखती है उसे बगैर सूचना के न हटायें। इसके लिए वे नगरपालिका एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से संपर्क स्थापित करें। ताकि पेयजलापूर्ति बाधित हुए बिना सड़क निर्माण का कार्य होता रहे।

# झामुमो ने विधायक पर किया छह आरोपों से प्रहार, जारी किया रिपोर्ट कार्ड

### झामुमो का लापता विधायक खोजो कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झामुमो नेताओं ने इन दिनां गढ़वा के भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी पर आरोपों का बौछार तेज कर दिया है। झामुमो नेता विधायक को क्षेत्र से गायब होने का आरोप लगा रहे हैं। वहीं उनके छह माह के कार्यकाल के दौरान कोई भी विकास कार्य नहीं होने का ढिढोरा पीट रहे हैं।

शुक्रवार को झामुमो नेताओं ने गढ़वा जिला मुख्यालय के रंका मोड़ पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें लगाये गए बैनर में विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के विभिन्न पोजां की तस्वीर लगाई गई थी। जबकि उस बैनर पर निवेदक अथवा आयोजक का नाम अंकित नहीं था, लेकिन उस बैनर के सामने झामुमो के नेता जरूर बैठे हुए थे। झामुमो नेताओं ने राहगीरों के बीच एक पंपलेट का भी वितरण किया। पंपलेट की हेडिंग विधायक का छह महीने में छह उपलब्धि अंकित था। उसके नीचे विधायक की एक तस्वीर प्रिंट करायी गई थी। जिसमें सत्येंद्र नाथ तिवारी को अपने उनके दोनों हाथों से कान पकड़े हुए दषार्या गया है। पंपलेट में छह प्वाइंट भी अंकित हैं। जिसमें विधायक के क्षेत्र से गायब रहने, ठगी करने, घटना दुर्घटना के दौरान भी जनता से कोई मतलब नहीं रखने, लूट खसोट एवं कमीषन खोरी में सहयोग के लिए दबाव बनाने सरीके आरोप अंकित हैं। इस मौके पर झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्य धीरज दुबे ने पंपलेट में अंकित तथ्यों में मीडिया के समक्ष रखा। मौके पर जिला अध्यक्ष शंभु राम, सचिव शरीफ अंसारी, केंद्रीय सदस्य जवाहर पासवान, तनवीर आलम, जिला कोषाध्यक्ष चन्दन जायसवाल, फुजैल अहमद, दीपमाला कुमारी, राजा सिंह, रौशन पाठक, सुनील गौतम, मनोज तिवारी, सलीम जफर, रविन्द्र तिवारी, अविनाश दुबे, कार्तिक पांडेय, फैजुल अंसारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



रिपोर्ट कार्ड जारी करते झामुमो नेता

## केसलपुर कुम्हार टोला के लोगों ने उपायुक्त से किया फरियाद

**कतरास।** वेस्ट मोदीडीह कोलियरी के काँटा पहाड़ी आउट सोसिंग पैच से कुछ दूरी पर अवस्थित केसलपुर कुम्हार टोला को निवासी अपने जान माल पर उत्पन्न खतरे आशंका से दहशत में जी रहे हैं। मोहल्ले में लगातार प्रदर्शन के बाद शुक्रवार को मोहल्ले की महिलाएँ उपायुक्त कार्यालय पहुंची और अपनी समस्या से अवगत कराते हुवे लिखित शिकायत सौंपी। रामकनाली ओपी क्षेत्र अंतर्गत स्थित इस टोले में करीब 164 घरों में लगभग पांच सौ से अधिक लोग निवास करते हैं। टोला से करीब ढाई सौ मीटर दूरी पर खनन का कार्य चल रहा है। उनका कहना है कि कई बार भू-धंसान की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन बीसीसीएल प्रबंधन इनके विस्थापन को लेकर ठोस पहल नहीं कर रही है। स्थानीय निवासियों को न तो कोई मुआवजा मिला है और न ही उन्हें सुरक्षित स्थान पर विस्थापित किया गया है। अब यह देखना होगा कि जिला प्रशासन इस गंभीर समस्या को कितनी तत्परता से संज्ञान में लेता है और किस तरह की कार्रवाई करता है।


**कार्यालयः जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा**
Email ID :- cs.koderma4@gmail.com

**Walk in Interview**

नगर परिषद, झुमरीतिलैया, नगर पंचायत, कोडरमा एवं नगर पंचायत डोमचाँच के शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थय) के तहत संचालित किए जाने वाले Poly Clinic तथा Urban Aayushman Arogya Madnir (UAAM) के संचालन हेतु विशेषज्ञ चिकित्सकों/चिकित्सा पदाधिकारी की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 30.05.2025 को सिविल सर्जन कार्यालय, कोडरमा में पूर्वाह्न 11:00 बजे **Walk in Interview** निम्न विवरणी के अनुसार निर्धारित किया गया है।

| क्र.सं. | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|
| 1 | विशेषज्ञ चिकित्सकों हेतु | |
| | शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सह पॉलिक्लिनिक, गुमो एवं करिहा | Medicine, Obs & Gynae, Paediatrics, Ophthalmology, Dermatology, and Psychiatry<br>उपरोक्त पदों हेतु आवश्यकतानुरूप विशेषज्ञ चिकित्सकों का चयन किया जाएगा। |
| | विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल काउन्सिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री एवं उपरोक्त वर्णित विषयों में P.G Degree अथवा Speciality |
| | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष |
| | मानदेय | Negotiable at the time of interview. मानदेय का भुगतान उनके द्वारा प्रति घंटा किये गये कार्यों के आधार पर किया जाएगा। |
| | कार्य का समय | 09.00 बजे पूर्वाह्न से 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 2 | चिकित्सा पदाधिकारी हेतु | |
| A | Urban Aayushman Arogya Madnir वार्ड नं0 13 पाण्डेटोला कोडरमा एवं झुमरीतिलैया वार्ड नं0 03, नगर पंचायत डोमचाँच वार्ड नं0 05 शिवसागर | नियुक्त किये जाने वाले चिकित्सा पदाधिकारी की संख्या– 03 |
| B | चिकित्सा पदाधिकारी हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल काउन्सिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री। |
| C | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष |
| D | मानदेय | रू0 63000.00 प्रत्येक माह। |
| E | कार्य का समय | 09.00 बजे पूर्वाह्न से 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 3 | सूचीबद्ध किये गये विशेषज्ञ चिकित्सकों/चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा भविष्य के लिए नियमितीकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 4 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |

इच्छुक उम्मीदवार Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा एवं सभी मूल प्रमाण–पत्र तथा इसके छाया–प्रति के साथ सिविल सर्जन कार्यालय, कोडरमा में **दिनांक 30.05.2025 को पूर्वाहन् 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक** उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें।

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, DHS, कोडरमा

PR 353352 (Health Med Edu and Family Welfare)25-26*D


# ज्ञान निकेतन में समर कैंप का समापन

### बच्चों को मिला मंच, सम्मान और अनुभव

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में जूनियर वर्ग के समर कैंप का समापन एवं सम्मान समारोह उत्सवमय माहौल में आयोजित हुआ। यह समर कैंप ग्रीष्मावकाश के दौरान जूनियर छात्रों के लिए रचनात्मक, बौद्धिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से उनके सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया था। समर कैंप के दौरान बच्चों ने डांस, सिंगिंग, स्टोरी टेलिंग, पेंटिंग, योग, ड्रामा, खेल, क्विज आदि गतिविधियों में भाग लिया। मौके पर विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने समर कैंप के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह बच्चों के जीवन में आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सहयोग की भावना को विकसित करता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के शिविर बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को उजागर करने और नवाचार के लिए मंच प्रदान करते हैं। सम्मानित बच्चों में शानवी, सौम्या, ऋषभ, आरुष, आराध्या, शिवांगी, शिवांशी, जानवी, अंशु, देवराज, आर्यनंदिनी, हिमांशी, आकृति, आयुष, बिट्ठू, अनुष्का, सेजल, रोहन, आर्यन, अजीत, सीटू पाल आदि का नाम शामिल है। उन्हें प्रशस्ति पत्र, मेडल और मंच पर सराहना मिली, जिससे उनका मनोबल और बढ़ा। मौके पर उपप्राचार्य बीके ठाकुर, वीरेंद्र शाह, कृष्ण कुमार, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, विकास कुमार, ऋषभ श्रीवास्तव, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, नीलम कुमारी, सुनीता कुमारी, रागिनी कुमारी, पूजा प्रकाश, संतोष प्रसाद आदि लोग उपस्थित थे। मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के दशम वर्ग के छात्र-छात्राओं ने किया।




बच्चों के साथ निदेशक

## करंट से सहिया घायल, अस्पताल में भर्ती

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत मकरी पंचायत के बसेरीयालेवा गांव की सहिया अमृता देवी करंट की चपेट में आकर घायल हो गईं। घटना उस वक्त हुई जब वह किसी कार्यवश सामुदायिक अस्पताल भवनाथपुर आने की तैयारी में कागजात निकाल रही थीं। इसी दौरान उनका हाथ अचानक एक कटे हुए विद्युत तार से छू गया, जिससे उन्हें जोरदार करंट लगा और वे मौके पर ही घायल हो गईं। परिजनों ने उन्हें त्वरित इलाज के लिए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉ रंजन दास की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है।

# विस्थापन की समस्या पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



जानकारी देते पीएलवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में जिले के रंका प्रखंड के विश्रामपुर पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने कहा कि झारखंड के आदिवासी समुदाय को आजादी से पहले से ही विस्थापन की मार झेलनी पड़ी है। विश्रामपुर पंचायत के बहुत से लोग आज भी आजीविका की तलाश में अपने पैतृक स्थानों को छोड़ अन्य राज्यों या जिलों में जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर विस्थापन की एक मजबूत और व्यावहारिक नीति नहीं बनी, तो आने वाले समय में जल, जंगल और जमीन से जुड़े अधिकारों पर संकट और गहराएगा। पीटर पन्ना ने कुटकू डैम परियोजना का विरोध किया और कहा कि इसके कारण काफी संख्या में बाहरी लोग गांव में बसने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे मूल निवासी आदिवासी समुदाय पर दबाव बढ़ रहा है। उन्होंने चेताया कि इससे न केवल प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव पड़ेगा, बल्कि सामाजिक संघर्ष की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है। मौके पर सुनील सिंह, प्रमोद यादव, राजेश लकड़ा, सुरेश कोरवा, फिल्म लकड़ा, पारस लकड़ा, मनीष लकड़ा, विनोद लकड़ा सहित कई स्थानीय ग्रामीणों उपस्थित थे।

# मुखिया ने कराई चापाकलों की मरम्मत

- पंचायत क्षेत्र के हर वार्ड में खराब चापाकलों की मरम्मत सुनिश्चित की जायेगी ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ और सुचारु पेयजल उपलब्ध हो सके
- अन्य बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, जलनिकासी, रोशनी और शिक्षा को लेकर भी कार्य योजना तैयार की गयी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत अरसली उत्तरी पंचायत में पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को राहत देने की दिशा में पंचायत की मुखिया इशरत जहां ने एक सराहनीय पहल करते हुए पंचायत के विभिन्न हिस्सों में खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत कराई है। मरम्मत का कार्य राजदेव प्रजापति, ऋतिक चंद्रवंशी, सुकठ प्रजापति, आनंद साह, बैजनाथ राम के घर के समीप स्थित चापाकलों से शुरू किया गया।

मुखिया इशरत जहां ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से खराब पड़े चापाकलों की सूची तैयार कर मरम्मत का कार्य शुरू किया गया है।

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ शुरूआत है, आगे भी पंचायत क्षेत्र के हर वार्ड में खराब चापाकलों की मरम्मत सुनिश्चित की जाएगी ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ और सुचारु पेयजल उपलब्ध हो सके। मुखिया ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में पेयजल के साथ-साथ अन्य बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, जलनिकासी, रोशनी और शिक्षा को लेकर भी कार्य योजना तैयार की गई है, जिसका चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वयन किया जाएगा।



मरम्मत करते लोग

# डीवीसी के उदासीन रवैया पर डीडीसी ने जताई नाराजगी

## एनओसी नहीं मिलने से जलापूर्ति योजना में आ रही है रुकावट

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** शहरी एवं ग्रामीण जलापूर्ति योजना को लेकर समाहरणालय में शुक्रवार को डीडीसी सादात अनवर एवं नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने डीवीसी तथा झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (जुडको) के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। योजनाओं में हो रहे विलंब की समीक्षा की। जिसमें जुडको के पदाधिकारियों ने बताया कि नगर विकास विभाग की निरसा - गोविंदपुर ग्रामीण जलापूर्ति सहित तीन योजना के लिए डीवीसी से एनओसी नहीं मिलने से योजना आगे नहीं बढ़ रही है। साथ ही पीएचईडी 1 की योजना के लिए भी डीवीसी एनओसी नहीं दे रहा है।जुडको के पदाधिकारियों ने बताया कि सड़क उपयोग, संशोधित इंटेक वेल स्थान, सॉईल टेस्टिंग तथा पाइपलाइन बिछाने के लिए डीवीसी से एनओसी नहीं मिला है। जबकि कंपनी ने वाटर चार्ज के एवज में डीवीसी को 3 महीने का अग्रिम भुगतान 8 जून 2024 को किया है। इंटेक वेल के लिए पूर्व में चयनित स्थान पर सॉइल टेस्टिंग भी किया गया। परंतु डीवीसी ने 28 दिसंबर 2024 को स्थल परिवर्तन करने का अनुरोध किया। नए स्थल के लिए एनओसी जारी करने के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज डीवीसी को जमा कर दिए। अब नए स्थल पर सॉइल टेस्टिंग के लिए अनुमति नहीं दे रहे हैं। यदि अनुमति मिल जाए तो मानसून से पहले सॉइल टेस्टिंग पूरा कर लिया जाएगा। डीवीसी के उदासीन रवैया पर नाराजगी प्रकट करते हुए डी डीसी ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वपूर्ण परियोजना के समय पर कार्यान्वयन के लिए संरचना का निर्माण महत्वपूर्ण है।


**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय-उप कृषि निदेशक (पौधा संरक्षण), उत्तरी छोटानागपुर परिक्षेत्र, हजारीबाग।**

**सामयिक सूचना अंक–01/ वर्ष 2025–26**
**टमाटर में लगने वाले कीटो एवं व्याधियों के रोकथाम**

टमाटर में रोपाई से लेकर फसल की कटाई तक बड़ी संख्या में कीट एवं रोग फसल को नुकसान करते है। कीट जैसे फल छेदक, माहू, पत्ती खनिक मकड़ी और सफेद मक्खी । सफेद मक्खी उपज को कम करते है साथ ही ये टमाटर पत्ती कर्ल वायरस जैसे संयंत्र रोगों को फैलाने में मदद करते है।

**टमाटर में लगने वाले कीटो एवं उनके रोकथाम**

1. **टमाटर फल छेदक :–** इस कीट की सूंडिया फलों में छेद करके इनके अंतः पदार्थ को खाती है। इस प्रकार फलो की गुणवत्ता खराब हो जाती है।

प्रबंधन :–
- टमाटर की प्रति 10 पंक्तियों पर फसल ट्रेप के रूप में गेंदा की एक पंक्ति लगाए।
- फेरोमोन प्रपंच 12 प्रति हेक्टेयर की दर से लगाए।
- नीम बीज अर्क 5 प्रतिशत या HaNPV (एन पी बी) 250 मिली प्रति हेक्टेयर की दर से या बेसिलस थुरिंजेंसिस 2 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।
- पक्षी आश्रय 12 प्रति एकड़ की दर से लगाऐ।
- फ्लूबेंडिएमाइड 20 डब्ल्यू जी 5 ग्राम / 10 लीटर या इंडोक्साकार्व एस सी 8 मिली / 10 लीटर या स्पनिटोरियम 11.70% एस सी 5 ग्राम / 10 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

2. **सफेद मक्खी :–** इस कीट के शिशु एवं व्यस्क दोनों ही पत्ती से रस चूसते हैं। जिससे पत्तियाँ मुड़ जाती है और प्रकाश संश्लेषण की क्रिया प्रभावित होती है। सफेद मक्खी पत्ती कर्ल वायरस जैसे रोगों को फैलाने में मदद करती है।

प्रंबधन :–
- पीले चिपचिपे जाल का उपयोग 10 प्रति एकड़ की दर से करें।
- रोपाई से पहले पौधे की जड़ को 30 मिनट तक के लिए इमीडाक्लोप्रिड 1 मिली प्रति 3 लीटर पानी में डुबोकर रखे।
- नीम तेल या नीम अधारित कीटनाशक 2 मिली प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।
- कीट दिखाई देते ही इमिडाक्लोप्रिड 17.8% एस.एल. 1 मिली प्रति 3 लीटर पानी में या थियामेथोक्साम 25% डब्लू जी 1 ग्राम प्रति 3 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

3. **लाही :–** लाही एक रस चसने वाले कीट है। जिससे पत्तियों का मुड़ना, पीला पड़ना, विकास में रूकावट और चिपचिपा हनीड्यू, कालिख जैसी फफूंद मुख्य लक्षण है।

प्रंबधन :–
- पीले चिपचिपे जाल का उपयोग 10 प्रति एकड़ की दर से करें।
- रोपाई से पहले पौधे की जड को 30 मिनट तक के लिए इमीडाक्लोप्रिड 1 मिली प्रति 3 लीटर पानी में डुबोकर रखे।
- नीम तेल या नीम आधारित कीटनाशक 2 मिली प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।
- कीट दिखाई देते ही इमिडाक्लोप्रिड 17.8% एस.एल. 1 मिली प्रति 3 लीटर पानी में या थियामेथोक्साम 25% डब्लू जी 1 ग्राम प्रति 3 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

4. **लाल मकड़ी (Red mite) :–** मकड़ी जैसे लाल रंग घुन, पत्तों के नीचले स्तर से रस चूसते है। जिससे पत्तो का ऊपरी भाग पीले रंग जैसा दिखाई देता है। बाद में पत्ते मुड़कर पूरी तरह से सूख जाता है। जिससे पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

प्रबंधनः–
- कीट दिखाई देते ही स्पाइरोमेसिफेन 22.9% एस.सी 1 मिली लीटर या एबामेक्टिन 1.9 ई.सी 1 मिली लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

5. **पत्ती खनिक या पत्ती सुरंगक (Leaf Miner) :–** यह कीट पत्तों में सुरंग बनाते है, जिससे पत्तियाँ पीली या भूरी हो जाती है और मुरझा जाती है लार्वा पत्तियों के ऊपरी या निचली सतह पर खनन करती है जिससे प्रकाश संश्लेषण प्रभावित होते है और पौधे कमजोर हो जाते है, अतंतः उपज कम हो जाती है।

प्रबंधन :–
- पौधों के प्रभावित हिस्सो को काटकर अलग कर दे। इससे कीटो का प्रसार रोका जा सकता है।
- नीम तेल या नीम आधारित कीटनाशक 2 मिली प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।
- लक्षण दिखाई देते ही इमिडाक्लोप्रिड 17.8% एस.एल. 1 मिली प्रति 3 लीटर पानी में या थियामेथोक्साम 25% डब्लू जी 1 ग्राम प्रति 3 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

**टमाटर में लगने वाले प्रमुख रोग एवं उनके रोकथाम**

1. **अगेती झुलसा रोग :–** रोग का लक्षण पत्तियों पर छोटे– छोटे धब्बे के रूप में दिखाई देता है। प्रारंम्भ में ये बिखरे हुए गोलाकार या कोणीय होते है। धीरे– धीरे पत्तियाँ पीली झुलसी हुई दिखाई देती है और अंततः झड़ जाती है। इससे फल सड़ जाते है और उपज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

प्रबंधन :–
- यह एक मृदाजनित रोग है मिट्टी उपचार करना अति आवश्यक है। मृदाजनित के साथ यह बीजजनित रोग है इसलिए बीज उपचार करना चाहिए। फसल में लक्षण दिखाई देते ही मैकोजेब या रिडोमिल गोल्ड 500–600 ग्राम प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करे। आवश्यकतानुसार दूसरा छिड़काव 15 दिनों के अंतराल में करें।

2. **पछेती झुलसा रोग :–** पहले पौधों के निचली पत्तियों के किनारे पर भूरे रंग के धब्बे बनने शुरू होता है धीर–धीरे धब्बों की परिधि पर रोगजनक कवक की वृद्धि दिखाई देती है। लक्षण पत्तियों के साथ–साथ शाखाओं, तनों एवं फलों पर भी दिखाई देते है। अत्यधिक संक्रमण होने पर फलों पर जैतनी रंग के धब्बे दिखाई देते है जो बढ़कर पूरे फल पर फैल जाते है।

प्रबंधन :–
- यह एक बीज जनित रोग है बीज उपचार करना अति आवश्यक है। लक्षण दिखाई देते ही मैकोजेब या मैकोजेब 64%+ मेटालैक्सिल 4% का मिश्रित या सिमोक्सानिल 8%+ मैकोजेब 64% का मिश्रण 2 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। आवश्कतानुसार दूसरा छिड़काव 15 दिनों के अंतराल पर करें।

3. **सेप्टोरिया पर्णचिती :–** पौधों के निचली सतह पर गोलाकार छोटे–छोटे धब्बे बनते है। जिनका रंग भूरा होता है और पीले रंग से घिरा होता है। धब्बों के बीच में काले बिन्दुनुमा संरचना देखी जाती है जिसे पिकनिडियम कहते है। इसी प्रकार धब्बे शाखाओं एवं तनों पर भी दिखाई देते है।

प्रबंधन :–
- संक्रमित पौधों को काटकर अलग करें।
- लक्षण दिखाई देते ही मैकोजेब 75% डब्लू.पी. 2 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

4. **उगठा रोग :–** यह रोग टमाटर की फसल में मुख्यतः दो रोगजनक के कारण होता है।

I. **कवक (फ्यूजेरिअम) :–** कवक आरंम्भ में जड़ों के माध्यम से पूरे पौधों को संक्रमित करते है। संक्रमित पौधों की शाखाएँ एवं पत्ते पीले हो जाते है। एक गहरे भूरे रंग की संवहनी तने में फैल जाती है, जो तने को काटने पर दिखाई देते है।

II. **जीवाणु (राल्स्टोनिया सोलानेसीरम) :–** जीवाणु विकसित पौधों को तेजी से एवं पूर्ण रूप से मूर्छित कर देते है। जीवाणु संवहनी ऊतक में सीमित रहते है।

संक्रमित पौधे के हिस्सो को जब काटकर साफ पानी में डुबोया जाए तो, कटे हुए सिरे से जीवाणुयुक्त तरल पदार्थ की तरह एक सफेद धार निकलती हुई दिखाई देती है।

प्रबंधन :–
- फसल चक्र को अपनाएँ।
- यह एक मृदाजनित रोग है। इसलिए मिट्टी उपचार करें। बुवाई के 2–3 सप्ताह पूर्व 5 टन प्रति हेक्टेयर सड़ी हुई गोबर की खाद में 5 किलो ट्राइकोर्डमा वीरीडे मिश्रित करके डाले। इस उपचार के बाद मिट्टी में नमी बनाए रखें।
- खेतों की गहरी जुताई करें।
- पौधों को खेतों में लगाने से पहले पौधा की जड़ों को स्यूडोमोनस फ्लोरसेंस 5 ग्राम 1 लीटर की घोल में डुबाएँ।
- पौधों की जड़ों की मिट्टी के आसपास कॉपर आॅक्सीक्लोराइड 30 ग्राम+ स्ट्रेप्टोसाइक्लिन 1 ग्राम प्रति 10 लीटर पानी में घोलकर डाले।

सहायक कृषि निदेशक (पौधा संरक्षण)
उत्तरी छोटानागपुर परिक्षेत्र, हजारीबाग।

PR.NO.353378 Agriculture(25-26):D

# चीन की करतूत

चीनी सरकारी मीडिया भी कुप्रचार व भ्रामक समाचार फैलाने में पाक के साथ खड़ा नजर आ रहा है। अब उसने अपनी नई करतूत अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलकर उजागर की है। हालांकि, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। लगातार तीसरे साल चीन ने भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदला है। चीन अरुणाचल को जांगनान के नाम से दशार्ता है। वहीं इसे तिब्बत के दक्षिणी हिस्से के रूप में होने का दावा करता है। भारत सरकार ने चीन के इन बेतुके दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। भारत सरकार ने फिर से दोहराया है कि अरुणाचल भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था और हमेशा रहेगा। दरअसल, चिंता की बात यह है कि चीन ने यह करतूत ऐसे समय में की है जब पहलगाम हमले और उसके जवाब में सफल ऑपरेशन सिंदूर के चलते भारत-पाक के बीच तनाव कायम है। निश्चय ही इन स्थितियों में चीन का यह भड़काऊ कदम है। भारतीय उपमहाद्वीप में हाल ही में हुई उथल-पुथल के दौरान पाकिस्तान को उसके सदाबहार दोस्त बीजिंग का भरपूर समर्थन मिला है। जिससे पता चलता है कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाने तथा व्यापार-कारोबार बढ़ाने की बात करने वाला चीन भारत के प्रति कैसी दुर्भावना रखता है। ऐसी घटनाएं हमें सतर्क करती हैं कि चीन के साथ मैत्री संबंधों के निर्धारण के दौरान हमें सजग व सचेत रहना चाहिए। अन्यथा चीन पीठ पर वार करने से नहीं चूकने वाला है। इतना ही नहीं वह फिर से भौगोलिक क्षेत्रों के नामों के मनमाने मानकीकरण के साथ आगे बढ़ गया है। लेकिन सवाल इस करतूत के समय का है। जाहिर बात है कि बीजिंग ने ऐसा न केवल चुनौतीपूर्ण समय में भारत का ध्यान भटकाने के लिये किया है, बल्कि पाकिस्तान के साथ एकजुटता दिखाने के लिये भी किया है।

# तिब्बत और शिंजियांग को लेकर चीन का झूठा दावा

**चीन** के सत्ता प्रतिष्ठान की नीति हमेशा से यह रही है कि वह इतिहास को अपने हिसाब से गढ़ता है और उसे एक हथियार की तरह इस्तेमाल करता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण तिब्बत और शिंजियांग जैसे क्षेत्रों पर चीन के ह्यऐतिहासिक अधिकारह्न का दावा है। चीन लगातार यह प्रचार करता आया है कि ये दोनों क्षेत्र प्राचीन काल से उसके अंग रहे हैं, लेकिन जब हम वास्तविक इतिहास और स्वतंत्र स्रोतों को खंगालते हैं, तो यह स्पष्ट होता है कि बीजिंग का यह दावा ऐतिहासिक तथ्यों पर नहीं, बल्कि राजनीतिक उद्देश्य पर आधारित है।

तिब्बत जो कभी स्वतंत्र था1. मंगोल और युआन वंश का बहानाचीन यह दावा करता है कि तिब्बत 13वीं शताब्दी से ही उसका हिस्सा है, जब मंगोल सम्राट कुबलई खान के नेतृत्व में युआन वंश ने चीन और आसपास के क्षेत्रों पर आधिपत्य जमाया था। लेकिन सच्चाई यह है कि युआन साम्राज्य मंगोलों द्वारा स्थापित था, न कि चीनी लोगों द्वारा। तिब्बत ने स्वयं को युआन वंश के अधीन कभी नहीं माना। युआन साम्राज्य एक बहु-राष्ट्रीय प्रशासनिक संरचना थी, जिसमें तिब्बत को धार्मिक केंद्र के रूप में स्वायत्तता दी गई थी।

2. छिंग वंश का नाममात्र नियंत्रण1644 से लेकर 1912 तक का छिंग वंश भी चीन का तिब्बत पर दावा करने का आधार बनता है। लेकिन इतिहासकारों का मानना है कि छिंग वंश का तिब्बत पर प्रभाव नाममात्र का था। चीन द्वारा भेजे गए प्रतिनिधि (अंबान) केवल सलाहकार की भूमिका में थे। तिब्बत का प्रशासन, न्याय, शिक्षा और धार्मिक व्यवस्था पूरी तरह तिब्बती नेतृत्व के हाथ में थी।


3. स्वतंत्र तिब्बत और 1950 का आक्रमण1912 में छिंग वंश के पतन के बाद तिब्बत ने खुद को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। वहां स्वतंत्र सरकार बनी, तिब्बती मुद्रा चलने लगी, विदेशों से सीमित राजनयिक संबंध बनाए गए। लेकिन 1950 में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना ने ह्यशांतिपूर्ण मुक्तिह्न के नाम पर तिब्बत में अपनी सेना घुसाई और एकतरफा रूप से इसे हड़प लिया। वर्ष 1959 में तिब्बती विद्रोह के बाद दलाई लामा को भारत में शरण लेनी पड़ी। तब से लेकर आज तक तिब्बत पर चीन का अवैध कब्जा बना हुआ है, और वहां की धार्मिक, सांस्कृतिक और भाषाई पहचान को मिटाने की कोशिश लगातार जारी है।




4. सांस्कृतिक दमनचीन ने तिब्बती भाषा की जगह मंदारिन थोप दी है। बौद्ध मठों को तोड़कर धार्मिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया है और दलाई लामा के चित्र रखने तक को अपराध माना जाता है। हजारों तिब्बतियों को जेलों में डाला गया है और स्वतंत्र अभिव्यक्ति का कोई स्थान नहीं बचा है।

शिंजियांग झ उइगर संस्कृति पर हमला1. अलग सांस्कृतिक पहचानशिंजियांग, जिसे चीन ह्यझिंजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्रह्न कहता है, ऐतिहासिक रूप से तुर्किक मूल के उइगर मुसलमानों का क्षेत्र रहा है। इनकी भाषा, परंपराएं और धार्मिक मान्यताएं चीन की मुख्यधारा से बिल्कुल अलग हैं। यह क्षेत्र सिल्क रूट पर स्थित होने के कारण व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का केंद्र था।2. चीन का देर से दावा1949 में माओ त्से तुंग के नेतृत्व में कम्युनिस्ट शासन स्थापित होने के बाद चीन ने शिंजियांग पर नियंत्रण किया। इससे पहले यह क्षेत्र बहुत हद तक आत्मनिर्भर था। चीन ने यहां हान चीनी आबादी को बसाकर जनसांख्यिकीय संतुलन को बदलने की कोशिश की। उइगरों की आबादी में गिरावट दर्ज की गई है जबकि हान चीनी की संख्या लगातार बढ़ रही है।3.

> दलाई लामा की परंपरा 14वीं शताब्दी में गेडुन ड्रब से शुरू हुई, जिन्हें मरणोपरांत पहले दलाई लामा के रूप में मान्यता दी गई। 17वीं सदी से लेकर 20वीं सदी तक, दलाई लामाओं ने तिब्बत की गैंडेन फोडरंग सरकार का नेतृत्व किया। इस दौरान पोटाला पैलेस का निर्माण हुआ, जो ल्हासा में दलाई लामाओं की आधिकारिक सीट बना।



**- ओम परासर**

दमन और निगरानीचीन ने शिंजियांग में बड़े पैमाने पर ह्यपुनः शिक्षा केंद्रह्न बनाए हैं, जहां लाखों उइगर मुसलमानों को जबरन रखा गया है। इन केंद्रों में धार्मिक पहचान मिटाई जाती है, कुरान पढ़ने और नमाज पढ़ने पर रोक है, और धार्मिक प्रतीकों को जबरन हटाया जाता है। कई रिपोर्टों में खुलासा हुआ है कि इन शिविरों में शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न आम बात है।4. तकनीकी निगरानी का प्रयोगशिंजियांग विश्व का सबसे अधिक निगरानी वाला क्षेत्र बन चुका है। हर व्यक्ति की गतिविधियों पर कैमरों और चेहरा पहचानने वाले सॉफ्टवेयर से नजर रखी जाती है। मोबाइल ऐप के जरिए लोगों की धार्मिक गतिविधियों, यात्रा, बातचीत और यहां तक कि सोने-जागने की दिनचर्या तक पर रिपोर्ट बनती है।

चीन की रणनीतिझ ऐतिहासिक झूठ को दोहराकर उसे ह्यसचह्न बनानाबीजिंग की रणनीति साफ है झ बार-बार झूठ बोलो ताकि लोग उसे सच मानने लगें। तिब्बत और शिंजियांग को लेकर उसका दावा उसी झूठ का हिस्सा है। लेकिन इतिहास को हमेशा झुठलाया नहीं जा सकता। दस्तावेज, अंतरराष्ट्रीय अध्ययन, स्वतंत्र शोध और स्वयं वहां के लोगों की पीड़ा चीख-चीख कर यह बता रही है कि चीन ने इतिहास को तोड़ा-मरोड़ा है और अपनी साम्राज्यवादी नीति को न्यायोचित ठहराने के लिए ऐतिहासिक छल का सहारा लिया है।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय की जिम्मेदारीअब समय आ गया है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय चीन के इस ऐतिहासिक झूठ को बेनकाब करे। तिब्बत और शिंजियांग के लोगों की पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा केवल निंदा करके नहीं हो सकती। जरूरत है कड़े राजनीतिक, कूटनीतिक और मानवीय हस्तक्षेप की। अन्यथा बीजिंग इतिहास को हथियार बनाकर न केवल इन दो क्षेत्रों को, बल्कि पूरे एशिया को अस्थिर कर सकता है।उल्लेखनीय है कि 1959 में चीन से निर्वासित होने के बाद तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा भारत में रह रहे हैं। दलाई लामा तिब्बती इतिहास में एक विशिष्ट और अद्वितीय स्थान रखते हैं। वे सदियों से न केवल आध्यात्मिक गुरु, बल्कि तिब्बत के लौकिक नेतृत्वकर्ता भी रहे हैं।

दलाई लामा की परंपरा 14वीं शताब्दी में गेडुन ड्रब से शुरू हुई, जिन्हें मरणोपरांत पहले दलाई लामा के रूप में मान्यता दी गई। 17वीं सदी से लेकर 20वीं सदी तक, दलाई लामाओं ने तिब्बत की गैंडेन फोडरंग सरकार का नेतृत्व किया। इस दौरान पोटाला पैलेस का निर्माण हुआ, जो ल्हासा में दलाई लामाओं की आधिकारिक सीट बना। 14वें दलाई लामा, तेनज़िन ग्यात्सो, का जन्म 1935 में हुआ और उन्होंने 1950 में तिब्बत की राजनीतिक जिम्मेदारी संभाली।

1959 में चीन के खिलाफ तिब्बती विद्रोह केबाद उन्हें निर्वासन में भारत आना पड़ा। तब से वे धर्मशाला में रह रहे हैं और वहीं निर्वासित तिब्बती सरकार की स्थापना की गई। आज दलाई लामा पूरी दुनिया में अहिंसा, करुणा और तिब्बती स्वायत्तता के शांतिपूर्ण संघर्ष के प्रतीक बन चुके हैं।

उनका भारत में रहना, न केवल तिब्बती लोगों के लिए बल्कि भारत के लिए भी गहराई से सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व रखता है।

## लेटर टू एडिटर

### जैव विविधता की रक्षा

**22 मई** को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य प्रकृति और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखना है। जैव विविधता का अर्थ है–जीव-जंतुओं और पेड़-पौधों में विविधता, जो एक-दूसरे पर निर्भर हैं। आधुनिकता की अंधी दौड़ ने इस संतुलन को बिगाड़ दिया है। हमें पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से जैव विविधता को बचाना होगा।

**– राजेश कुमार जमशेदपुर**

### सतर्कता जरूरी

**जेएन-1** वेरिएंट के खतरे को लेकर जागरूक करता है। केरल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में इसके ढाई से अधिक मामले मिले हैं। बुजुर्गों में एंटीबॉडी की कमी इसका प्रमुख कारण है। सरकार को पहले से चिकित्सा व सजगता के पुख्ता इंतजाम कर लेने चाहिए।

**– अनिल कौशिक, रांची**

### भीतर छिपे दुश्मन

**तकनीक** के सहारे देशविरोधी गतिविधियां अब सरल हो गई हैं। यूट्यूब की आड़ में देश की गुप्त जानकारियां लीक करना गंभीर अपराध है। ऐसे देशद्रोहियों को कड़ा दंड मिलना चाहिए।

**–अमृतलाल रांची**

## ट्वीट

**जैसा** कि आप जानते हैं भारत ने पिछले आतंकवाद के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत की और सफलता पूर्वक पाकिस्तान में मौजूद आतंकवाद के कई ठिकानों पर करारा प्रहार किया और बड़ी संख्या में आतंकवादी मारे गए। भारतीय सेनाओं ने एक कुशल डॉक्टर और सर्जन की तरह काम किया है। वह जल्दी मानता नहीं है। मंदिर, गुरुद्वारों और गिरजाघरों पर निशाना बनाया गया। उसके जवाब में भारतीय सेनाओं ने जो कारवाई की है। **– राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री**

## आज का राशिफल

**मेष :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7

**वृष :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6

**मिथुन :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9

**कर्क :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

**कन्या :** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यो में सफलता मिलेगी। आर्थिक द्दष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**धनु :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-7

**मकर :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कुंभ :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9

**मीन :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
(R.N.I No. आवेदित)
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# संकटकाल में शत्रु को लाभ पहुंचाने वाले सवाल

**विकास सक्सेना**

सामयिक

**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर ह्यहमारे कितने विमान गिरेह्न जैसे अवांछित सवाल पूछे हैं। उनके सवालों को पाकिस्तान, भारत के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। इसके अलावा कई मीडिया संस्थानों की गैरजिम्मेदाराना रिपोर्टिंग और सोशल मीडिया में सक्रिय बुद्धिजीवियों ने लोगों के मन में सवाल पैदा कर दिया है कि क्या सरकार ने विदेशी ताकतों के दवाब में आकर हड़बड़ी में सीज फायर का फैसला लिया?

सब चाहते थे कि पाकिस्तान को इसका सबक सिखाया जाए। इसके बाद सबसे पहले हमारी सरकार ने सिंधु जल संधि को स्थगित करके पाकिस्तान के सामने बड़ा संकट खड़ा कर दिया। फिर ऑपरेशन सिंदूर के तहत सात मई को पाकिस्तान और पीओके में मौजूद आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। सैन्य कार्रवाई में जिन नौ ठिकानों को नष्ट किया गया उनमें जैश ए मोहम्मद का बहावलपुर स्थित मुख्यालय भी शामिल है। ऑपरेशन सिंदूर की आतंक के आकाओं को इतनी गहरी चोट लगी कि जैश ए मोहम्मद का सरगना मसूद अजहर फूट-फूट कर रोने लगा।

ऑपरेशन सिंदूर के तहत महज 25 मिनट में नौ आंतकवादी ठिकानों को नष्ट करके 100 से ज्यादा दहशतगर्दों को उनके अंजाम तक पहुंचाने के बाद हमारे सैन्य अधिकारियों ने साफ कर दिया था कि भारत ने जो कार्रवाई की है वह सिर्फ आतंकवादियों के खिलाफ थी। यह न तो पाकिस्तान के आम नागरिकों के खिलाफ थी और न ही पाकिस्तानी सेना के खिलाफ। उन्होंने साफ किया कि अगर पाकिस्तान की ओर से किसी भी तरह का दुस्साहस करने का प्रयास किया गया तो भारत उसका समुचित जवाब देगा।

आतंकियों के खिलाफ की गई कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने चीन और दूसरे देशों प्राप्त हथियारों के दम पर ड्रोन, मिसाइल और लड़ाकू विमानों के जरिए भारत पर हमला करने की कोशिश की लेकिन हमारी सेना ने वायु रक्षा प्रणाली और उन्नत तकनीकी से उन कोशिशों को नाकाम कर दिया। हालांकि इसके जवाब में भारत की ओर से की गई कार्रवाई में पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली ध्वस्त हो गई। उसके अधिकांश हवाई अड्डे निष्प्रयोज्य कर दिए गए। भारत की प्रतिक्रिया इतनी तीखी होगी इसकी कल्पना शायद पाकिस्तान के आकाओं को भी नहीं थी। जो पश्चिमी मीडिया भारत के खिलाफ लगातार झूठे विमर्श गढ़ रहा था उसे भी सैटेलाइट से प्राप्त तस्वीरों के आधार पर यह स्वीकार करना पड़ा कि भारत ने पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली को ध्वस्त कर उसके सैन्य हवाई अड्डों को भारी नुकसान पहुंचाया है।

रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास युद्ध के अनुभव के आधार पर भारत विरोधी ताकतें उसे पाकिस्तान के साथ लम्बे युद्ध में फंसाना चाहती थीं जिससे उसकी आर्थिक प्रगति को बाधित किया जा सके। लेकिन भारतीय रणनीतिक सूझबूझ, सैन्य कुशलता और कूटनीतिक तैयारियों ने इन ताकतों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। इसीलिए अब भ्रम फैलाने के लिए वे अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। जिन लक्ष्यों को लेकर ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था प्रथम द्दष्टया, उससे अधिक सफलता प्राप्त की जा चुकी है।

ऑपरेशन सिंदूर का प्रमुख उद्देश्य नरसंहार के दोषियों और पाकिस्तान में बैठे उनके आकाओं को सबक सिखाना था जो सात मई को पाकिस्तान और पीओजेके में मौजूद आतंकवादी अड्डों को नष्ट करके पूरा कर दिया गया। इसके बाद पाकिस्तान में जिस तरह भारत पर हमला किया उसके जवाब में तीनों भारतीय सेनाओं ने अपने अदम्य पराक्रम को प्रदर्शन करके तीन दिनों के भीतर ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया।

भारतीय सेना के पराक्रम, युद्ध कौशल और सटीक रणनीति ने पाकिस्तान और उसे हथियार मुहैया कराने वाले चीन और दूसरे देशों के पसीने छुड़ा दिए। जो देश भारत को लम्बे युद्ध में फंसाकर उसकी आर्थिक प्रगति को बाधित करने का ख्वाव संजोए बैठे थे, अपने विमानों, मिसाइलों और ड्रोनो के लगातार ध्वस्त होने से उसकी चिंता बढ़ गई। खबर है कि भारतीय सेना ने तुर्किये के ड्रोन, चीनी वायु रक्षा प्रणाली एसक्यू 9, चीनी विमान जेएफ 17 और अमरीकी विमान जे 16 समेत कई उन्नत मिसाइलों को मार गिराया। चीन अपनी पीएल 15 मिसाइल को दुनिया की सबसे आधुनिक मिसाइल बता रहा था इसे भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने मार गिराया और इसका मलबा भारत के पास सुरक्षित है। इसके बाद दुनिया के हथियार बाजार में साख गिरने के डर से चीन और अमेरिका जैसे देशों में हडकम्प मचा हुआ है। जानकारों का कहना है कि भारत की बढ़ती ताकत को देखकर ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन के साथ ट्रेड वार को स्थगित कर दिया।

# सौरिया पहाड़िया समुदाय की गुली पहाड़िन की जीत

**तीन अनाथ पोतियों को मिली शिक्षा की रोशनी**

**राजमहल पहाड़ियों से एक प्रेरणादायक पहल की कहानी**

**शिखा पहाड़िन**

प्रेरणा






**साहिबगंज,** झारखंड झारखंड के राजमहल पहाड़ियों में निवास करने वाला सौरिया पहाड़िया समुदाय आज भी शिक्षा और मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। इस समुदाय को कई बार ₹ब्लूपति की कगार पर खड़ा₹ कहा जाता है, और इसका एक प्रमुख कारण शिक्षा की भारी कमी है, जो समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने में सबसे बड़ी बाधा बनती है।

ऐसे ही हालातों से जूझ रही हैं गुली पहाड़िन, जो पिछले एक वर्ष से अपनी तीन अनाथ पोतियों के भविष्य को लेकर चिंतित थीं। गुली पहाड़िन का बेटा अब इस दुनिया में नहीं रहा, और उसकी पत्नी भी उन्हें छोड़ गई। अब इन तीन मासूम बच्चियों की परवरिश की पूरी जिम्मेदारी गुली के कंधों पर है।

गुली पहाड़िन चाहती थीं कि उनकी पोतियों को अच्छी शिक्षा मिले, लेकिन आर्थिक तंगी और कागजी प्रक्रियाओं की उलझनों ने उन्हें बार-बार निराश किया। झारखंड सरकार द्वारा संचालित विशिष्ट पहाड़ीयाण आवासीय विद्यालयों में बच्चों का नामांकन गुली का सपना था, लेकिन उम्र और जानकारी की कमी के कारण दो वर्षों तक बच्चियों का नाम सूची में नहीं आया।


फरवरी 2025 में इस मामले पर सामाजिक कार्यकर्ता हिने के कारण मैंने मार्गदर्शन और समर्थन के सहारे काम करना आरंभ किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन दिया गया, और विशिष्ट पहाड़ी कल्याण पदाधिकारी से संपर्क किया गया। इसके बाद उपायुक्त तक भी गुहार लगाई गई ताकि अनाथ बच्चियों को उनका शिक्षा का अधिकार मिल सके।

लगातार तीन महीनों के प्रयासों और अधिकारियों के सहयोग से अंततः तीनों बच्चियों के नामांकन की मंजूरी मिल गई। यह न केवल गुली पहाड़िन की व्यक्तिगत जीत है, बल्कि यह उन तमाम आदिवासी महिलाओं और बच्चों की उम्मीद भी है जो अब भी ऐसे ही हालातों में जीवन बिता रहे हैं।


यह घटना यह दशार्ती है कि भाषा और शिक्षा की कमी आज भी लोगों को उनके अधिकारों से वंचित कर रही है। यदि गुली पहाड़िन को समय पर सहायता न मिली होती, तो शायद इन बच्चियों को शिक्षा का अधिकार नहीं मिल पाता। यह तो आंरभ है। समाज के सबसे निचले तबके उठाने का सार्थक कदम।

(समाजसेविका मोटिवेटर)

**देश का पहला बुलेट ट्रेन मार्ग मुम्बई से अहमदाबाद अगले साल बनकर तैयार हो जायेगा। इस पर बुलेट ट्रेन का संचालन आंरभ हो जायेगा। निर्माण का नयनाभिराम दृश्य।** (साभार माई रेलवे डॉट कॉम से)



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### इंटक इफिको कमेटी का विस्तार



रामगढ़। रिफ्रैक्ट्रीज सिरामिक्स मजदूर कांग्रेस इंटक सेल इफिको,मरार की बैठक शुक्रवार को इफिको फैक्ट्री मुख्य द्वार समक्ष हनुमान मंदिर परिसर में हुई। बैठक में यूनियन के महामंत्री खोगेंद्र साव उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता यूनियन अध्यक्ष आनंद प्रताप सिंह व संचालन सचिव केडी मिश्रा ने किया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर विचार विमर्श किया गया। खोगेंद्र साव ने इंटक यूनियन कमेटी का विस्तार किया गया।जिसमें सह सचिव के रूप में प्राणदीप बक्शी,सहायक सचिव अरुण सिंह,संगठन मंत्री घूमेश्वर महतो,संगठन सचिव सुशील कुमार बनाए गए।साथ हीं बलराम गिरी,शिवचरण मुंडा, शंकर महतो,कलिंदर महतो, राजेश कुमार,चंदन सिंह,प्रमोद कुमार सिंह और शंभू पांडेय को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। सभी नवनियुक्त यूनियन पदाधिकारियों एवं सदस्यों को महामंत्री खोगेद्र साव द्वारा फूलमाला पहनाकर यूनियन में आने का स्वागत करते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों-सदस्यों को नियुक्ति पत्र दिया गया। बैठक में यूनियन उपाध्याय नंदकिशोर बेदिया, उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, अवधेश सिन्हा,गुप्तेश्वर मिश्र, राजू वर्मा,शंकर,राजेश कुमार, सुशील कुमार,चंदन कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह,शंभू पांडेय, फलिंदर महतो, भुवनेश्वर महतो, अरुण सिंह आदि उपस्थित थे।

### बारीडीह पंचायत में लगा मंडा मेला

भुरकुंडा (रामगढ़)। श्रीश्री मंडा पूजा समिति बारीडीह के तत्वावधान में गुरूवार की देर शाम बारीडीह पंचायत में श्रीश्री शिव मंडा पूजा समिति द्वारा मंडा मेला का उद्घाटन विधायक रोशन लाल चौधरी, झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया, जिला पार्षद जयराम बेदिया, बारीडीह पंचायत के मुखिया भुनेश्वर बेदिया, पूजा समिति के अध्यक्ष्स कामेश्वर बेदिया, उपाध्यक्ष छोटेलाल सिंह, सचिव संजय बेदिया, सह सचिव कृष्णा बेदिया और आजसू के जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके पूर्व नागेश्वर पहान द्वारा पूरे विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाज से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की गई। रोशनलाल चौधरी ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, समरसता और परंपरा को जीवित रखने का कार्य करते हैं। यह सिर्फ एक पूजा या मेला नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति और सामाजिक जुड़ाव की मिसाल है।

### कुजू में नोडल अधिकारी ने की बैठक

कुजू। सीसीएल मुख्यालय रांची के नोडल अधिकारी सिक्युरिटी कुमार गौरव ने शुक्रवार को जीएम कार्यालय कुजू के सुरक्षा अधिकारी कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक किया। इस दौरान नोडल अधिकारी सिक्युरिटी कुमार गौरव ने क्षेत्र में जारी अवैध कोयला खनन की लगातार मिल रही सूचना के बाद कुजू क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी तबरेज आलम सहित अन्य अधिकारियों से कहा कि सीसीएल की खदानों के आसपास ही नहीं बल्कि सीसीएल लीज होल्ड एरिया में किसी भी तरह का अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा। वहीं अवैध खनन में शामिल लोगों को चिन्हित करते हुए वरीय पुलिस अधिकारियों को जानकारी दी जाएगी। सीसीएल की बंद पड़ी खदानों से अवैध कोयला खनन कराने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में हेमंत सिंह, कुजू कोलियरी शिवधर महतो, पुंडी रामप्रसाद बेदिया, करमा यासर अराफात, तोपा शंकर राम, पिंडरा भूखर कुम्हार, आरा सुरेंद्र नोनिया,सारूबेड़ा मुन्ना नोनिया शामिल हुए।

### सड़क निर्माण की जांच हो : सिन्हा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड के बुध बाजार शिवनगर से इमलीगाछ छठ घाट तक लगभग 99 लाख की लागत से बन रहे पीसीसी सड़क निर्माण की गुणवत्ता की निरंतर मिल रही शिकायतों को देखते हुए शुक्रवार को आजसू पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने उक्त निर्माणाधीन सड़क की जांच की। जांच के दौरान विभिन्न प्रकार की अनियमितता पाई गई है। जिसमें ढाल दिए गए सड़क में गिट्टी का प्रकार निर्धारित प्रकार से भिन्न प्रतीत हुआ। सड़क की ढलाई कई जगहों पर पांच इंच पाई गई। प्लिंथ लेवल को भी नहीं उखाड़ा गया है। जिन हिस्सों में सड़क की ढलाई हुई है उसके सीमेंट, गिट्टी एवं बालू के अनुपात में भी विसंगतियां प्रतीत हो रहीं हैं। ढलाई उपरांत पानी छिड़काव नहीं किया जा रहा है। सिन्हा ने कहा कि उक्त सड़क निर्माण में इस्तेमाल हुए मैटेरियल की लैब जांच की मांग हेतू पत्र लिखा जाएगा। संवेदक द्वारा ग्रामीणों को केस करने की धमकी देने का मामला भी प्रकाश में आया है जो कि अत्यंत निंदनीय है। घटिया सड़क निर्माण के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले ग्रामीणों को केस करने की धमकी देने वाले ठेकेदार के खिलाफ जरूरत पड़ी तो भ्रष्टाचार निरोधक विभागों में प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

### बुढ़वा महादेव मंदिर तक बनेगा रोड

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातु प्रखंड के श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र बुढ़वा महादेव मंदिर अब सुलभ मार्ग से जुड़ने जा रहा है। सांसद मनीष जायसवाल ने ग्रामीण कार्य विभाग को भुरकुंडा तीन नंबर चीप हाउस से बुढ़वा महादेव मंदिर तक पथ निर्माण हेतु अनुशंसा की है। यह निर्णय क्षेत्रवासियों व शिवभक्तों के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है। इस सराहनीय पहल पर श्रीश्री बुढ़वा महादेव मंदिर समिति, शिवभक्तगण तथा भुरकुंडा और आसपास के ग्रामीणों ने सांसद मनीष जयसवाल के प्रति आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया है। जनता ने आशा जताई है कि इस पथ के निर्माण से न केवल मंदिर तक पहुंचना आसान होगा, बल्कि पर्यटन और स्थानीय विकास को भी गति मिलेगी।

### आज तमिलानाडु जायेंगे श्रवण व विपुल

रजरप्पा।। 26 से 31 मई तक केएसआर इंजीनियरिंग कॉलेज तमिलनाडु में होने वाली 25वीं राष्ट्रीय सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता खेलने के लिए शनिवार को कोडरमा से तमिलनाडु के लिए रजरप्पा वुशू एकेडमी के वुशू खिलाड़ी श्रवण कुमार महतो अंडर 52 किलोग्राम भार और विपुल कुमार अंडर 48 किलोग्राम भार दोनों सीसीएल रजरप्पा प्रोजेक्ट के महाप्रबंधक कल्याण जी प्रसाद एवं सीएसआर पदाधिकारी आशीष झा से मिलकर आशीर्वाद के साथ जीत की अग्रिम बधाई दी। क्षेत्रीय कांग्रेस यूनियन के नेता किशोरी प्रसाद, रामगढ़ जिला वुशू एसोसिएशन के सचिव सह कोच गौरी शंकर महतो, उप सचिव तपेश्वर महली, वुशू खिलाड़ी सौरभ कुमार, राजकुमार, खुशी कुमारी, रानी कुमारी नीतीश कुमार ने दी बधाई।

# 72 घंटे बाद भी नहीं मिला मजदूरों का सुराग

## हजारीबाग की अवैध कोयला खदानों में तीन मजदूरों की हुयी मौत

▸▸ सिंडिकेट सिस्टम बना नरक का दरवाजा, आखिरकार खबर मन्त्र में छपी खबर सच हुयी साबित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**हजारीबाग।** झारखंड की जमीन एक बार फिर लहूलुहान है। लेकिन इस बार किसी माओवाद या अपराध से नहीं, बल्कि उस सड़े-गले भ्रष्ट सिस्टम से जो मुनाफे की खातिर इंसानी जानों को मिट्टी में दफना देता है। हजारीबाग के केरेडारी में तीन मजदूरों की जल समाधी ने साबित कर दिया है कि जो खबरें खबर मन्त्र अखबार महीनों से छाप रहा था, वो सिर्फ शब्द नहीं, कड़वी हकीकत थीं।

प्रमोद साव (45), उमेश कुमार (25) और नौशाद आलम (25), ये तीन नाम अब सरकारी आंकड़ों में लापता हैं, लेकिन असल में ये वो बदनसीब हैं जिन्हें उस अवैध कोयला तस्करी की सुरंगों ने निगल लिया जो एक गहरे सिंडिकेट और सत्ता की चुप्पी से संचालित होती हैं। तेज बारिश में अचानक खदान पानी से भर गई और तीनों मजदूर अंदर फंस गए।

72 घंटे से ज्यादा बीत चुके हैं, लेकिन उनकी कोई खबर नहीं। इन मजदूरों को हर दिन अपनी जान की बाजी लगाकर महज 400-500 रुपये




मिलते हैं। लेकिन जब मौत दस्तक देती है, तो मुआवजे की एक औपचारिक रस्म अदा कर दी जाती है। और फिर वही खदान, वही सिंडिकेट, वही तस्करी, सब कुछ पहले की तरह चलता रहता है। खबर मन्त्र लगातार इन अवैध सुरंगों, कोयला सिंडिकेट और फर्जी पत्रकारों के गठजोड़ को उजागर करता रहा है। लेकिन प्रशासन, पुलिस और स्थानीय तंत्र की चुप्पी कहीं न कहीं इस मौत के व्यापार में हिस्सेदार बन जाती है। आखिर कब तक खदानों से कोयला नहीं, लाशें निकलेंगी? कब तक मजदूरों की मौतें सिर्फ फाइलों और खबरों तक सीमित रहेंगी? और सबसे अहम, कब जागेगा सिस्टम? यह हादसा कोई ह्यअचानक आई आपदाह्न नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का नतीजा है जिसने इंसानी जान की कीमत कुछ सिक्कों में तय कर रखी है। अब खामोश रहना भी उतना ही बड़ा अपराध है, जितना कि यह अवैध व्यापार।

### क्या कहते हैं सांसद



इस मामले पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने खुलकर कहा कि अवैध माइनिंग की बात को नाकारा नहीं जा सकता। पूरे झारखण्ड के कोयला के क्षेत्र में अवैध माइनिंग जोरो पर है। हर दिन ये अखबार की सुर्खिया बनती है। लेकिन कोई इसपर प्रशासनिक पहल नहीं देखी गयी है। प्रशासन को इस तरह के अवैध कोयला के खदानों के छेदों को कंक्रीट से बंद कर देना चाहिए।

# रामगढ़ में धंधार तालाब का होगा सौंदर्यीकरण : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ तालाब बचाओ योजना के तहत बड़ी पहल की जा रही है। योजना के तहत उपायुक्त के निर्देश पर जिले के अलग-अलग क्षेत्र में तालाबों को चिन्हित कर उनसे अतिक्रमण हटाने और सौन्दर्यीकरण कार्य किया जाना है। शुक्रवार को डीसी चंदन कुमार ने रामगढ़ शहर अंतर्गत बंगाली टोला में स्थित धंधार तालाब का निरीक्षण किया।



उपायुक्त ने तालाब के वर्तमान स्थिति का जायजा लेते हुए तालाब के क्षेत्रफल आदि की जानकारी ली। मौके पर उपायुक्त ने स्थानीय लोगों से भी तालाब से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां ली। इसके बाद उन्होंने तालाब से अतिक्रमण हटाते हुए तालाब का सौंदर्यीकरण करने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि रामगढ़ तालाब बचाओ योजना के तहत जिला प्रशासन की ओर से सभी जिले वासियों से अपील की गई है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में स्थित तालाबों का विशेष ध्यान रखें, तालाबों पर श्रमदान करें अथवा श्रमदान के समान राशि दान करें। ऐसे दान कर्ताओं के नाम से तालाब परिसर में वृक्षारोपण कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, अंचल अधिकारी रामगढ़ सहित अन्य उपस्थित थे।

### कूजू में बाबूलाल ने वर वधु को दिया आशीर्वाद



**कुजू।** पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी व पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव शुक्रवार को करमा निवासी समाज सेवी सह सीसीएल ऑल इंडिया एसटी एससी ओबीसी काउंसिल के सचिव नरेश मुंडा के बहन के शादी में शामिल होकर वर-वधु को आशीर्वाद दिया। साथ ही सुखमय जीवन की कामना की। इससे पूर्व बाबूलाल मरांडी व रामेश्वर उरांव का लोगों ने बुके देकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर मांडू जिप सदस्य दयामंती देवी, ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू, समाजसेवी रामरतन मुंडा, संजय मुंडा, मिहिर चन्द मुंडा,संजय रजवार,सुनील मुंडा,राजेश मुंडा आदि शामिल थे।

### अंबा प्रसाद ने सड़क दुर्घटना में घायल युवक को दिया एक लाख



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने गुरुवार को न्यू बैरक निवासी सिकंदर कुमार को मुख्यमंत्री राहत कोष से एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। मालूम हो कि सिकंदर कुछ माह पूर्व सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे, और आर्थिक तंगी के कारण उनका इलाज कराना कठिन हो गया था। इस परिस्थिति को देखते हुए अंबा प्रसाद ने मानवीय पहल करते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष से उन्हें सहायता दिलवाई। वहीं दूसरी ओर अपना सामाजिक दायित्व निभाते हुए अंबा प्रसाद ने जवाहर नगर पंचायत के पुराना सिनेमा हॉल भुरकुंडा निवासी छोटेलाल नायक के घर पहुंचीं और उनका हालचाल जाना। जानकारी के अनुसार, वे छत से गिर गए थे। जिसके कारण उनका दोनों पैर गंभीर रूप से घायल हो गया है। परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्हें भी अंबा प्रसाद ने आर्थिक मदद दी गई। मौके पर राजकिशोर पांडेय, बलदेव राम, देवानंद प्रसाद, जयंत तुरी, विक्कू रजक, फि रदौस आलम, रंजीता करमाली, खुशबू कुमारी व अन्य मौजूद थे।

### तिरंगा यात्रा को ले मनोज यादव ने जताया आभार

**बरही।** भारतीय सेना के सफल ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धि के उपलक्ष्य में गुरुवार को बरही में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा भाजपा बरही मंडल के तत्वावधान में भगवती मंदिर स्थित पार्टी कार्यालय से आरंभ होकर बरही चौक, तिलैया रोड, हजारीबाग रोड, गया रोड होते हुए पुनः बरही चौक पर सम्पन्न हुई। इस यात्रा का नेतृत्व बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने न केवल पाकिस्तान को करारा जवाब दिया, बल्कि भारत की प्रतिष्ठा और ताकत को वैश्विक मंच पर साबित कर दिया। यात्रा के माध्यम से सेना के शौर्य, बलिदान और अनुशासन को नमन किया गया। जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि यह यात्रा सैनिकों के प्रति हमारी श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक है।

# रामगढ़ में 25 किलो गांजा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़ ।** पुलिस ने पतरातू से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने दोनों के पास से लगभग 25 किलो गांजा बरामद किया। जिसका बाजार मूल्य लगभग छह लाख बताया जा रहा है। दोनों तस्करों की पहचान बिहार के पटना जिले के शत्रुघ्न कुमार और लालू कुमार के रूप में हुई है। मौके से 2 मोबाइल और 5 बैग में गांजा बरामद किया गया है। दोनों ओडिशा से रामगढ़ के रास्ते दिल्ली में गांजा को बेचा करते थे। एसपी अजय कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि ओडिशा से कुछ लोग बैग में नशीला प्रदार्थ लेकर पतरातू से ट्रेन पकड़ कर दिल्ली जाने वाले



हैं। सूचना मिलने के बाद पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में टीम बनाई गई। टीम ने पतरातू जाने वाले रास्ते में जगह-जगह चेकिंग अभियान चलाया। इसी क्रम ने गैरवा टांड़ नदी पुल के पास बैग लिए हुए दोनों तस्कर पुलिस को देख भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने दोनों का पीछा करते हुए पकड़ लिया। दोनों के बैग की तलाशी ली। बैग से 25 पैकेट्स टेप लपेटा हुआ मिला उसे खोलने पर गांजा पाया गया।

# शिलापट्ट तोड़ने पर आजसू और ग्रामीणों में आक्रोश

## दोषियों की जल्द करे गिरफ्तार पुलिस : ग्रामीण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** देवरिया से कुरसे कमलाटांड़ तक 540 मीटर लंबी सड़क के निर्माण को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में उत्साह और उम्मीद की लहर है। लघु सिंचाई विभाग द्वारा प्रस्तावित इस सड़क का निर्माण बरसात से पहले कराने की मांग ग्रामीणों द्वारा लगातार उठाई जा रही है। लेकिन इस विकास कार्य से पहले ही एक विवाद सामने आ गया है।

देवरिया उप स्वास्थ्य केंद्र परिसर में लगे शिलापट्ट को गुरूवार शाम कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए ग्रामीणों ने पुलिस-प्रशासन से दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। उनका कहना है कि यह घटना न केवल एक सार्वजनिक संपत्ति को




नुकसान पहुंचाने की साजिश है, बल्कि विकास कार्यों में बाधा डालने की कोशिश भी है।

इधर आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अनिल सोनी ने इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि शिलापट्ट तोड़ने की यह हरकत विपक्षी दलों की बौखलाहट को दशार्ती है। विधायक रोशन लाल चौधरी के नेतृत्व में जिस रफ्तार से क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे हैं, उससे विपक्ष परेशान हो गया है। लेकिन याद रखिए, एक पत्थर तोड़ने से विकास की राह नहीं रुकेगी। सड़क निर्माण सहित हर विकास कार्य तय समय पर पूरा होगा। ग्रामीणों का कहना है कि देवरिया उप स्वास्थ्य केंद्र से कुरसे कमलाटांड़ तक की सड़क उनके लिए जीवनरेखा जैसी है। बरसात के मौसम में यह रास्ता कीचड़ और गड्ढों से भर जाता है, जिससे मरीजों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों की मांग है कि लघु सिंचाई विभाग और ठेकेदार मिलकर तुरंत सड़क निर्माण का कार्य शुरू करें, ताकि बरसात से पहले इसका लाभ जनता को मिल सके। सड़क निर्माण की मांग करने वालो में मैक्स सिंह, अर्जुन तुरी, प्रभु तुरी, चमन तुरी, अर्जुन बेदी, चरकी देवी सहित दर्जनों ग्रामीण महिला-पुरूष शामिल हैं।

## एक नजर में

### मुन्ना सिंह ने हजारीबाग की जर्जर सड़कों को लेकर ग्रामीण विकास मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**हजारीबाग।** जब अधिकतर नेता चुनाव हारने के बाद जनता से दूरी बना लेते हैं, तब कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह एक नई मिसाल कायम कर रहे हैं। वे न केवल सक्रिय हैं, बल्कि जनसमस्याओं को लेकर सड़क से कार्यालय तक संघर्ष कर रहे हैं। चुनाव में हार ने उन्हें कहीं खो नहीं दिया, बल्कि एक जुझारू जनप्रतिनिधि में बदल दिया है। शुक्रवार को मुन्ना सिंह ने सदर प्रखंड की वर्षों से उपेक्षित जर्जर सड़कों को लेकर इंद्रपुरी स्थित ग्रामीण कार्य विभाग कार्यालय पहुंचकर मंत्री दीपिका पांडे सिंह के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कार्यपालक अभियंता को भी ज्ञापन की प्रतिलिपि दी। ज्ञापन में रोला मोड़ से सरौनी और मरहेता मोड़ से पौंता बस्ती तक की सड़कों के नवनिर्माण की मांग की गई। मुन्ना सिंह ने बताया कि ये सड़कें पिछले 15व 20 वर्षों से पूरी तरह बदहाल हैं। बरसात में हालात इतने खराब हो जाते हैं कि स्कूली बच्चे, मरीज और ग्रामीण भारी कठिनाइयों से जूझते हैं। उन्होंने कहा कि यह सड़कें अब विकास नहीं, बल्कि उपेक्षा की पहचान बन चुकी हैं। मुन्ना सिंह ने कहा कि यह केवल सड़कों की मरम्मत की मांग नहीं, बल्कि हजारों ग्रामीणों की रोजमर्रा की तकलीफों से राहत की गुहार है। यदि सरकार शीघ्र पहल करे तो यह क्षेत्र विकास की पटरी पर लौट सकता है। उनका यह कदम आने वाले समय में जनसेवा की नई परिभाषा गढ़ सकता है।

### केजीबीवी में नामांकन को लेकर बैठक

**हजारीबाग।** समाहरणालय सभाकक्ष में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय (केजीबीवी) और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 से 9 तक की नामांकन प्रक्रिया को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। यह बैठक हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल के निर्देश पर हुई, जिसमें कटकमसांडी के पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने भाग लिया। बैठक में छात्राओं के नामांकन प्रक्रिया, विद्यालयों की आधारभूत सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य जरूरी पहलुओं पर गंभीर चर्चा हुई। जिला स्तरीय इस बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति रही, जिसमें जिला शिक्षा अधीक्षक प्रवीण रंजन, जिला शिक्षा पदाधिकारी आकाश कुमार, एडीपीओ कौशल रंजन, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और विद्यालयों के वार्डन शामिल थे।

### बभनवै में सड़क सुरक्षा को लेकर निकली रैली



**हजारीबाग।** हजारीबाग के गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुकुंदगंज के प्रशिक्षुओं ने शुक्रवार को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुकता अभियान चलाया। दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने बभनवै गांव में सेव ड्राइव, सेव लाइफ का नारा देते हुए जनजागरुकता रैली निकाली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। नाटक और प्रचार के माध्यम से हेलमेट के महत्व, सीट बेल्ट की अनिवार्यता, नशे की हालत में वाहन न चलाने, रैश ड्राइविंग से बचने, जेब्रा क्रॉसिंग, ट्रैफिक सिग्नल, रॉन्ग साइड ड्राइविंग और ट्रिपल राइडिंग से होने वाले खतरों को बताया गया। इस अभियान का संचालन एनएसएस को-ऑर्डिनेटर एस.एस. मैती, सहायक प्राध्यापक दिलीप कुमार सिंह, कुमारी अंजलि और निर्मला बेंग के मार्गदर्शन में हुआ।

### मुआवजा शिविर का ग्रामीणों ने किया विरोध

**बड़कागांव।** बादम कोल खनन परियोजना एनटीपीसी लिमिटेड के लिए बादाम और अंबाजीत मौजा में अर्जित की जा रही भूमि के मुआवजा भुगतान हेतू पूर्व नियोजित शिवर का आयोजन शुक्रवार को अंचल कार्यालय में जिला भू अर्जन पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के उपस्थिति में किया गया। जिसका गोंदलपुरा, हाहे, गाली, बालोदर, रूदी, राउतपारा, बदाम और अंबाजीत से आए सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने एनटीपीसी वापस जाओ, प्रशासन तेरी मनमानी नहीं चलेगी सहित अन्य विरोध के नारे लगाते हुए अपना विरोध दर्ज कराया।वही सभी ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि हम किसी भी कीमत पर कंपनी को जमीन नहीं देना चाहते हैं इसलिए हम कोई भी किसान अपना मुआवजा नहीं लेना चाहते हैं।ग्रामीण भू अर्जन पदाधिकारी और अंचल अधिकारी मनोज कुमार को लिखित आवेदन देकर उसका रिसिविंग लिया जिसमें ग्रामीणों ने अपने हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया जिसमें मुआवजा नहीं लेने की बात कही गई है।

### बरकट्ठा : आंधी से सोलर पंप हुआ क्षतिग्रस्त

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा प्रखंड में शुक्रवार देर शाम आए तेज अंधड़ और तूफान ने व्यापक तबाही मचाई। तेज हवाओं के साथ आए इस तूफान ने कई इलाकों में पेड़ गिरा दिए और बिजली व्यवस्था भी बाधित कर दी। गैड़ा पंचायत अंतर्गत कुरचुनो गांव में किसान मनोज यादव के सोलर पंप पर एक बड़ा पेड़ गिर गया, जिससे सोलर सिस्टम पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित किसान मनोज यादव ने बताया कि वह सोलर पंप का उपयोग खेतों में सिंचाई के लिए करते थे। पंप के क्षतिग्रस्त हो जाने से उनकी खेती बुरी तरह प्रभावित होगी और उन्हें सिंचाई के लिए वैकल्पिक उपाय खोजना होगा। उन्होंने बताया कि यह सोलर सिस्टम उनकी कृषि जीवनरेखा था, जिसे तूफान ने छीन लिया। मनोज यादव ने प्रशासन से मांग की है कि क्षति का आकलन कर उन्हें सरकारी सहायता प्रदान की जाए ताकि वे दोबारा खेती कर सकें। गांव के अन्य किसानों ने भी बताया कि अंधड़ ने कई घरों और फसलों को नुकसान पहुंचाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते प्रशासन राहत और सहायता पहुंचाता है, तो प्रभावित किसानों को दोबारा खड़ा होने में मदद मिलेगी।

### गंगादोहर में महावीर मंदिर का शिलान्यास

बड़कागांव। ग्राम गंगादोहर में पुजारी कृष्ण कुमार कौशल महावीर मंदिर निर्माण का किया शिलान्यास। शिलान्यास में केंद्रीय कुशवाहा अध्यक्ष सह मंदिर निर्माण समिति संयोजक सोहनलाल मेहता,अध्यक्ष सुरेश प्रसाद दांगी,सचिव प्रवीण कुमार, कोषाध्यक्ष रामवृक्ष प्रसाद, ग्राम अध्यक्ष महेंद्र महतो, नंदकिशोर मेहता,उपमुखिया राजु कुमार मेहता,लखन लाल मेहता, तापेश्वर प्रसाद तापस,प्रभु दयाल कुशावहा, इंद्रदीप प्रसाद,पवन कुमार,देवकी महतो,राजेन्द्र प्रसाद सहित दर्जनों उपस्थित थे।

### इचाक में ठनका गिरने से दो गायों की मौत

इचाक : प्रखंड अंतर्गत ग्राम रतनपुर के अजीत प्रसाद मेहता की दो गायों की मौत वज्रपात से हो गई ज्ञात हो कि गुरुवार शाम भारी बारिश के दौरान इनकी दो गए एक काले रंग की और एक गोल रंग की जो सायल खुर्द स्थित चोंढीनदी के तरफ चर रही थी जो वज्रपात की चपेट में आने से दोनों गायों की मौत हो गई जिसमें एक गाय दुधारू गाय थी जब लोगों को पता चला तो जहां चोंढींनदी के समीप चर रही थी वहां जाकर देखा गया तो दोनों गाएं मर चुकी थी।कोडरमा सांसद प्रतिनिधि मुखिया प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेहता ने जिला प्रशासन के साथ-साथ प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की।

### बीडीओ ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

**बरही।** बीडीओ जयपाल महतो ने शुक्रवार को पंचायत सेवक, रोजगार सेवक व अन्य कर्मियों के साथ विभिन्न पंचायतों में चल रहे विभिन्न योजनाओं को लेकर की समीक्षा बैठक की। उन्होंने बारी-बारी से पंचायतों में चल रही मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुवा आवास योजना आदि अन्य योजनाओं की पंचायतवार समीक्षा की। मौके पर बीडीओ ने पंचायत व रोजगार सेवक को निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं के कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि पंचायत में चल रही योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण कर बंद करें।

# लोक अदालत किसी परिचय का मोहताज नहीं, बढ़ रही इसकी लोकप्रियता : प्रधान जिला जज

● व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का किया गया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी के मार्ग दर्शन में व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में शुक्रवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। वहीं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि आज के वर्तमान परिवेश में लोक अदालत किसी परिचय का मोहताज नहीं है, यही कारण है कि इसकी लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। वहीं उन्होंने कहा कि लोक अदालत में दिए गए फैसले में दोनों पक्षों की जीत होती है तथा यह फैसला दोनों पक्षों को संतुष्ट करता है। कोई पक्ष इसे थोपा महसूस नहीं करता है। लोक अदालत में दिए गए निर्णय के विरुद्ध कहीं भी कोई अपील नहीं होती, लोक अदालत का निर्णय अंतिम निर्णय होता है। वहीं उन्होंने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता और सुलभ न्याय प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। लोक अदालत का फैसला अंतिम होता है।

**लोक अदालत में कुल बारह बेंचों का किया गया गठन**

लोक अदालत में कुल बारह बेंचों का गठन किया गया। जिसमें बेंच संख्या एक में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय अमितेश लाल व अधिवक्ता संजय कुमार सिंह, बेंच संख्या द्वितीय में जिला जज प्रथम गुलाम हैदर व अधिवक्ता सुरेश कुमार, बेंच संख्या तीन में जिला जज द्वितीय संजय कुमार चौधरी व अधिवक्ता लखन प्रसाद सिंह, बेंच संख्या चार में जिला जज तृतीय राकेश चंद्रा व अधिवक्ता सुधीर कुमार सिन्हा, बेंच संख्या पांच में सीजेएम अमित कुमार वैश व अधिवक्ता भुनेश्वर राणा, बेंच संख्या छह में एसीजेएम मनोरंजन कुमार व अधिवक्ता सतेन्द्र सिंह, बेंच संख्या सात में अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी कंचन टोप्पो व अधिवक्ता रीतम कुमारी, बेंच संख्या आठ में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शिवांगी प्रिया व अधिवक्ता अंशु यामिनी, बेंच संख्या नौ में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी ज्योत्सना पाण्डेय व अधिवक्ता संगीता रानी, बेंच संख्या दस में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी नमिता मिंज व अधिवक्ता रीना कुमारी, बेंच संख्या ग्यारह मुंसिफ मिथिलेश कुमार व अधिवक्ता रोहित कुमार सिंह, बेंच संख्या बारह में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष आर.के. तिवारी, सदस्य ममता सिंह व कुमारी अनुपमा ने मामले की सुनवाई की। लोक अदालत में बारह बेंचों के माध्यम से कुल 6 वादों का निष्पादन किया गया।

मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, विद्युत विभाग, उत्पाद विभाग के अधिकारी, न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह, मूंगा लाल दास, राजेंद्र कुमार, मनोज मिश्रा, रंजीत कुमार, राजीव रंजन, कुमार संजय, महेश्वर कुमार, राजीव कुमार, प्रियंका कुमारी, रवि कुमार, संतोष कुमार, आशीष सिन्हा, अनिल कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## वन विभाग टीम ने अवैध रूप से लकड़ी का बोटा ले जा रहे वाहन को किया जब्त, चालक फरार



मरकच्चो (कोडरमा)। गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने शुक्रवार की सुबह मरकच्चो थाना क्षेत्र के अस्पताल रोड के समीप अवैध रूप से कटहल व अन्य लकड़ी का बोटा ले जा रहे एक चार पहिया वाहन को जब्त किया है। वहीं रेंजर रविन्द्र सिंह ने बताया कि पिकअप बीआर31जीबी-3318 से अवैध रूप से लकड़ी बोटा लोड कर परिवहन किये जाने की गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद टीम गठित कर उक्त पिकअप को मरकच्चो अस्पताल के समीप से छापेमारी कर जब्त कर लिया गया। इसके पूर्व वाहन चालक वन विभाग की टीम को देख वाहन छोड़ कर भागने मे सफल रहा। वहीं वाहन में लकड़ी परिवहन से संबंधित कोई कागजात नहीं पाया गया। जिसके बाद लकड़ी व वाहन को जब्त कर मुख्यालय लाया गया है। वहीं मामले को लेकर नवलशाही थाना क्षेत्र के देवीपूर खेशमी निवासी साकेत पाण्डेय के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। जब्त लकड़ियों की कीमत लगभग डेढ़ लाख रूपये बताया जा रहा है। छापेमारी दल में रेंजर रविंद्र सिंह के साथ वनपाल सुनील कुमार दास, वनरक्षि अभिमन्यु कुमार व अनिल कुमार साव शामिल थे।

## लायंस क्लब के नए अध्यक्ष बने गजेंद्र राम



कोडरमा। झुमरीतिलैया के शिव वाटिका में लायंस क्लब की बैठक संपन्न हुई। जिसमें नए सत्र 2025-26 के लिए नए पदाधिकारी का चुनाव किया गया, जहां सर्वसम्मति से गजेंद्र राम नए सत्र के लिए अध्यक्ष व निशांत कुमार को सचिव एवं क्लब के कोषाध्यक्ष के रूप में डॉ.सुजीत कुमार राज का चयन किया गया। बताते चलें कि लायंस क्लब प्रतिवर्ष नए पदाधिकारी का चुनाव करती है एवं नए पदाधिकारियों को एक जुलाई को पदभार ग्रहण करना होता है। इसी दौरान सदस्य चेयरपर्सन के रूप में कृष्ण कुमार बर्णवाल एक सीआईएफ कोऑर्डिनेटर के रूप में डॉ.रंजन कुमार, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर के रूप में सुजीत कुमार अम्बष्ट, क्लब सर्विस चेयरपर्सन के लिए दिनेश कुमार, फर्स्ट वाइस प्रेसिडेंट के रूप में लाइन सुधा, सेकंड वाइस प्रेसिडेंट के रूप में डॉ.संदीप कुमार, क्लब मार्केटिंग एवं कम्यूनिकेशन चेयरपर्सन के रूप में गायत्री बर्णवाल का चयन किया गया। वहीं संयुक्त कोषाध्यक्ष के रूप में रचना गुप्ता एवं संयुक्त सचिव के रूप में डॉ.सागर मनीष सेठ का चुना गया। उपरोक्त सभी पदाधिकारी नए सत्र 2025-26 के लिए 1 जुलाई से अपना पदभार ग्रहण करेंगे। उपरोक्तपदाधिकारी का चुनाव वरिष्ठ लायंस मेंबर कल्याण कुमार मजूमदार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन



कोडरमा। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार हैंड इन हैंड इंडिया एवं जिला समाज कल्याण के संयुक्त तत्वाधान में जानपुर, पारहो, चनाको, महुआदोहर, भोंडो, गझंडी, बिशुनपुर, ढाब, बेहराडीह आदि स्थानों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत नुक्कड़ सभा, रैली, जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एपीएम तुलसी कुमार साव ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महज अभियान नहीं आज के समय की मांग है। जिस प्रकार बेटियों की संख्या दिनों दिन घटता जा रहा है, यह समाज के लिए चिंता का विषय है। इसके लिए हर संभव समाज के विभिन्न समुदायों में भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथा के प्रति सामाजिक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। वहीं उन्होंने कहा कि आज बेटियां कहीं से भी कम नहीं है, हमारे देश के सर्वोच्च पद पर विराजमान महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, जिले के उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसडीओ रिया सिंह, सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ.नीरा यादव सहित सैकड़ो महिलाएं अपने प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी है। इसीलिए बेटा बेटी में भेदभाव करना, उन्हें बराबर दृष्टिकोण से समान अवसर न देना अपने आप में एक बड़ी विडंबना है। मौके पर रवि रंजन, राजन विश्वकर्मा, रूपेश कुमार, नीतीश पांडे, साबिर अंसारी, सविता कुमारी, बसंत कुमार, अंजुम खातून, दीपक कुमार, कंचन कुमारी, मनीषा कुमारी, बबीता देवी, केसर परवीन, सबिया खातून सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, किशोरियां मौजूद थी।

## घूमने निकली महिला से बाइकर्स ने चेन छीना

कोडरमा। थाना क्षेत्र अंतगर्त दूधिमाटी में दिनदहाड़े छिनतई की घटना को अंजाम दिया गया, बताया जाता है कि शुक्रवार शाम को घर के बाहर टहल रही महिला गीता देवी पति काशी सिंह से बाइक सवार दो अपराधियों ने सोने की चेन छीन कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही कोडरमा पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पहुंची और महिला से पूछताछ की। पीड़ित महिला ने बताया कि वह घर के बाहर टहल रही थी, इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक तेजी से आये और सिर पर मारा और गले से चेन छीन कर रांची-पटना मुख्य मार्ग की ओर फरार हो गए। महिला के मुताबिक बाइक पर पीछे बैठा व्यक्ति पीला रंग का गमछा से अपना मुंह ढका था, उसी व्यक्ति ने छिनतई की घटना को अंजाम दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हर हाल में निर्धारित अवधि के अंदर लंबित कांडों को निष्पादित करें : एसपी

● पुलिस अधीक्षक ने की लंबित कांडों की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में पुलिस पदाधिकारियों की बैठक हुई, बैठक के दौरान जिले में मादक पदार्थों से सम्बंधित 7 लम्बित कांडों के अलावे विगत 4 वर्षों से अधिक समय से लम्बित 45 कांडों की प्रगति की समीक्षा किया गया, इसमें कोडरमा थाना से सम्बंधित 6 कांड, तिलैया थाना से 14, चंदवारा से 6 जयनगर से 9, तिलैया डैम ओपी से एक, सतगावां से 5, मरकच्चो और नवलशाही से दो-दो लम्बित कांड शामिल है। पुलिस अधीक्षक से लम्बित कांडों को जल्द से जल्द निष्पादित करने, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द सुनिश्चित करने, कुर्की जप्ती की कार्रवाई को तेजी से निष्पादित करने का निर्देश देते हुए थानावार सभी अनुसंधानकताओं को एक निर्धारित समय सीमा के अंदर लम्बित कांडों को निष्पादित करने का निर्देश देते हुए कहा कि कांडों के निष्पादन में लापरवाही बरतने वाले पुलिस पदाधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।बैठक के दौरान एसपी ने लम्बित कांडों के निष्पादन, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी,बकुर्की जप्ती आदि की कार्रवाई को लेकर पुलिस टीम का गठन करने का निर्देश दिया। टीम में पुलिस निरीक्षक सुजित कुमार माइकाअंचल, विनोद कुमार डोमचांच अंचल, पुलिस अवर निरीक्षक प्रेम कुमार पुलिस केंद्र और मनोज कु सिंह अपराध शाखा को शामिल किया गया। एसपी ने टीम में शामिल पदाधिकारियों को अपनी निगरानी में लम्बित कांडों को निष्पादित करवाने का निर्देश दिया। वहीं एसडीपीओ और डीएसपी को भी कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर एसपी श्री सिंह के अलावे एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह डीएसपी रतिभान सिंह, कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार, तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार के अलावे सभी थाना के प्रभारी,अनुसंधानकर्ता आदि मौजूद थे।

## झारखंड में आयुष्मान भारत योजना में अनियमितता

खबर मन्त्र संवाददाता

● निजी अस्पतालों को भुगतान न होने से गरीब मरीजों का इलाज ठप : अनूप जोशी



कोडरमा। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि झारखंड में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार राज्य सरकार की ओर से निजी अस्पतालों को लंबे समय से भुगतान नहीं किया गया है, जिसके चलते कई अस्पतालों ने योजना के तहत मरीजों का इलाज करना बंद कर दिया है। इसका सीधा असर गरीब और जरूरतमंद मरीजों पर पड़ रहा है, जिन्हें मुफ्त इलाज की सुविधा नहीं मिल पा रही है। कई निजी अस्पतालों ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से करोड़ों रुपये का भुगतान लंबित है, जिसकी वजह से उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में अस्पतालों ने योजना के तहत मरीजों को भर्ती करने से मना कर दिया है।

वहीं कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद और रांची जैसे जिलों से मिल रही शिकायतों में यह बात सामने आई है कि आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद मरीजों को अस्पतालों में भर्ती नहीं किया जा रहा है। मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि अस्पताल उनसे नकद भुगतान की मांग कर रहे हैं। एक मरीज के परिजन ने बताया हमारा आयुष्मान कार्ड है, लेकिन अस्पताल वाले कह रहे हैं कि सरकार से पैसा नहीं मिला है, इसलिए इलाज नहीं हो पाएगा। हम गरीब लोग कहां जाएं? स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि भुगतान प्रक्रिया में तकनीकी और प्रशासनिक दिक्कतें हैं, जिन्हें जल्द ही सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है।

वहीं जिला अध्यक्ष अनूप जोशी का कहना है कि अगर जल्द ही राज्य सरकार द्वारा अस्पतालों का भुगतान नहीं किया, तो आयुष्मान भारत योजना की साख पर सवाल उठने लगेंगे और गरीबों के स्वास्थ्य के अधिकार पर सीधा असर पड़ेगा।

## ग्रिजली विद्यालय में नन्हे विद्यार्थियों के बीच रोमांचक पूल पार्टी का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




कोडरमा। ग्रिजली विद्यालय में यूक्रेज़ी से कक्षा 2 तक के विद्यार्थियों के लिए एक शानदार पूल पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने भरपूर आनंद लिया और ढेर सारी हंसी और मस्ती के पल साझा किये। बताते चलें कि यह आयोजन विद्यालय के मनोरंजन पार्क में हुआ, जो बच्चों के लिए विभिन्न आकर्षणों से सुसज्जित था।

इस विशेष आयोजन में कई प्रमुख आकर्षण शामिल थे। स्पलैश पूल में बच्चों ने ठंडे पानी के खेलों का आनंद लिया, वहीं डांस एरेना में उन्होंने अपने उम्दा डांस मूव्स दिखाए। शावर एरेना में बच्चों ने ताजगी का अनुभव किया, जबकि सैंड एरिया में बालू के किलों का निर्माण कर वे खूब आनंदित हुए। गेम एरिया में इंटरएक्टिव खेलों ने उनके मनोरंजन में चार चांद लगा दिया। वहीं बच्चों की सेहत का भी पूरा ध्यान रखा गया। फ्रूट और जूस काउंटर पर उन्हें पौष्टिक फल और स्वास्थ्यवर्धक पेय प्रदान किया गया।

इसके अलावा, सेल्फी प्वाइंट ने उन्हें अपने दोस्तों के साथ यादगार पलों को कैमरे में कैद करने का मौका दिया। इस सफल आयोजन को प्री-प्राइमरी कोऑर्डिनेटर प्रीति जगनानी के निर्देशन में शिक्षकों में स्वेता प्रकाश, सुषमा, श्वेता प्रियंवदा, स्वेक्षा, महिमा, अनु कपसिमे, काजल, परवीन और आरती कुमारी की मेहनत और समर्पण साकार किया। इसके साथ ही प्रधानाचार्य अंजना कुमारी और सीईओ प्रकाश गुप्ता भी इस आयोजन में सम्मिलित हुए। सभी ने इस आयोजन को विद्यालय के बच्चों के लिए एक यादगार और सीखने से भरपूर अनुभव बताया और शिक्षकों की लगन की सराहना की।

# कोयला परिवहन को नयी गति देने को तैयार पूर्व-मध्य रेलवे : महाप्रबंधक

● पूर्व-मध्य रेलवे हाजीपुर के महाप्रबंधक की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




कोडरमा। कोडरमा-तिलैया लाइन की समीक्षा कोडरमा पूर्व-मध्य रेलवे हाजीपुर के महाप्रबंधक छत्रलाल सिंह की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व-मध्य रेलवे क्षेत्र के विभिन्न रेल निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में विशेष रूप से झारखंड के धनबाद रेल मंडल में चल रही महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गयी, जिनमें प्रमुख रूप से कोडरमा-तिलैया नयी रेल लाइन परियोजना, टोरी-शिवपुर तीसरी रेल लाइन तथा गोमो में निर्माणाधीन फ्लाई ओवर शामिल हैं। बैठक में अपर महाप्रबंधक अमरेंद्र कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण-उत्तर) रामजन्म और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण-दक्षिण) रामश्रय पांडे ने भी भाग लिया और संबंधित परियोजनाओं की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में 2025-26 के दौरान नयी लाइन 90 किलोमीटर तथा दोहरीकरण 184 किलोमीटर और परियोजना से जुड़े लगभग 274 किलोमीटर का भी कार्य का लक्ष्य रखा गया है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद ने दी। कोडरमा-तिलैया नयी रेल लाइन बैठक की सबसे अहम कड़ी रही कोडरमा-तिलैया नयी रेल लाइन परियोजना, जिसकी लंबाई 65 किलोमीटर है, इसमें से 50 किलोमीटर तक कार्य पूर्ण हो चुका है। वहीं झारखंड क्षेत्र के 14 किलोमीटर ट्रैक पर सभी आवश्यक प्रक्रिया एवं निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं, रेलवे अधिकारियों ने जानकारी दी कि गझंडी की ओर जाने वाले मार्ग में रेलवे ब्रिज पहले ही बन कर तैयार है, जो लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व पूर्ण हो गया था, अब केवल जामुलदह से खेरोंद तक का निर्माण कार्य शेष है, जिस पर युद्ध स्तर पर कार्य जारी है। उम्मीद है कि फरवरी 2026 तक यह पूरी रेल लाइन चालू कर दी जायेगी। इस रेल लाइन के चालू होते ही कोडरमा से राजगीर जाने में यात्रियों को सुविधा होगी। पहले जहां लंबी दूरी तय कर जाना पड़ता था, अब सीधी कनेक्टिविटी मिलने से समय और पैसा दोनों की बचत होगी। इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 1600 करोड़ रुपये है, टोरी-शिवपुर तीसरी रेल लाइन बैठक में टोरी-शिवपुर तीसरी रेल लाइन पर भी विशेष ध्यान दिया गया। यह परियोजना कोयला लदान और मालवाहन की दृष्टि से अत्यंत अहम मानी जा रही है। वहीं धनबाद रेल मंडल के वरिष्ठ परिचालन प्रबंधक अंजय तिवारी ने बताया कि यह लाइन अगले 15 दिनों में पूरी तरह तैयार हो जायेगी। रेल लाइन की कुल लंबाई 44 किलोमीटर है, जिसमें से केवल टोरी से बीराटोली के बीच सात किलोमीटर का हिस्सा शेष है। शेष हिस्सों में कार्य पूरा हो चुका है। इस लाइन के शुरू होते ही सीसीएल (सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड) के कोयला लदान की क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। वर्तमान में जहां 25 रैक प्रतिदिन कोयला लोड हो रहा है, वहीं इस लाइन के चालू होते ही यह संख्या बढ़ कर 60 रैक प्रतिदिन तक पहुंच सकती है। इसका सीधा लाभ देश के कई राज्यों को समय पर कोयला आपूर्ति के रूप में मिलेगा। यह परियोजना लगभग 900 करोड़ रुपये की लागत से पूरी की जा रही है।

यात्रियों की सुविधा को देखते हुए कोडरमा जंक्शन से होकर नयी दिल्ली और भुवनेश्वर के बीच आरक्षित विशेष सुपर फास्ट एक्सप्रेस ट्रेन (04059/04060) चलायी जायेगी। यह ट्रेन नयी दिल्ली से 24 मई से 14 जून तक प्रत्येक शनिवार को और भुवनेश्वर से 25 मई से 15 जून तक प्रत्येक रविवार को संचालित होगी। इस विशेष ट्रेन की यात्रा नयी दिल्ली से प्रारंभ होकर गोविंदपुरी, प्रयागराज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम, गया, कोडरमा, गोमो, आद्रा, बांकुरा, मिदनापुर, हिजली, जलेश्वर, बालासोर, जाजपुर रोड होती हुई भुवनेश्वर तक की जायेगी। नयी दिल्ली से भुवनेश्वर जाने वाली गाड़ी संख्या 04060 कोडरमा में सुबह 03:35 बजे पहुंचेगी और 03:37 बजे रवाना होगी। वहीं भुवनेश्वर से नयी दिल्ली लौटने वाली गाड़ी संख्या 04059 कोडरमा में सुबह 7:23 बजे पहुंचेगी और 7:25 बजे प्रस्थान करेगी। वहीं भुवनेश्वर से चलने वाली ट्रेन शाम 7 बजे रवाना होकर दूसरे दिन शाम 4:40 बजे भुवनेश्वर पहुंचेगी, जबकि नयी दिल्ली से चलने वाली ट्रेन सुबह 9:30 बजे रवाना होकर अगले दिन रात 12:30 बजे नयी दिल्ली पहुंचेगी।

वहीं धनबाद रेल मंडल के वाणिज्य प्रबंधक एवं जनसंपर्क अधिकारी मो.इकबाल ने बताया कि कोडरमा समेत पूरे मार्ग पर यात्रियों की बढ़ती संख्या और गर्मी की छुट्टियों को देखते हुए यह विशेष ट्रेन चलायी जा रही है।

## खबर एक नजर में

### मुआवजा को लेकर 28 मई को पत्थलगढ़ा में लगेगा विशेष शिविर, नहीं आए तो नहीं सुनी जाएंगी शिकायतें



पत्थलगढ़ा (चतरा)। शिवपुर कठौतिया न्यू पी.जी. रेल लाइन परियोजना के तहत अधिग्रहित रैयती भूमि के मुआवजे को लेकर अब अंचल प्रशासन सख्त है। पत्थलगढ़ा अंचल अधिकारी उदल राम द्वारा जारी कार्यालय आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिन ग्रामीणों की भूमि अधिग्रहित की गई है और अब तक मुआवजा नहीं मिला है या जिन्होंने इसके लिए आवेदन किया है, उनके लिए एक अंतिम विशेष शिविर का आयोजन 28 मई 2025 को पंचायत नावाडीह डमौल के पंचायत भवन में किया जाएगा। विशेष शिविर में प्रभावित ग्रामीणों को अपनी अधिग्रहित भूमि से संबंधित राजस्व कागजात प्रस्तुत करना अनिवार्य है। अंचल अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि पर अनुपस्थित रहने की स्थिति में यह माना जाएगा कि लाभुक को मुआवजा अथवा भूमि अधिग्रहण को लेकर कोई आपत्ति नहीं है और उसके पास इस संबंध में कोई वैध दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं हैं। ऐसी स्थिति में बाद में दिया गया कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसलिए यह शिविर प्रभावितों के लिए अंतिम अवसर माना जा रहा है। अंचल प्रशासन ने इसे लेकर कड़ी चेतावनी जारी करते हुए सभी संबंधित ग्रामीणों से समय पर पहुंचने की अपील की है।

### सिमरिया चौक को ट्रैफिक एवं कचरा मुक्त करने को लेकर बैठक आज



चतरा (सिमरिया)। सुभाष चौक को ट्रैफिक एवं स्वच्छ बनाने को लेकर सिमरिया प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी सनी राज की अध्यक्षता में आज बैठक आयोजित की गई है, जिसे लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने पत्र जारी कर सिमरिया चौक के सभी दुकानदारों, व्यापारिक संघ तथा सभी वाहन एजेंटों को बैठक में भाग लेने को कहा है। मालूम हो कि बसों के सिमरिया चौक के नजदीक खड़ा होने से ट्रैफिक की समस्या उत्पन होते रहती है स्थानीय लोगों को ट्रैफिक का सामना करना पड़ता है। इससे काफी परेशानियां होती हैं।

### हंटरगंज पुलिस ने दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर किये जब्त



हंटरगंज/(चतरा)। प्रशासन के लाख प्रयास के बाद भी हंटरगंज में बालू की तस्करी जारी है। हंटरगंज अंचलाधिकारी अरुण कुमार मुंडा व हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने शुक्रवार अहले सुबह छापेमारी अभियान चलाकर अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त किया। यह कार्रवाई हंटरगंज-औरु गेरुआ मुख्य पथ हंटरगंज नहर पास दो ट्रैक्टर पकड़कर पुलिस थाने ले आई है। वहीं अंचलाधिकारी अरुण मुंडा ने आगे की कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को अनुशंसा की है। हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने कहा कि किसी भी हाल में अवैध परिवहन नहीं करने दिया जाएगा। अवैध बालू परिवहन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि एक सप्ताह से बालू परिवहन पर पुलिस ने लगातार कार्रवाई करते हुए कई वाहनों को जब्त किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध बालू तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

### मवेशी की चपेट में आने से वृद्धि की मौत

गिद्धौर (चतरा)। थाना क्षेत्र के इंद्रा गांव में एक वृद्ध व्यक्ति की मौत मवेशी की चपेट में आने से हो गयी। मृतक वृद्ध द्वारी पंचायत के इंद्रा गांव निवासी 65 वर्षीय बालदेव यादव थे। घटना बीते गुरुवार की देर शाम की है। परिजनों ने बताया कि गुरुवार की देर साम वृद्ध मवेशी चरा कर घर वापस आ रहा था। इसी बीच मवेशी लड़ने लगे। इसी क्रम में वृद्ध मवेशी की चपेट में आ गया। घायल स्थिति में वृद्ध को इलाज के लिए कटकमसांडी ले गए। जहां रास्ते में मौत हो गई। मौत की खबर सुन गांव में मातम पसर गया। जबकि परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों व ग्रामीणों द्वारा मृतक को स्थानीय श्मशान घाट बलबल में शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर मुखिया जगदीश यादव समेत अन्य मौजूद थे।

### तिलैया थाना के सामने जब्त गाड़ियों को रखे जाने से हादसे का खतरा

कोडरमा। झुमरीतिलैया नगर पर्षद द्वारा इन दिनों शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। स्टेशन रोड, झंडा चौक, बस स्टैंड, राजगढ़िया रोड सहित अन्य क्षेत्रों में नगर पर्षद की टीम एक महीनों से अवैध रूप से बनी दुकानों के अलावा अवैध रूप से लगे ठेले-खोमचे को हटाया है। यही नहीं अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ एसडीओ रिया सिंह के नेतृत्व में भारतीय दंड संहिता की धारा 133 के तहत कार्रवाई भी हुई है, पर इसी शहर के स्थित तिलैया थाना के सामने वर्षों से बना अतिक्रमण प्रशासन की आंखों में धूल झोंक रहा है। सड़क के दोनों किनारे पुलिस द्वारा जब्त की गयी गाड़ियां पड़ी हैं, जो आम राहगीरों और वाहनों के लिए बड़ी बाधा बन चुकी है। हाल ही में नगर पर्षद ने इस मार्ग पर थाना के पास डिवाइडर लगा कर सड़क को और भी संकरा बना दिया, जिससे इस हिस्से में दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है, ऐसे में लोग सवाल उठा रहे हैं कि एक ओर आम दुकानदारों को नोटिस जारी कर दंडित किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर तिलैया थाना के सामने खुलेआम किये गये अतिक्रमण पर प्रशासन चुप्पी साधे हुए है। यह दोहरा रवैया क्यों.? लोग पूछ रहे हैं कि आखिर प्रशासन इस हिस्से को अतिक्रमण से मुक्त क्यों नहीं करा पा रहा? वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि अक्सर जब्त की गयी गाड़ियों के कारण राहगीरों को किनारे से निकलना पड़ता है, छोटे वाहन फंस जाते हैं और आपसी झगड़े तक की नौबत आ जाती है।

### 93 लाख की लागत से जयनगर प्रखंड में होंगे विकास के काम



जयनगर (कोडरमा)। विधायक अमित कुमार यादव ने जयनगर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 93 लाख की पांच योजनाओं का शिलान्यास किया। वहीं विधायक ने 15 लाख 55 हजार की लागत से गडगी शिव मंदिर आरइओ रोड से बाराटोली बहादुर यादव के घर तक पीसीसी पथ, पांच लाख 90 हजार 200 की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र, गडगी परसाबाद-दो का सुदृढ़ीकरण, 21 लाख 40 हजार 500 रुपये की लागत से बनने वाले कटिया अखरा चौक से सहदेव राणा के घर तक पीसीसी पथ, 48 लाख नौ हजार 200 रुपये की लागत से अंबाडीह पंचायत तेतरौन में आरइओ रोड से अंबाडीह गांव तक पीसीसी पथ तथा आरइओ रोड पावर हाउस से बागोडीह तक पीसीसी पथ का निर्माण का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वे हमेशा कृत संकल्पित हैं, उन्होंने कहा कि जिस विश्वास के साथ जनता ने उन्हें सहयोग किया है, उस विश्वास को टूटने नहीं दिया जायेगा। मौके पर केदारनाथ यादव, विजय राणा, किशुन यादव, रामजी यादव, शशिकांत चौधरी, बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी, धानेश्वर चौधरी, धानेश्वर राणा, सरफुद्दीन अंसारी, हिंद किशोर राम, लखपत यादव, नागेश्वर चौधरी, केडी यादव, दीपक सिंह, दिलीप यादव, नंदू यादव आदि मौजूद थे।

### अमृत मिशन 2.0 योजना अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान को लेकर स्थल भ्रमण



कोडरमा। नगर पंचायत प्रशासक शंभू प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि आवासान शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं नगर विकास एवं आवास विभाग झारखण्ड सरकार के निर्देशानुसार अमृत मिशन 2.0 योजना अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान वूमेन फॉर-ट्री कैंपेन एक पेड़ मां के नाम अमृत मित्र इनिशिएटिव के तहत प्रथम चरण में कोडरमा नगर पंचायत द्वारा चिन्हित 12 स्थलों पर 21 मार्च से 23 मार्च तक डेएनयूएलएम के द्वारा गठित स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों द्वारा स्थल भ्रमण किया गया। उक्त स्थल पर पूर्व से लगे पेड़, वर्तमान में लगने वाले पेड़ों का आकलन कर, संख्या क्षेत्रफल आकलन कर नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत कुल 12 स्थलों का भ्रमण किया गया है, जो क्रमशः बागीटांड़ स्टेडियम के पास तालाब, दुखहरनी तालाब, सामुदायिक भवन बहेरवाटांड़ के पास, प्रेम सागर तालाब के पास, आयुष्मान आरोग्य मंदिर बरसोतियाबार, अरघोती नदी, बरसोतियाबार तालाब, बड़कीबागी तालाब, मारियमपुर तालाब, बड़की बागी स्कूल, पाण्डेय टोला, बोनाकाली वैर्टीकल थ्री आवास योजना क्षेत्र है। जिसमे कुल 1200 पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के द्वितीय चरण 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बड़े स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा, जो कि 31 अगस्त तक सभी स्थलों में वृक्षारोपण पूर्ण हो जायेगा एवं वृक्षारोपण के पश्चात् सभी पेड़ पौधों की देखभाल करने की जिम्मेवारी स्वयं सहायता समूह को दी जाएगी। उक्त कार्यक्रम में संजीत कुमार साहु, विशाल कुमार साव, दिग्विजय कुमार, बसंत कुमार, निरंजन कुमार, रश्मि सिन्हा, रेणु देवी, नीलम देवी एवं सभी स्वयं सहायता समूह की सदस्य उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### कंचन प्रजापति भरनो एवं संतोष कुमार सिंह सिसई थाना प्रभारी बने

गुमला। पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने दो थाना प्रभारियों का तबादला करते हुए उन्हें पुलिस केंद्र गुमला भेज दिया है। जिसमें थाना प्रभारी सिसई तरूण कुमार व थाना प्रभारी भरनो कृष्ण कुमार को पुलिस केंद्र भेजते हुए कंचन प्रजापति को थाना प्रभारी भरनो एवं संतोष कुमार सिंह को थाना प्रभारी सिसई प्रतिनियुक्त किया है। एसपी ने स्थानांतरित पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने प्रतिनियुक्त स्थलों पर योगदान देते हुए अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया है।

### मोटरयान निरीक्षक व थाना प्रभारी ने चलाया वाहन जांच अभियान



गुमला। पुलिस अधीक्षक गुमला के निर्देशानुसार मोटरयान निरीक्षक रोबिन अजय सिंह, प्रदीप कुमार तिर्की एवं गुमला थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली के द्वारा शुक्रवार को सड़क सुरक्षा के तहत गुमला थाना के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें कागजात से संबंधित त्रुटियों का जांच किया गया। आवश्यक कागजात नहीं प्रस्तुत करने पर 34 वाहनों से 52,000 रुपये की दंड राशि वसूला गया।

### सूंडी समाज गुमला का आम सभा कल

गुमला। सूडी समाज गुमला का आम सभा 25 मई को गुमला बस पड़ाव स्थित समाज के धर्मशाला में आहुत की गई है। आम सभा में नये कमिटी का गठन किया जाएगा। बैठक में वर्तमान कमेटी द्वारा पूरे कार्यकाल की उपलब्धि व आय व्यय प्रस्तुत की जाएगी। यह जानकारी समाज के सचिव संदीप प्रसाद ने दी है।

### फांसी लगाकर महिला ने की आत्महत्या

चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के बेंदोरा स्थित अखरा के पास अपने ही घर में 28 वर्षीय नीलिमा लकड़ा पति रितेश उरांव ने घर पर रात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना को लेकर परिजनों ने बताया कि पति-पत्नी के बीच अक्सर नोकझोंक होती रहती थी। जिसे नीलिमा लकड़ा ने ये कदम उठाया होगा। जानकारी के अनुसार नीलिमा लकड़ा हाल ही में अपने बेटे ऋषभ उरांव से मिलकर रांची से लौटी थी। जो वहां पढ़ाई करता है। घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना के एसआई दिनेश कुमार मौके पर पहुंचे। बेंदोरा मुखिया सुशील दीपक मिंज भी घटनास्थल पर उपस्थित थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रसोईया संयोजिका अध्यक्ष संघ की बैठक सिसई में संपन्न

गुमला। झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संयोजिका अध्यक्ष संघ की बैठक सिसई प्रखंड कार्यालय परिसर में जिला अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष देवकी देवी की अध्यक्षता में हुई। संचालन प्रखंड अध्यक्ष संतोषी देवी प्रखंड सचिव सरिता देवी ने किया। बैठक में प्रदेश का फैसला को जिला में लागू करते हुए प्रखंड मे भी लागू करने व 29 मई को जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय मे ताला बन्द करने की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। वहीं सदस्यता अभियान चलाने पर बैठक में जोर दिया गया।

### चेंबर का प्रतिनिधिमंडल मापतौल पदाधिकारी से मिला, रखी समस्या



गुमला। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में चेंबर का एक प्रतिनिधि मंडल गुमला मापतौल विभाग के नवनियुक्त पदाधिकारी शशि संगीता से उनके कार्यालय में औपचारिक मुलाकात की और पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। ज्ञात हो कि मापतौल विभाग गुमला में पदाधिकारी सुचारू रूप से नहीं होने के कारण काफी समस्याएं हो रही थी। इस संदर्भ में चेंबर ने डीसी से मिलकर समाधान की मांग की थी और डीसी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तुरंत नए पदाधिकारी को नियुक्त कराया। इसके लिए अध्यक्ष राजेश सिंह ने पूरे चेंबर ऑफ कॉमर्स की तरफ से डीसी को धन्यवाद दिया। चेंबर सचिव बबलू वर्मा ने सभी पदाधिकारी व सदस्यों का परिचय कराया। तत्पश्चात राजेश सिंह ने नए पदाधिकारी को चेंबर के कार्यशाली से अवगत कराया और पिछले दिनों गुमला का व्यापारियों का मापतौल विभाग में जितनी भी समस्याएं थी जो भी कार्य लंबित था। उनके बारे में विस्तार से चर्चा किया और शीघ्र इसका निरकरण की मांग की। विभाग के पदाधिकारी के द्वारा प्राथमिकता के आधार पर सभी लंबित मामलों को जितना जल्दी हो सके निष्पादन करने का अश्वासन दिया और कहा कि जो भी समस्याएं होंगी व्यापारियों को अब निराशा नहीं होगी। शुक्रवार और शनिवार को मापतौल विभाग का कार्यालय दिन भर खुला रहेगा। व्यापारी अपना काम आकर करा सकते हैं। इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, अभिजीत जायसवाल, सरजू प्रसाद, दिनेश अग्रवाल, दिलीप गुप्ता आदि उपस्थित थे। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी इम्तेयाज मिनी ने दिया।

### परियोजना निदेशक आईटीडीए ने सदर अस्पताल गुमला का किया निरीक्षण



गुमला। परियोजना निदेशक आईटीडीए रीना हांसदा ने गुरूवार की देर शाम सदर अस्पताल गुमला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी पंजी, डिलीवरी रजिस्टर, दवा भंडारण एवं विभिन्न वार्डों का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया एवं मौके पर उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। परियोजना निदेशक ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि मातृ वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना एवं आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का लाभ सभी योग्य लाभुकों तक सुनिश्चित रूप से पहुंचाया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि डिस्चार्ज के समय ही जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए। उन्होंने अस्पताल परिसर की स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा रोगियों को समय पर दवा एवं परामर्श उपलब्ध कराने हेतु भी आवश्यक निर्देश दिए।

## बिग ब्रदर ने नाइट क्रिकेट कार्निवल के खिताब पर जमाया कब्जा

### नशा पान के खिलाफ युवा अपनी जिम्मेवारी को समझे : एसडीपीओ

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम गुमला में स्व अशोक वर्मा की स्मृति में आयोजित नाइट क्रिकेट कार्निवल प्रतियोगिता के खिताब पर बिग ब्रदर की टीम ने कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबला ऑक्सफोर्ड 11 और बिग ब्रदर रांची के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बिग ब्रदर की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 131 रन बनाये। जिसमें चंदन ने सर्वाधिक 42 रन और संदीप ने 32 रनों का योगदान दिया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी ऑक्सफोर्ड 11 की टीम 107 रनों पर सिमट गई। इससे पूर्व सेमीफाइनल मुकाबले में निहाल 11 की टीम को पराजित कर ऑक्सफोर्ड 11 की टीम फाइनल में पहुंची थी। विजेता टीम को एक लाख रुपए नकद और ट्रॉफी दी गई। वहीं उपविजेता टीम को 51000 नकद और ट्रॉफी दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीपीओ गुमला सुरेश प्रसाद यादव, सार्जेंट अभिमन्यु कुमार, थाना प्रभारी महेंद्र करमाली थे। आयोजन समिति के द्वारा कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथि सहित प्रतियोगिता के सफल संचालन में सहयोग करनेवाले लोगों को शॉल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि वर्तमान समय में नशापन बढ़ता जा रहा है। खासकर युवा वर्ग इसकी चपेट में आ रहे हैं। ऐसे में युवा वर्ग को सचेत और जागरूक होने की जरूरत है। साथ ही प्रबुद्धजन भी जागरूक हो और उन्हें किसी तरह की नशापान से संबंधित जानकारी मिलती है तो पुलिस सूचना दें क्योंकि नशापान के कारण लगातार कई घटनाएं घट रही हैं। सभी को मिलकर इसपर अंकुश लगाने की जरूरत है। इस अवसर पर बबलू वर्मा, जितेंद्र सिंह, शशि प्रिय बंटी, कुंदन रॉय, राजेश सिंह, संजय गुप्ता, ओम शंकर सिंह, लाल शेखर नाथ शाहदेव, मनोज चौधरी, पुनीत सोनी, सौरभ कुमार, मधुसूदन उरांव, ज्ञान प्रकाश, विनीत नाग, शशि रंजन,अमन आनंद अनिकेत कुमार,शुभम नवल सिंह, कमल पठान, मनीष कुमार, अभय कुमार, अमन आनंद, गोलू, आतिश, आयुष राज, यमुना झा, गिरधर साहू, आदर्श व अन्य लोग मौजूद थे।

## पीडीजे ने किया मंडल कारा का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। झालसा, रांची के निदेर्शानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा ने मंडल कारा, लोहरदगा का निरीक्षण किया। इस दौरान सीजेएम केके मिश्रा, डालसा सचिव राजेश कुमार, एलएडीसीएस चीफ नसीम अंसारी, डिप्टी चीफ नारायण साहू उपस्थित रहे। वहीं न्यायिक पदाधिकारियों ने जेल के विभिन्न वार्डों, रसोईघर, अस्पताल, वीसी कक्ष, मुलाकात कक्ष आदि का निरीक्षण कर स्वच्छता की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही न्यायाधिकारियों ने जेल में बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं, जिससे उनकी आवश्यकताओं और कठिनाइयों की जानकारी प्राप्त की जा सके। वहीं उन्होंने मंडल कारा में मिलने वाली सुविधाओं को जाना। वहीं बताया गया कि मंडल कारा में कुल 248 बंदी है। जिसमें 9 महिला, एक बच्चा, 52 सजावर बंदी हैं। वहीं 35 बंदियों की सिलाई प्रशिक्षण दी जा रही है। वहीं बताया गया कि कार्यकारी अध्यक्ष, झालसा, रांची द्वारा झारखंड के सभी पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा और सचिव को जेल का दौरा करने का निर्देश प्राप्त हुआ है।

साथ ही जेल निरीक्षण के बाद अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश मिला है।

## हम स्वार्थ की राजनीति नहीं, मजदूर की सेवा करते हैं : धीरज प्रसाद साहू

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। छोटानागपुर बॉक्साइट और कोल वर्कर्स यूनियन के महासचिव सह पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने गुरदरी माइंस में मजदूरों के साथ शुक्रवार को बैठक की। जिसमें मजदूरों की समस्याओं को सुना गया। मौके पर धीरज साहू ने कहा कि वह स्वार्थ की राजनीति नहीं करते। वह मजदूर की सेवा करते हैं। उनका पूरा परिवार प्रारंभ काल से ही यहां के लोगों, यहां के किसानों, यहां के मजदूरों और यहां के गरीबों के अधिकार और उनके विकास को लेकर काम करता रहा है। उन्होंने हमेशा ही हिंडाल्को के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। कुछ लोग मजदूर का खुद को हितैसी बता कर हिंडाल्को कंपनी से अपना लाभ लेने के चक्कर में पड़े रहते हैं। मजदूर वर्ग को मूर्ख बनाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि मजदूर उनके साथ दें, वह मजदूरों के साथ खड़े हैं। मजदूरों की समस्याओं का निदान और उनका विकास ही उनकी एकमात्र प्राथमिकता है। धीरज साहू ने कहा कि मजदूर ही उनकी ताकत हैं। यूनियन का महासचिव होने के नाते उनका यह दायित्व है कि वह मजदूरों के साथ हमेशा खड़े रहें और उनका उनका अधिकार दिलाएं। विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा कि मजदूरों से संबंधित सभी समस्याओं का निदान अवश्य ही किया जाएगा। इस मौके पर हातिम अंसारी, रौनक इकबाल, राजेश शर्मा, संजीव शर्मा, एकरामुल अंसारी, रियाज अंसारी, कंवलजीत सिंह, पंकज सिंह, सचिन, सोहराब अंसारी, उदय गुप्ता, जशबीर एक्का, बरना बस, लीनुस कुजूर, जेवियर बेंग, चरण सिंह, शिपरियां मुंडा, हाबिल बेंग, अशलम आदि उपस्थित थे।

### बनारी व लापू में अज्ञात अपराधियों ने दो वाहनों में लगायी आग

## एक्सयूवी जलकर हुआ खाक

खबर मन्त्र संवाददाता

**ट्रैक्टर में आग लगने के बाद ग्रामीणों ने बुझाया, हुआ आंशिक क्षति**



गुमला। बिशुनपुर थाना क्षेत्र के बनारी एवं लापू दो अलग अलग जगह पर अज्ञात अपराधियों के द्वारा दो वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। जिससे निराशी पंचायत के पूर्व मूखिया जय प्रकाश उरांव का एक्सयूवी कार पूरी तरह से जलकर राख हो गया। वहीं ट्रैक्टर को आंशिक क्षति हुई है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को निराशी पंचायत के पूर्व मुखिया जयप्रकाश उरांव अपना एक्सयूवी कार को लेकर लापु गांव पहुंचे। जहां वे लक्ष्मी नारायण साहू के घर के समीप अपना गाड़ी खड़ा कर लक्ष्मी के गाड़ी में सवार होकर दोनों अपने निजी कार्य को लेकर रांची चले गए। तभी अचानक शुक्रवार की सुबह करीब 3:00 बजे अज्ञात अपराधियों के द्वारा पूर्व मुखिया जय प्रकाश उरांव के खड़े कार में आग लगा दिया गया। जिससे कार पूरी तरह से जलकर राख हो गया। गाड़ी में लगे आग की लपटे इतनी जोरदार थी कि लक्ष्मी नारायण साहू का घर को भी पकड़ लिया। इसके बाद घर वाले उठे तो देखें कि घर में आग लगा हुआ है। जहां ग्रामीण एवं घर के अन्य सदस्यों के द्वारा आग को बुझाया गया। जिससे घर जलने से बच गया। इधर अपराधी कार में आगजनी करने के बाद बनारी गांव पहुंचे। जहां टायर दुकान में खड़ी नेतरहाट निवासी रिंकू पंडित का ट्रैक्टर में पुआल डालकर आग लगा दिया गया। जिसे ग्रामीणों द्वारा देखे जाने पर उसे बुझा दिया गया। जिस कारण ट्रैक्टर को आंशिक क्षति हुई है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। घटना के संबंध में पूछे जाने पर बिशुनपुर थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि जानकारी मिलने के तुरंत बाद बिशुनपुर पुलिस घटनास्थल पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है।

उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टि या घटना आपसी रंजिश के कारण की गई है। ऐसा प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस के द्वारा पूरे गहनता के साथ मामले की जांच की जा रही है कोई भी अपराधी होगा वह बख्शा नहीं जाएगा।

### बसिया : दो बाइक की भिडंत में एक की मौत, चार घायल



बसिया। बसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कलिगा गांव के समीप दो बाइको में हुई सीधा भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार कामडारा के बानपुर डेम्बू टोली निवासी कृष्णा मुंडा (16), पारही चंगाबारी निवासी कर्मा भेंगरा (18) एवं समीर मुंडा (18) एक बाईक में सवार होकर साकिया गांव जा रहे थे। तभी कलिगा गांव के समीप अनियंत्रित होकर सामने से एक बाईक पर आ रहे बड़गी टोली तमड़ा सिमडेगा निवासी श्याम तिर्की एवं अरबिंद किंडो को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में कृष्णा मुंडा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद समीर मुंडा, श्याम तिर्की एवं अरविन्द किंडो को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। वहीं घटना के बाद मौके पर पहुंची बसिया पुलिस ने मृतक कृष्णा मुंडा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल को मिला भेज दिया है।

## संतुलित व सम्पूर्ण पोषण में नैनो उर्वरक की अहम भूमिका

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। जिला में कार्यरत खुदरा एवं थोक उर्वरक विक्रेताओं का शुक्रवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन इफको द्वारा किया गया। खरीफ मौसम में धान एवं अन्य फसलों की खेती के लिए उर्वरक प्रबंधन पर चर्चा करते हुए संकर एवं उन्नत प्रजाति के बीजों का बिचड़ा में जमाव अच्छी तरह से होने के लिए इफको नैनो डी ए पी से शोधन करने के बारे में चन्दन कुमार प्रबंधक इफको के द्वारा जानकारी दी गई। कहा गया कि प्रति किलो 5 मि.ली. नैनो डी ए पी को आवश्यकतानुसार पानी में मिलाकर बीज को 20 से 30 मिनट तक छाए में रखना है फिर शोधित बीज को तैयार नर्सरी में गिरा देना है। यदि धान के बीज का शोधन नहीं कर पाए हैं तो तैयार बिचड़ा को रोपाई के समय नैनो डी ए पी के 5 मि.ली.प्रति लीटर पानी के घोल में 20 मिनट तक डुबोकर रोपाई कर देने से फसल को उसके जड़ तंत्र में सीधे रूप से नैनो डी ए पी का समावेश हो जाता है और इससे जड़ का विकास अच्छी तरह से होता है। इफको के राज्य विपणन प्रबंधक डॉ शशि भूषण समदर्शी ने उपस्थित प्रतिभागियों को टिकाऊ खेती में नैनो उर्वरकों के प्रयोग एवं लाभ पर चर्चा की। जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी नरेश टुडू ने कहा कि आप सभी इस मौसम में किसानों को समस्त उत्पादन सही समय पर उपलब्ध कराएं। आप सभी नैनो यूरिया एवं नैनो डी ए पी का भी प्रयोग किसानों को प्रोत्साहित कर कराएं। मौके पर गुमला जिले के थोक विक्रेता रामजी प्रसाद, दीपक अग्रवाल ने भी सहभागिता निभाया।

### 36वां प्रांतीय खेलकूद कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता में विद्या मंदिर ने लहराया परचम



लोहरदगा। विद्या विकास समिति द्वारा आयोजित सरस्वती विद्या मंदिर कुम्हारटोली हजारीबाग में 36वां प्रांतीय खेलकूद कबड्डी एवं खो खो प्रतियोगिता संपन्न हुआ। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के वंदना सभा में प्रतिभागी भैया- बहनों को सम्मानित किया गया। जिसमें अंडर-17 किशोर वर्ग भैया ने विद्या मंदिर गुमला को पराजित कर शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के अंडर-17 भैया बने प्रथम विजेता। व-14 खो-खो बाल वर्ग बहनें उपविजेता बनी। भैया-बहनों के इस उपलब्धि पर गुमला के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, प्रबंधकारिणी समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, शारीरिक आचार्य जोधन सिंह एवं समस्त प्रबंधकारिणी समिति ने भैया -बहनों के उत्तम स्वास्थ्य एवं निरोग रहने की शुभकामना देते हुए क्षेत्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आशीर्वाद दिया।

### वैदिक यज्ञ धार्मिक,आध्यात्मिक और सामाजिक मूल्यों को बढ़ावा देता है : डॉ अशोक आचार्य

लोहरदगा। झारखंड राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा रांची एवं आर्य समाज लोहरदगा वेद प्रचार समिति के संयुक्त तत्वाधान में 1 जून दिन रविवार को मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला महाविद्यालय बरवाटोली में स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव, स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती एवं आर्य समाज की स्थापना के 150वीं पूरे होने पर 51 कुण्डीय विश्व कल्याण वैदिक महायज्ञ के आयोजन की रूपरेखा हेतु बगडू मोड़, अमलाटोली स्थित आर्य आर्यसमाज के कोषाध्यक्ष दीपक कर्मकार के आवास में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के लिए चर्चा की गई। एक दिवसीय 51 कुण्डीय वैदिक महायज्ञ, अस्त्र शस्त्र एवं दंड संचालन से भरपूर शोभायात्रा एवं राष्ट्ररक्षा कवि सम्मेलन आर्य समाज लोहरदगा के द्वारा प्रस्तावित है। इस अवसर पर वेदों के प्रकांड विद्वान भजनोपदेशक एवं राष्ट्रीय कवि कुलकर्णी अभ्यांतर भी शामिल होंगे। 1 जून को कार्यक्रम प्रातः 6:30 बजे से 8:30 बजे तक 51 कुण्डीय विश्व कल्याण वैदिक महायज्ञ, सायं 4:00 बजे से 7:00 बजे तक वीर वीरांगनाओं के द्वारा शोभायात्रा, रात्रि 700: बजे से 9:00 बजे तक संगीतमय लव कुश श्रीराम मिलन, रानी लक्ष्मी बाई लघुनाटक एवं राष्ट्ररक्षा कवि सम्मेलन आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ऋषिलंगर हेतु लोहरदगा के जनता से आर्थिक सहयोग राशि, आटा, चावल देने की अपील की गई है। इस चर्चा में आर्य समाज लोहरदगा के प्रधान नीरज आर्य, मंत्री डॉ अशोक आचार्य, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार कर्मकार, वेद प्रचारक विश्वनाथ वाचस्पति, मीडिया प्रभारी हिमांशु कुमार, लोकेश भूषण, उमेश कुमार, रामदेव कुमार, मनोज, लक्ष्मण साहू, विनय वर्मा, रितेश साहू व आर्य समाज के कार्यकर्ता मौजूद थें।

### गुमला जिप की बैठक का सदस्यों ने किया बहिष्कार

गुमला। जिला परिषद की बैठक का शुक्रवार को जनप्रतिनिधियों ने मान सम्मान नहीं मिलने के कारण बहिष्कार कर दिया। विशेषकर जिला परिषद अध्यक्ष की कार्यशैली से सदस्य नाराज दिखे। इस सबंध में कामडारा जिप सदस्य दीपक कुमार ने बताया कि अध्यक्ष की कायशैली से सभी पंचायत प्रतिनिधि नाराज हैं। उन्होंने कहा कि जरूरत के समय जिप अध्यक्ष को फोन करने पर वे रिसिव भी नहीं करती है और न ही बाद में कोई कॉल करती है। यहां तक की प्रखंडों में संचालित योजनाओं की भी जानकारी उन्हें नहीं दिया जाता है। इस प्रकार की कार्यशैली से पूरे जिले के प्रमुख, जिला परिषद सदस्य नाराज हैं।

## सजायाफ्ता वारंटी मो अतीक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर ने बताया कि फरार चल रहे सजायाफ्ता और वारंटी अभियुक्तों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है**

लोहरदगा। सदर थाना पुलिस को शुक्रवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। लोहरदगा न्यायालय जीआर संख्या 476/2017 के तहत सजायाफ्ता वारंटी अभियुक्त मो अतीक को गिरफ्तार कर कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। अभियुक्त मो अतीक, उम्र लगभग 48 वर्ष, पिता स्वर्गीय मो. सफीक, निवासी बंगला रोड, आजाद बस्ती, लोहरदगा, न्यायालय से दोषसिद्ध घोषित होने के बावजूद लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा लगातार उस पर नजर रखी जा रही थी, और गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर ने बताया कि फरार चल रहे सजायाफ्ता और वारंटी अभियुक्तों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अतीक को कड़ी निगरानी और रणनीति के तहत गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि कानून की नजरों से कोई नहीं बच सकता और ऐसे अभियुक्तों पर लगातार कार्रवाई होती रहेगी। लोहरदगा सदर थाना पुलिस की इस कार्रवाई से जिले में कानून व्यवस्था को लेकर आम नागरिकों में भरोसा और भी मजबूत हुआ है। यह स्पष्ट संकेत है कि न्याय से भागने की कोई गुंजाइश अब नहीं बची है।

## कुडू : मूक-बधिर महिला व बेटी लापता

खबर मन्त्र संवाददाता



कुडू। थाना क्षेत्र के जिमा गांव निवासी नंदकुमार राम की 32 वर्षीय पत्नी सरिता देवी, जो मूक-बधिर हैं, 22 मई को अपनी डेढ़ वर्षीय बेटी अनिका को लेकर घर से बिना किसी को जानकारी दिए चली गईं। तब से उनकी कोई खबर नहीं है। थक हार कर परिजनों ने शुक्रवार को कुडू थाने में जाकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। कुडू थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए खोजबीन शुरू कर दी है। आसपास के इलाकों में सर्च अभियान जारी है और संबंधित लोगों से भी अनुरोध किया गया है कि यदि उन्हें सरिता देवी और उनकी बच्ची का कोई पता चले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस हरसंभव प्रयास कर रही है ताकि मां और बेटी को जल्द से जल्द सुरक्षित घर लौटाया जा सके। परिजन भी पुलिस से गुहार लगा रहे हैं कि उनकी प्रियजन को सकुशल ढूंढ़कर वापस लाया जाए। इस घटना से पूरे परिवार में चिंता और बेचैनी का माहौल है।

## जनगणना कॉलम में सरना कोड की मांग को लेकर राजभवन घेराव 26 को: चैतु उरांव

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने विशुनपुर व घाघरा प्रखंड के कांग्रेसियों के साथ की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष चैतु उरांव ने बिशनपुर एवं घाघरा प्रखंड में बैठक कर कार्यकर्ताओं को 26 मई को राजभवन घेराव ,जनगणना कोलम में सरना कोड की मांग एवं जिला स्तरीय विधानसभा स्तरीय संविधान वचाओ यात्रा की जानकारी दी।

साथ ही उन्होंने ने कहा कि 27 मई को कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी मांडर में आ रहे हैं। उनके बातों को सुनने के लिए काफी संख्या में लोगों को आने की अपील की। साथ ही जिले से काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गुमला की जनता राजभवन घेराव में पहुंचेगी। बैठक में कहा कि इस वर्ष कांग्रेस पार्टी कस संगठन सृजन का वर्ष है। गठन सृजन के तहत प्रखंड, मंडल पंचायत वार्ड एवं बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए कमिटी का गठन करना है। संगठन सृजन के तहत आगामी एक माह का कैलेंडर तैयार कर सभी स्तर के कमेटियों का गठन हेतु निर्देश दी गई। साथ ही अग्रणी मोर्चा संगठन, प्रखंड एवं मंडल स्तर पर भी कमेटियों का गठन करने का निर्देश दिया गया। वर्तमान में पार्टी के द्वारा संविधान बचाओ रैली का आयोजन भी किया जाना है। इसके तहत जिला स्तरीय, विधानसभा स्तरीय एवं घर-घर संविधान बचाओ अभियान की तैयारी में भी चर्चा हुई। आने वाले दिन में बेहतर से बेहतर कार्यक्रम करने का निर्देश सभी प्रखण्ड पदाधिकारीयों को दिया गया।

घाघरा प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष अरुण पांडेय, विशुनपुर प्रखण्ड कोंग्रेस अध्यक्ष राजु भगत के नेतृत्व में घाघरा एवं विशुनपुर प्रखंड के नवनीत पदाधिकारीयों को मनोनयन पत्र जिलाध्यक्ष चैतु उरांव के कर-कमलों द्वारा समर्पित किया गया। बैठक में महेश अगुसटीन, रमेश जायसवाल, कृष्णा लोहरा, तरुण गोप, विजय विरहोर, राजीव उरांव, भदेशवर उरांव, सरोजनी किरण भगत, सोमारी, शहजाद खान, सौरभ भगत, अमर उरांव, वशीम अंसारी, इलाही खां, सुमंत ठाकुर, वुधवा उरांव, विजय राम, दिलवहार, विनोद राम, सचीन साहु, कलीम खान, बसंत भगत, किनु लोहरा, गनदुर महली, चरवा उरांव, सोमरा उरांव, महाजन उरांव, बसंत तुरी, सुरेंद्र उरांव, रमेश भगत, ऊषा केरकेट्टा,सिताराम मुणडा, शिव उरांव, रविन्द्र लोहरा, चंन्द्रर लोहरा, वुधराम भगत, विशुन उरांव, विजय नायक, जीवन कुमार, रमेश उरांव, अमीत कुजुर, ईश्वर भगत, सुरेंद्र भगत, फुलेश्वर बिरजिया सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कैरो के उतका में आयोजित विश्व कल्यानार्थ रुद्रमाहायज्ञ में कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



कैरो। प्रखंड के उतका में आयोजित नौ दिवसीय विश्व कल्यानार्थ रुद्रमाहायज्ञ के आठवें दिन सुबह में परिक्रमा के साथ ही यगकर्ता, आचार्य व अन्य विध्वतजनों के द्वारा सभी यजमानों को पूजा अर्चना करवाने के बाद दिन भर भजन कृतन चलता रहा। व दोपहरी बाद अनेक प्रवचनकर्ता द्वारा प्रवचन का आयोजन किया गया। देर रात तक वृंदावन से आये कलाकारों द्वारा रासलीला का अद्भुत कार्यक्रम किया गया। शुक्रवार को मनसदीप सेवा संस्थान अनाथालय के अध्यक्ष सह प्रधान सुभाष कुमार सिंह का आगमन हुआ। जिन्हें आयोजक समिति व संस्थान के भक्तों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करते हुए पगड़ी बैच व माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए मुख्य चौक से यज्ञशाला तक लाकर अध्यक्ष बिपिन कुमार सिंह सहित आयोजक समिति के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। शुक्रवार को कई भक्तों का यज्ञोपवीत कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। आज यज्ञ का पूणार्हुति भी किया जाएगा। प्रवचन के क्रम में रामलीला का झांकी, कृष्ण लीला का झांकी व शिवलीला का झांकी देखर भक्त मनमुग्ध होते दिखाई दिया। इस यज्ञ में कैरो, उत्का, सढ़ाबे, टाटी, खरता, चाल्हो, नरौली, गुड़ी, हनहट, कुडू, भंडरा, चान्हो, रांची, लोहरदगा, लातेहार, चंदवा, चतरा से भक्तगण पहुंचे। कार्यक्रम को सफल बनाने में यगकर्ता अयोध्या के संत भागवतानंद महाराज, आचार्य कौशलकांत त्रिपाठी, निरजकांत त्रिपाठी, सूर्यकांत त्रिपाठी, पूज्या मंदाकिनी जी, नागा साधु, अध्यक्ष बिपिन सिंह, प्रकाश सिंह, डॉ भोला प्रसाद, उज्ज्वल कुमार सिंह, सुनील सिंह, जगदीश यादव, शरत कुमार विद्यार्थी, आदित्य यादव, सुनील यादव, लखन उरांव, राजेन्द्र यादव, राजू सोनी, बजरंग सोनी, श्यामसुंदर उरांव, विष्णु उरांव, लक्ष्मण उरांव, रंजन कुमार, रामपवित्र सोनी, सोनू कुमार, अमन कुमार, छोटे सोनी, राजू सोनी, अनिल तिवारी, रौशन तिवारी व सदस्यों का योगदान रहा।

# पलामू टाइगर रिजर्व में माफिया राज : बीड़ी पत्ते की लूट में शामिल तंत्र, चुप्पी की कीमत तय

# वन विभाग की चुप्पी क्या खामोश सौदे का इशारा है !

खबर मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह।** पलामू टाइगर रिजर्व आज बाघों से नहीं, माफियाओं से दहशत में है। इको सेंसिटिव जोन के नाम पर जहां कड़ी पाबंदियां लागू होनी चाहिए, वहां इस वक्त जंगल को बेरहमी से निचोड़ा जा रहा है। बीड़ी पत्ता की अवैध तुड़ाई इस कदर बढ़ गई है कि पूरे इलाके में खाकी और वर्दी दोनों की मिलीभगत साफ दिख रही है। बरवाडीह प्रखंड के केड़, चुगरु, मोरवाई कला, हरातु, सैदुप, छेचा, बढनिया, मंडल, लात, हेहेगड़ा और छिपादोहर जैसे इलाके अब बीड़ी माफिया कॉरिडोर बन चुके हैं।


इको सेंसटिव जॉन में बेरोकटोक जारी है बीड़ी पत्तो की तुड़ाई।

## सरकार को करोड़ों का चूना, माफिया मालामाल

सरकार जिस पत्ते की नीलामी से हर साल करोड़ों कमाती थी, आज उससे एक फूटी कौड़ी भी नहीं मिल रही। वजह साफ है, अब जंगल माफियाओं के कब्जे में है। सूत्रों का कहना है कि इस गोरखधंधे के पीछे एक संगठित सिंडिकेट है, जिसमें न सिर्फ वन विभाग के अफसर, अन्य तंत्र और नक्सली भी हिस्सेदार हैं। जंगल से पत्ते निकालकर ठीकेदारों के खलिहानों तक पहुंचाना, ट्रकों में भरकर सीमाओं के बाहर भेजना। सब कुछ एक मजबूत नेटवर्क के तहत हो रहा है।

**कहने को टाइगर रिजर्व, असल में लूट का अड्डा :** इको जोन में किसी भी वन उत्पाद के दोहन पर सख्त रोक है। लेकिन जब कानून बनाने और लागू करने वाले ही खेल में शामिल हों, तो जंगल बचाना तो दूर, बेच देना भी आसान हो जाता है। मजदूरों को तय मजदूरी नहीं मिलती, ठेकेदार माफिया से सस्ते में पत्ता तुड़वाते हैं और जंगल के सीने पर खुलेआम बोरों के बोरे भरते हैं। बीड़ी पत्ता की यह अवैध फसल जंगल के हर हिस्से में काटी जा रही है,बिना किसी डर, रोक या कायदे के।

## कागज पर कानून, जमीन पर माफिया की सरकार

सरकारी फाइलों में नियम-कानूनों की भरमार है। कहा गया है कि टाइगर रिजर्व में तुड़ाई तो दूर, प्रवेश भी अनुमति के बिना वर्जित है। लेकिन जमीनी हकीकत ये है कि जिन इलाकों में प्रवेश निषेध है, वहीं सबसे ज्यादा लूट मची है। नक्सली प्रभाव वाले क्षेत्रों में इस कारोबार को बाकायदा सुरक्षा दी जाती है और वन विभाग अपनी आंखें मूंदे बैठा है। सवाल उठता है, क्या पीटीआर में तैनात अधिकारी अंधे हैं? या फिर यह चुप्पी मोटी रकम में तौली जा चुकी है ?

## जंगल जल रहा है, व्यवस्था तमाशबीन है

बाघों का आश्रय स्थल कहे जाने वाले पलामू टाइगर रिजर्व की आत्मा अब माफियाओं के पंजे में है। जंगल की हर शाख, हर पत्ता लूटा जा रहा है, ये खबर महज एक अवैध कारोबार की नहीं, बल्कि तंत्र के सड़ने की गवाही है। अगर समय रहते इस पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाली पीढ़ियों को सिर्फ फाइलों में टाइगर रिजर्व मिलेगा हकीकत में सिर्फ राख और खाक।

## स्पीड न्यूज

### पारिवारिक विवाद में महिला ने जहर खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के हांथडीह ग्राम में शुक्रवार देर शाम एक महिला ने पारिवारिक विवाद में जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार संजू देवी 26 वर्ष पति लालदेव यादव ग्राम हांथडीह थाना बारीयातू निवासी का अपने पति के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई थी। जिसके बाद गुस्से में आकर महिला ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के बाद परिजनों द्वारा महिला को अचेतावस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद महिला की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### जीआरसी केंद्र का उद्घाटन आज

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड कार्यालय परिसर में जेंडर रिसर्च सेंटर का उद्घाटन आज किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया की सरकार की महत्वपूर्ण योजना के तहत जीआरसी केंद्र का उद्घाटन किया जाएगा। सेंटर का कार्य समग्र विकास की प्रक्रिया के लिए होगा। जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं के साथ हो रहे घरेलू हिंसा, बाल विवाह, मानसिक प्रताड़ना, यौन उत्पीड़न, बाल विवाह या किसी अन्य तरह की शिकायत का निवारण हेतु किया गया है। जिसमें लातेहार विधायक, जिला परिषद उपाध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, चिकित्सा पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी समेत कई लोगों को आमंत्रित किया गया है।

### दो जिले को जोड़ने वाली सड़क दे रही है मौत का न्योता


मौत को दावत देती सड़क।

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय से सटे लंका ग्राम की मुख्य सड़क, जो दो जिलों को आपस में जोड़ती है, कई वर्षों से बदहाली का शिकार है। यह सड़क क्षेत्र के लिए बेहद अहम है क्योंकि हर दिन सैकड़ों गाड़ियां और पैदल राहगीर इसी रास्ते से गुजरते हैं। लेकिन इसकी हालत इतनी खराब है कि यह सड़क नहीं, एक उबड़-खाबड़ खेत जैसी लगती है। गड्ढों से भरी यह सड़क बारिश से पहले ही दलदल जैसी हो चुकी है। जरा सोचिए, जब मानसून पूरी तरह से सक्रिय होगा, तब यहाँ से गुजरना मौत को दावत देने से कम नहीं होगा। पैदल चलने वालों को कीचड़ और फिसलन से जूझना पड़ता है, तो वाहन चालकों के लिए यह जानलेवा साबित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों से इस सड़क के निर्माण कराने की मांग की गई, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं मिला। चुनावी वादों में सड़क का नाम जरूर लिया जाता है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। आखिर जनता को बुनियादी सुविधाओं के लिए भी कब तक संघर्ष करते रहना होगा। क्या लंका गांव की ये टूटी सड़क कभी सुर्खियों में आएगी, या किसी बड़े हादसे के बाद ही प्रशासन जागेगा।

### एक माह के भीतर दूसरी बार नक्सलियों ने मजदूरों को पीटा

**महुआडांड।** नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के दस्ते ने एक माह के अंदर दूसरी बार अपनी मौजूदगी दिखाते हुए थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ग्राम चुटिया में जिला परिषद लातेहार डीएमएफटी मद से चुटिया और बेलवार गांव के बीच निमार्णाधीन पुलिया कार्य में कार्य कर रहे मजदूरों के साथ जमकर मारपीट की। एवं संगठन के बिना अनुमति के कार्य नही करने का सख्त निर्देश दिया। उक्त कार्य के संवेदक बरवाडीह निवासी नितिन अग्रवाल पिता हर्ष किशोर है। घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार रात्री लगभग सात बजे जब पुलिया का ढलाई काम खत्म कर मजबूर घर आने की तैयारी कर रहे थे। तभी चार से पांच नक्सली बेलवार जंगल की ओर से आकर ढलाई काम करा रहे फिरोज अंसारी और उनके मशीन ऑपरेटर के साथ मारपीट की। साथ ही काम को बंद करा दिया। घटना की सूचना मिलते ही रात में डीएसपी शिवपूजन बहेलिया नेतृत्व पुलिस बल के घटनास्थल पर पहुंचे। उल्लेखनीय हो कि कुछ दिन पूर्व ही लातेहार पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला के सभी सवेंदकों के साथ बैठकर विकास कार्य प्रभावित करने पर बैठक किया था। जिसमें बैठक में साफ तौर कहा गया था की पांच बजे शाम तक साईट पर काम कर वापस आने की बात कही गई थी। लेकिन बिना सुचना के ही देर शाम तक साईट पर काम चल रहा था।

# अखबार में छपी खबर का दिखा असर, वेतनमान पर लगी रोक, बावजूद इसके दिखे कई आंगनबाड़ी केंद्र बंद

खबर मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए राज्य सरकार की ओर से आंगनबाड़ी केंद्रों में करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। बावजूद इसके आंगनबाड़ी केंद्र नहीं खुलने से लाभुक परेशान है। जिसकी खबर अखबार में प्रकाशित होने के बाद बालूमाथ बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सोमा उरांव ने आंगनबाड़ी सेविका बालूमाथ की सुलेखा कुमारी, आंगनबाड़ी सेविका भैंसादोन की मानो देवी, आंगनवाड़ी सेविका जरी की सुनीता देवी, आंगनवाड़ी सेविका नगडा एक की वसुधा देवी वहीं आंगनबाड़ी सेविका नगडा दो की रीना देवी के वेतनमान पर रोक लगा दिया है। इस संबंध में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने पत्र जारी कर कहा है कि अखबार में छपी खबर के बाद सेविका से अपने-अपने


बंद पड़ी आंगनबाड़ी केन्द्र।

आंगनबाड़ी केंद्र बंद रखने का कारण स्पष्ट करने को कहा है। साथ ही उनके वेतनमान पर रोक लगाते हुए कहा है कि आपके विरुद्ध अग्रेतर कार्यवाही हेतु पत्राचार किया जाएगा। इसके बावजूद शुक्रवार बालूमाथ के टमटम टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र एवं बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के आंगनबाड़ी केंद्र हरिजन टोला एवं झाबर स्थित बिरहोर टोला का आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि इन सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविकाएं आकर पोषण ट्रैकर के माध्यम से बाहर से ही अपना हाजिरी बनाकर वापस घर चली जाती है। वही बच्चों को प्रतिदिन दिया जाने वाला नाश्ता में हलवा वही खाना में भात दाल या खिचड़ी और अंडा कभी दिया ही नहीं जाता। कमोबेश यही स्थिति बालूमाथ, बारियातु, हेरहंज के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की है। सेविकाएं खानापूर्ति के लिए आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर पोषण ट्रैकर के माध्यम से हाजिरी बनाकर वापस घर लौट जाती हैं। और बच्चे को दिए जाने वाले निवाला को डकार जाती हैं। जिससे सरकार द्वारा बच्चों को कुपोषण से बचाने एवं धातृ महिलाओं को दिए जाने वाले लाभ से ग्रामीण वंचित रह जा रहे हैं। धातृ महिला एवं नवजात की नियमित स्वास्थ्य जांच नही हो पा रही है। और टीकाकरण प्रभावित हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पोषण ट्रैकर के माध्यम जांच होने पर दोषी पाए जाने पर बालूमाथ के 50%से अधिक सेविका का वेतन काटा गया है। बावजूद इसके कोई सुधार नही है। अधिकारियों द्वारा नियमित सेंटर जांच नहीं होने के कारण सेविकाएं खानापूर्ति कर रही है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने बताया कि नियमित सेंटर बंद होने की शिकायत प्राप्त होने के बाद वेतमान पर रोक के साथ सेविका को हटाने की प्रक्रिया की जायेगी।

## आम बागवानी पर अज्ञात लोगों ने 112 पौधों को काटकर किया नस्ट


बागवानी को दिखाते हुए पिड़ित।

खबर मंत्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड स्थित गाड़ी लोदमदाग के पैंसराही बिरहोर पतरा मे मनरेगा योजना के तहत लगे आम बागवानी को बिते रात अज्ञात लोगों ने 112 पौधे को काटकर नस्ट कर दिया। घटना के संबंध मे जानकारी देते हुए लाभुक शंकर उरांव ने बताया की महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी के तहत 2023-24 मे आम बागवनी योजना का लाभ मिला था। जिसे मैं चारो ओर तरा और जाली से घेराव कर रखा था और दूर से पानी लाकर पटवन कर आम पौधे को हरियाली बनाया। प्रतिदिन शाम सुबह देख रेख करते थे। गुरुवार शाम को प्रति दिन की भांति बागवानी देखकर अपना घर चले गए। सुबह जब आम बागवानी देखने आए तो आते ही सारे आम के पौधे कटे देखकर हक्का बक्का बंद हो गया। उम्मीद थी की आगे इससे बेहतर आमदनी मिलेगा जिससे रोजगार मिलने के साथ पलायन रुकेगा। लेकिन अज्ञात घृणित निकृस्ट व्यक्ति ने आम पौधे को भी नहीं बख्सा उसे लाइन से एक-एक कर काटकर नस्ट कर दिया। पिछले दो वर्षों से आस उम्मीद लगाकर आम बागवानी मे मेहनत कर पौधे को बड़ा कर रहे थे। इस वर्ष से फल भी देना शुरू कर दिया था। बिते रात आम के पौधे काटने के कृत्य से परेशान हैं। लोग इस हद तक गिर जायेंगे पता नहीं था। घटना की सूचना पाकर पंचायत मुखिया सरिता देवी आम बागवानी पहुंचकर क्षति का जायजा लिया। उक्त संबंध मे बीडीओ अमित कुमार पासवान ने कहा की आम बागवानी काटकर नस्ट किए जाने की खबर मुखिया द्वारा प्राप्त हुआ है। सबसे पहले लाभुक को थाना मे एफआईआर करवाने को कहा गया है। विभाग इसके लिए जांच कमिटी भेजकर जांच करायेंगे। इसके बाद ही स्पष्ट हो पायेगा की कैसे क्यों कब किसके द्वारा ऐसा क्या गया है। पीड़ित परिवार ने जांच कर दोषी पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## भाजपा के द्वारा पुण्य श्लोक अहिल्या बाई होलकर जी की जन्म जयंती वर्ष समारोह मनाया गया


जन्म जयंती समारोह मनाते सांसद एवं अन्य।

➲ सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में भाजपा के द्वारा अहिल्याबाई होलकर जी का जन्म जयंती समारोह मनाया गया

➲ राज्य सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि अहिल्या बाई की जीवनी संघर्षों से भरा हुआ है, उन्होंने मुगलों से लड़ने का काम किया था और अपने राष्ट्र धर्म की रक्षा की थी।

खबर मंत्र संवाददाता

**लातेहार।** उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि अहिल्या बाई की जीवनी संघर्षों से भरा हुआ जीवनी है। उन्होंने बहुत ही कम उम्र में महारानी का कार्य संभालते हुए मुगलों से लड़ने का काम किया था और अपने राष्ट्र धर्म की रक्षा की थी। उन्होंने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होलकर एक ऐसी नारी थी जिन्होंने कभी भी मुगलों को अपने नजदीक तक नहीं आने दिया उनकी जीवनी से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। कार्यक्रम की प्रभारी प्रदेश नेत्री लवली गुप्ता कहा कि महारानी अहिल्या बाई एक ऐसी नारी थी जिनके नेतृत्व में अपने धर्म की रक्षा के लिए वे सदैव तैयार रहती थी। उनका मानना था कि पहले राष्ट्र धर्म की रक्षा हमारा पहला कर्तव्य होना चाहिए। उन्होंने विस्तार पूर्वक अपनी बात रखते हुए कहा कि आज के इस युग में महारानी अहिल्याबाई होलकर जी से बहुत कुछ हम युवाओं को सीखने को मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह जी ने सर्वप्रथम विषय प्रवेश करवाते हुए अहिल्या बाई की जीवनी पर प्रकाश डाला और उन्होंने कहा कि आज इस वर्तमान परिस्थिति में उनकी शोर्यगाथा की चर्चा हम सभी युवाओं को करना चाहिए। वे एक महान विभूति थे और उन्होंने हम सभी को बहुत कुछ देकर सिखाकर गए हैं। कार्यक्रम आयोजन करता अधिवक्ता राजीव रंजन पाण्डेय जी ने भी अहिल्याबाई होलकर जी की जीवनी पर प्रकाश डाला, इससे पूर्व सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित कर एवं वंदे मातरम की गीत के साथ मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जंहा कार्यक्रम का संचालन पार्टी के जिला महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि अमलेश कुमार सिंह ने किया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के अलावा मनिका के पूर्व विधायक हरेकृष्ण सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता राजमनी प्रसाद, राजधानी प्रसाद यादव, जिला परिषद के अध्यक्ष पूनम देवी, भाजपा उपाध्यक्ष राकेश दुबे, महामंत्री बंसी यादव, विद्यालय के लिए जमीन दाता के रूप में दिनेश महलका, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामदेव सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेंद्र पांडे, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष, एसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष पिन्टू रजक, मंडल अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद, विष्णु प्रसाद गुप्ता, जिला कार्य समिति सदस्य आनंद सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य मनोज प्रसाद, नगर अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, उत्तम कुमार, सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य गन एवं काफी संख्या में पहुंचे हुए विद्यार्थी गन उपस्थित थे।

### डीवीसी, तुबेद कोयला खान के सीएसआर गतिविधियों के विधायक प्रतिनिधि बने प्रभात कुमार गुप्ता


प्रभात कुमार गुप्ता।

**लातेहार।** स्थानीय विधायक प्रकाश राम ने प्रभात कुमार गुप्ता पिता रामरेखा प्रसाद ग्राम मुरूप पंचायत डीही प्रखंड लातेहार को सीएसआर गतिविधियों के लिए विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है। उन्होने वरिष्ठ महाप्रबंधक (खनन) तुबेद कोयला खान, दामोदर घाटी निगम और को संबोधिक एक पत्र जारी किया है। और इसका एक प्रतिलिपि उपायुक्त को भी सौंपा है। प्रभात कुमार गुप्ता को तुबेद कोयला खान दामोदर घाटी निगम के सीएसआर गतिविधियों के लिए विधायक प्रतिनिधि मनोनीत करने पर पवन कुमार, ऋषिकांत पाठक, विजय गुप्ता, अंकित वर्मा, अनिल कुमार सिंह, सुदर्शन दुबे, तेज प्रकाश, विपिन साहू समेत कई लोगो ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

### शौकाकुल परिवार से मिले राज्यसभा सांसद


विधायक सांसद एवं अन्य परिवार से मिलते हुए।

**लातेहार।** जालिम खुर्द ग्राम में पुलिस की बर्बरता पूर्ण कार्रवाई से मृतक स्वर्गीय दुखन साव के गांव हेरहज पहुंचे राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, उन्होंने शौकाकुल कुल परिवार से कहा कि पार्टी की ओर से राज्य सरकार से मांग की गई है कि मृतक के परिजन को 50 लाख रुपए एवं एक आश्रित को सरकारी नौकरी दिया जाए, लातेहार पुलिस की कार्रवाई से यह प्रतीत होता है कि लातेहार जिले में आपातकाल जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है जमीन के मामले में दोनों पक्ष को बैठाकर मामले को सुलझाना चाहिए न की रात्रि के 11:00 बजे गणेश साहू के घर पर जाकर लाठी चार्ज करना पुलिस का अमानवीय चेहरा सामने दिखता है जिस जिले का रक्षक ही भक्षक बन जाए इससे बड़ा दुर्भाग्य की कोई बात नहीं हो सकती। मैं पुलिस प्रशासन से आग्रह करता हूं सभी निर्दोष व्यक्तियों को डीएसपी स्तर पर जांच करा कर निर्दोष व्यक्तियों को जल्द से जल्द रिहा करें। राज्यसभा सांसद ने पीड़ित सोकाकुल परिवार को एक लाख रुपए का सहयोग राशि दिया। मौके पर उपस्थित थे विधायक प्रकाश राम, जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, पूर्व विधायक हरेकृष्णा सिंह, राजधानी प्रसाद यादव, संतोष यादव, उषा देवी, रेणु देवी, बंसी यादव, अमलेश सिंह, मनीष जायसवाल, विजय गुप्ता, मंडल अध्यक्ष कन्हाई साहू, प्रमोद कुमार, लव सिंह, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### खड़ी बस को बाइक ने मारी टक्कर, 3 घायल

**चंदवा।** एनएच-22 रांची-चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत थाना अंतर्गत नगर के समीप शुक्रवार की दोपहर बाद यात्रियों को लेने के लिए खड़ी खुशी नामक यात्री बस से एक अनियंत्रित बाइक जा टकराई। इस दुर्घटना में बाइक सवार संजय भगत पिता बुधराम भगत, निरंजन भगत पिता शकलदेव भगत व मुन्ना भगत (तीनों बलबल बालूमाथ) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से प्रशासन के द्वारा तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया गया। यहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलिमा कुमारी की देख रेख में तीनों का प्राथमिक उपचार किया गया। घटना को लेकर संजय भगत ने बताया कि वह बंगलौर काम करने के लिए जा रहा था। उसे छोड़ने के लिए निरंजन एवं मुन्ना आ साथ में रहे थे। इसी दौरान बाइक का संतुलन बिगड़ गया, जिस कारण उक्त हादसा हुआ। खबर लिखे जाने तक तीनों का उपचार सीएचसी में ही चल रहा था।

### बनहरदी कोयला खनन परियोजना (पीवीयूएन एल) द्वारा सासंग में लगाया गया मेडिकल कैंप



**चंदवा।** बनहरदी कोयला खनन परियोजना द्वारा सामुदायिक विकास कार्य अंतर्गत शुक्रवार को प्रखंड के सासंग में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बनहरदी परियोजना के महाप्रबंधक के. चंद्रशेखर के द्वारा किया गया। इसके उपरांत शिविर में ग्राम सासंग के अलावे आन, चेतर और अन्य आस-पास के गांवों के लगभग 260 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया एवं चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार नि:शुल्क दवाएं भी वितरित की गया, इस दौरान नि:शुल्क में पैथोलॉजी जांच भी कराया गया। शिविर में आए लोगों को प्रबंधन के अधिकारियों ने जन कल्याणकरी योजनाओं की जानकारी साझा की एवं कार्यक्रम की सराहना भी की। कार्यक्रम में बनहरदी परियोजना के एम चंद्रशेखर, अपर महा प्रबंधक (खनन) आर बी सिंह, अपर महा प्रबंधक (सिविल, भू अर्जन, पुनर्वास) विनेश कुमार, मनीष देवदत्त एक्का, अबीर लाल नाथ, शुभंकर मंडल कार्यपालक (आर एंड आर) समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### ग्रामीणों ने श्रमदान कर किया सड़क निर्माण


ग्रामीणों के द्वारा सड़क का निर्माण कराया गया।

**चंदवा।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत हुटाप के तूरुवा से सिसकरिया मोड़ जाने वाली ग्रामीण पथ पर अम्बाटांड तोरार के पास ग्रामीणों ने श्रमदान कर चलने योग्य कच्ची सड़क का निर्माण किया। विदित हो कि विगत 7 वर्षों पूर्व तूरुवा से सिसकरिया तक सड़क शिलान्यास किया किया गया था। जिसके बाद सड़क बना पर पुल नहीं बन पाया। जिस कारण लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कत हो रही थी। उक्त पथ रोजाना स्कूली विद्यार्थी समेत सैकड़ों ग्रामीण प्रखंड मुख्यालय आवागमन करते है, सड़क पर पुल नहीं बनने से बरसात के दिनों में लोगों को काफी मुश्किल करना पड़ रहा था। जिसे देखते हुए ग्रामीणों ने श्रमदान एवं चंदा कर चलने योग्य बनाया। इस कार्य में सुनील गंझू, छोटेलाल गंझू, मोहन गंझू, बीडीओ गंझू, बालेश्वर गंझू, जतरू गंझू, चंदर गंझू, सोहराय गंझू, संजय गंझू, नरेश गंझू, जितन गंझू, जगमोहन गंझू, कमलेश गंझू, सुरेश गंझू, लितु गंझू, मंगरा गंझू एवं पंचायत के जन वितरण प्रणाली दुकानदारों ने काफी सहयोग किया।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

महुआडांड। महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चीरोपाठ निवासी अनामिका नगेसिया पिता अर्जुन नगेसिया ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिछले दो वर्षों से अंबवाटोली स्थित कार्मेल हॉस्पिटल के समीप किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करती थी। वहीं घटना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अवैध संबंध के शक में पति ने किया था पत्नी रेशमा की हत्या

## पुलिस ने हत्या का खुलाशा करते हुए एक सप्ताह के अन्दर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

खबर मंत्र संवाददाता

**सरयू।** रेशमा देवी की हत्या मामले का गारू पुलिस ने उदभेदन करने में सफल हुई है पुलिस ने इस मामले में रेशमा के पति को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में प्रेस वार्ता कर पुलिस ने बताया कि पिछले दिनों 16 मई को गारू थाना को सुचना मिली थी कि ग्राम लुहूरटांड़ स्थित कोयल नदी में एक शव बालू में दफनाया गया है जिसका हाथ बाहर दिख रहा है उसके बाद पुलिस ने शव को कोयल नदी में बालू से बाहर निकल गया और गारू थाना कांड सं० 21/25, दि.-16. 05. 2025 धारा-103(2)/238 बी.एन.एस. के तहत कांड दर्ज किया गया। इसके बाद मामले के उदभेदन के लिए पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महुआडांड़ के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया। जिसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महुआडांड़ के निर्देश पर कांड अनुसंधान के क्रम में अज्ञात शव का पहचान रेशमा देवी उम्र करीब 26 बर्ष पति मुकेश


गिरफ्तार अपराधी।

प्रसाद ग्राम सुकरी हेठपोचरा थाना जिला लातेहार के रूप में हुई थी। अनुसंधान के क्रम में आयें तथ्यों के आधार पर मृतिका रेशमा देवी के पति मुकेश प्रसाद को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ किया गया तो मुकेश प्रसाद के द्वारा अपनी पत्नी रेशमा देवी की हत्या करने की बात स्वीकार किया और बताया गया कि करीब 1.5 वर्षों से दोनों पति-पत्नी के बीच न्यायालय में तलाक का मामला चल रहा था तथा दोनों पति-पत्नी द्वारा एक दुसरे के उपर अवैध संबंधों के संदेह में झंझट होते रहता था। दोनों पति-पत्नी का एक दूसरे के अवैध संबंधों का संदेह एवं घरेलू विवाद के कारण हत्या की घटना को अंजाम दिया गया। अभियुक्त मुकेश प्रसाद के बताने के अनुसार डालटनगंज रेलवे स्टेशन से कुछ दूर रेलवे लाइन के पुल वाला नाला से मृतिका का मोबाइल और जंगल से मृतिका के दाहिने पैर का सैंडल तथा मुकेश प्रसाद के धांगरटोला स्थिति डेरा से गड्ढा करने में प्रयुक्त रोटी बनाने वाला लोहे का तावा एवं अभियुक्त का मोबाइल बरामद किया गया तथा उन्हें शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। छापेमारी दल में मुख्य रूप से बरवाडीह अंचल प्रभारी अशोक कुमार सिंह, गारू थाना प्रभारी पारसमणी, बारेसांड़ थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास, भागीरथ पासवान, राजीव रंजन, इंद्रदेव राम, सुशोभन रॉय, जगदीश महतो, राहुल कुमार, समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

# सीसीएल कथारा जीएम कार्यालय के समक्ष स्वांग स्लैरी मजदूरों का जोरदार प्रदर्शन




खबर मन्त्र संवाददाता

**कथारा।** कार्य से बैठाएं जाने के बाद न्यायालय के आदेशानुसार नियोजन नहीं दिए जाने को लेकर शुक्रवार को स्वांग स्लैरी मजदूर ने सीसीएल कथारा महाप्रबंधक कार्यालय पर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कई ऐसे मजदूर भी थे जो अपनी उम्र सीमा पूरी करने के बाद नियोजन से लेकर वंचित रह गए। आज खास बात यह देखा गया कि यह प्रदर्शन में ना कोई जनप्रतिनिधि और ना कोई ट्रेड यूनियन के नेता मजदूरों का प्रतिनिधित्व करते नजर आए। बताया जाता है कि दर्जनों आवार्डी मजदूर सुबह लगभग 11:00 बजे कथारा महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचे तथा स्थाई नियोजन देने की मांग करते हुए प्रबंधक विरोधी नारा लगाएं। वही मजदूरों ने अपनी अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन क्षेत्रीय प्रबंधक को सौंपा और कहा कि अगर हमारी मांग को प्रबंधन द्वारा अनदेखी किया गया तो हम सभी बाध्य होकर 27 मई 2025 को कथारा मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष भूख हड़ताल में बैठने को। जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी और यदि भूख हड़ताल में किसी प्रकार का अप्रिय घटना किसी मजदूर के साथ होगी तो इसकी सारी जवाबदेही आप प्रबंधन की होगी। मौके पर आवॉर्डी मजदूर छोटू मांझी, बाबूराम, लेलो रविदास, नीलकंठ, सीताराम, राधेश्याम, गणेशाराम, भरत राम, बुटकी बाई, ज्योति बाई, सूक्त बाई, जाकिर अंसारी, हितेन भाई, दुर्योधन धोबी व दर्जनों मजदूर उपस्थित थे।

# बोकारो : धर्म महासम्मेलन पर आयोजित अखंड हरि कीर्तन में श्रद्धालु हुए भाव विभोर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** तीन दिवसीय धर्म महासम्मेलन के अवसर पर आनंद नगर आध्यात्मिक केन्द्र में आयोजित अखंड हरि कीर्तन के विषय में सेवा धर्म मिशन के विश्व स्तरीय सचिव आचार्य मंत्रजपानंद अवधूत ने कहा कि ईश्वर की प्राप्ति के सुगम साधन कीर्तन है। कीर्तन-भक्ति और ध्यान का अद्वितीय माध्यम है जिसके माध्यम से एक व्यक्ति ईश्वर के साथ गहरा संवाद स्थापित कर सकता है।

उन्होंने बताया कि कीर्तन की शक्ति व्यक्ति को अविरल ध्यान व स्थिरता और आनंद की अनुभूति देती है। यह एक अद्वितीय विधि है जो हमें मन- शरीर और आत्मा के संगम के अनुभव को आदर्श दशार्ती है। कीर्तन से हम अपने मन को संयमित कर सकते हैं और इंद्रियों के विषयों के प्रति वैराग्य की प्राप्ति कर सकते हैं। यह हमें अविरल स्थिति में रहने की क्षमता प्रदान करता है और हमारे जीवन को धार्मिक और आध्यात्मिक महत्वपूर्णता के साथ भर देता है। कीर्तन एक विशेष तरीका है जिसके माध्यम से हम समस्त जगत के साथ सामरस्य और सामंजस्य का अनुभव कर सकते हैं। यह हमें एक साथी बनाता है जो हमें ईश्वर के साथ अनन्य रूप से जोड़ता है और हमें सबके प्रति प्रेम और सेवा की भावना से प्रेरित करता है। इस प्रकार कीर्तन हमें अद्वैत संबंध अनुभूति दिलाता है जहां हम सभी में ईश्वर की दिव्य आत्मा की पहचान करते हैं। उक्त आशय की जानकारी संघ की ओर से आचार्य रमेन्द्रानंद अवधूत ने दी।



## एक नजर में

### बेरमो : हिन्द मजदूर किसान यूनियन ने नये एसओपी का किया स्वागत



बेरमो। सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय में नये एसओपी माधुरी मटकके के पद ग्रहण करते ही स्वागत करने वालो की श्रृंखला शुरू हो गई है। इसी क्रम में आज हिन्द मजदूर किसान यूनियन के वरीय नेता मो शमशुल हक के नेतृत्व में युनियन से जुड़े दर्जनों नेता व कार्यकर्ता कथारा जीएम आफिस पहुच कर नये एसओपी माधुरी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया तथा औपचारिक मुलाकात और क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा हुई। इस मौके पर उपरोक्त युनियन के हक के अलावे मो सज्जाद, एम पुनित, मुनजल कुमारी, सब्बा मकदुम, मदन लाल घांसी, अमीत टोप्पो, विक्रम कुमार, लवली बाई, पार्वती देवी, तुलिया देवी, सुमन देवी आदि दर्जनों लोग शामिल थे।

### दिल्ली और पटना से आई युवतियों ने रक्तदान कर दिया मानवता का संदेश : ब्लडमैन सलूजा




फुसरो। फुसरो के अवध बैंक्ट हॉल में स्वं ऋषिकेश नारायण सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर शिवम शिल्प कला केंद्र संस्था द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन को हूमैनिटी सेवियर्स के सहयोग से संपन्न किया गया। जिसमें रेड क्रॉस ब्लड बैंक बोकारो से आये चिकित्सक, टेकिनशियन व सहयोगियो द्वारा कुल 35 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिवम शिल्प कला केंद्र की अध्यक्षा मधु सिंह ने कहा रक्तदान ही एक ऐसा दान है जिससे रक्त मिलने वालों को तो जीवन दान मिलता ही है, साथ ही रक्त दान करने वालों को भी कई तरह के फायदे होते हैं। ह्यूमैनिटी सेवियर्स के संस्थापक अध्यक्ष ब्लड मैन हरबंश सिंह सलूजा ने बताया की कार्यक्रम में पटना से युवा डोनर स्निग्धा साक्षी और प्रगति एवं दिल्ली से आशिका युवरानी ने रक्तदान कर अपनी उपस्थिति दर्ज करायी, जो विशेष रूप से प्रशंसा योग्य रही। मनोरमा सिंह ने कहा कि रक्तदान – महादान की भावना से प्रेरित यह शिविर समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत सिद्ध हुआ। डॉ शिव नारायण सिंह ने कहा कि आगे भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर आयोजित किए जाएंगे। शिविर को सफल बनाने में शिवम कला केंद्र की मधु सिंह, जमशेदपुर संस्था की ममता सिंह, फुसरो के सदस्य रिशव कुमार सिंह, मोहित सैनी, प्रिया अमित, समर, अलिंदर कुमार सिंह, लक्ष्मी सिंह एवं ह्यूमैनिटी सेवियर्स के हरबंश सिंह सलूजा, जयप्रकाश सिंह एवं प्रवीण कुमार का विशेष योगदान रहा। मौके पर युवा व्यवसायी संघ फुसरो के अध्यक्ष बैभव चौरसिया, फुसरो नप के पूर्व पार्षद भरत बर्मा, समाजसेवी पिंटु सिंह, कुंदन कुमार, कामता प्रसाद आदि लोग मौजुद थे।

### कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देश पर महागामा शहर सफाई का कार्य प्रारंभ



महागामा। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार के निर्देश पर पर्यवेक्षक मोहम्मद फिरोज अंसारी व दिलदार अंसारी के नेतृत्व में शहर साफ–सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया है। हालांकि सुबह की बारिश के कारण कार्य में थोड़ी बाधा जरूर आई, लेकिन इसके बावजूद जहां–जहां कचरे का डंप बना हुआ है, वहां सबसे पहले कचरा हटाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। इस क्रम में स्वच्छता कार्यों का जायजा लेने विधायक प्रतिनिधि विपिन बिहारी सिंह स्वयं क्षेत्र में पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ–सफाई को लेकर चल रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि साफ–सफाई को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।यह कार्य जनहित में है और इसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से सुचारू रूप से जारी रखा जाए।

### शादी की नियत से नाबालिग को भगाने के आरोपित को सश्रम कारावास

गोड्डा। पोक्सो के विशेष न्यायाधीश सह अपर जिला जज प्रथम कुमार पवन के न्यायालय ने शादी की नियत से नाबालिग को भगाने के आरोपित देवदांड़ थाना क्षेत्र के जीतपुर निवासी अजय कुमार सेन को दोषी पाकर 366 भादवि के तहत छह वर्ष सश्रम कारावास एवं 20,000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने पर छह माह अतिरिक्त कारावास से दंडित किया गया। मामले को लेकर देवदांड़ थाना क्षेत्र में 15 अप्रेल 23 को दर्ज प्राथमिकी में नाबालिग के पिता ने कहा गया है कि 12 अप्रैल 23 की रात को 12 बजे उसकी 13 वर्षीय पुत्री मां के साथ शौचालय के लिए उठी, उसके बाद सोई तो सुबह उसे घर में नहीं देखा गया। काफी खोनबीन करने पर पता चला की जीतपुर के अजय कुमार सेन के साथ कहीं जा रही थी। मोटरसाइकिल से पीछा किया गया लेकिन कुछ पता नहीं लग पाया। वहीं बाद में छानबीन करने पर नाबालिग लड़की व अजय कुमार सेन को उसके रिश्तेदार के घर से बरामद किया गया था। मामले के विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से आठ गवाहों का परीक्षण कराया गया। उभय पक्षों की दलील सुनने के उपरांत न्यायालय ने सजा सुनाई।

### स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन




बेरमो। डीवीसी बोकारो थर्मल में स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डीवीसी बोकारो थर्मल प्रबंधन की ओर से बोकारो क्लब में आज स्थानीय बच्चों एवं डीवीसी कर्मियों के बच्चों के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ो की संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का आयोजन प्रबंधक (मानव संसाधन) संज्ञा दास, उप प्रबंधक (मानव संसाधन) एस ए अशरफ, शाहिद इकराम, विनय कुमार, दीनानाथ शर्मा एवं खेल प्रशिक्षक शिबू कुमार की देखरेख में संपन्न हुई । प्रतियोगिता के? निर्णायक के रूप में बोकारो थर्मल की मिस आरती कुमारी एवं कथारा के श्री गौरव कुमार रहें। बच्चों द्वारा स्वच्छता से संबंधित एक से बढ़कर एक पेंटिंग बनाई गई । बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी क्लब में मौजूद रहे।

### तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर मे मासिक लोक अदालत का हुआ आयोजन

तेनुघाट कोर्ट। झालसा, रांची एव बोकारो प्रधान जिला एव सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार शनिवार 23 मई को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव महोदय सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने कहा कि माननीय झालसा, रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो द्वारा मासिक लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में लंबित सभी प्रकार के सुलहनीय आपराधिक मामलों, सिविल वाद, क्लेम वाद, एन आई एक्ट वाद एवं बिजली विभाग, वन विभाग, उत्पाद विभाग, श्रम विभाग, माप–तौल विभाग, टेलीफोन विभाग से संबंधित मामलों का त्वरित निष्पादन हेतु किया जाता है। इस मासिक लोक अदालत के सफल संचालन के लिए दो बेंच का गठन किया गया था। जिसके पहले बेंच पर जिला जज प्रथम फहीम किरमानी और अधिवक्ता सुजीत कुमार जायसवाल एव दूसरे बेंच पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय और अधिवक्ता प्रशांत पाल मौजुद थे। आज के इस मासिक लोक अदालत में सुलहनीय आपराधिक वाद के 6 मामलों का निष्पादन किया गया, जिसमें 2,250 रुपए सुलहनीय राशि प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी न्यायिक पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण, विद्वान पैनल अधिवक्तागण, कर्मियों एवं पारा लीगल वालंटियर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### चास नगर निगम ने कराई सिंगारी जोरिया की सफाई



बोकारो। डीसी विजया जाधव के निर्देश पर नगर निगम चास द्वारा सिंगारी जोरिया की निगम के सफाई कर्मियों की टीम द्वारा सफाई अभियान चलाकर सफाई किया गया। उधर शहर के विभिन्न नालों की साफ–सफाई का काम तेजी से समाप्त करने के लिए नगर निगम चास की ओर से कार्य जारी है। सफाई कार्य को मजदूरों के अलावा जेसीबी– ट्रैक्टर एवं अन्य वाहनों के माध्यम से पूर्ण करने का काम जारी है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में सेविका सहायिकाओं की भूमिका अहम है: डीसी

## जिला परिषद बोकारो के सभागार में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**विजया जाधव ने प्रशिक्षण सत्र में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए उपलब्ध कराई गई आंगनबाड़ी किट के संबंध में बताया**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** जिला परिषद बोकारो के सभागार में जिले के नव चयनित 89 सेविका-सहायिकाओं का जिला स्तरीय दो दिवसीय उन्मुखीकरण-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर डीसी विजया जाधव जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता डीपीआरओ रवि कुमार एवं नव चयनित सेविका-सहायिका ने किया। मौके पर एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह डीडीएम कंचन कुमारी विभिन्न परियोजना के सीडीपीओ महिला पर्यवेक्षिका आदि उपस्थित थे। इस दौरान डीसी ने सेविका-सहायिकाओं को उनके दायित्वों का बोध कराते हुए अपनी जिम्मेदारियां पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ निभाने का संदेश दिया।

उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों में उनकी भूमिका एवं किए जाने वाले कार्यों आदि के बारे में बताया। कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के सफल संचालन में सेविका-सहायिकाओं की अहम भूमिका है।

सेविका-सहायिकाओं का किशोरियों गर्भवती महिलाओं धात्री माताओं बच्चों को पोषण स्वास्थ्य उनकी प्रारंभिक शिक्षा सब उनके कार्य दायित्व में शामिल हैं। उन्होंने प्रशिक्षण सत्र में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए उपलब्ध कराई गई आंगनबाड़ी किट के संबंध में बताया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने दो दिवसीय उन्मुखीकरण-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बताई जाने वाले बातों के संबंध में नव चयनित सेविका-सहायिकाओं को बताया। उनके मुख्य कार्य प्री-स्कूल एजुकेशन पूरक पोषाहार कार्यक्रम संदर्भ सेवाएंझ्कुषोषण दूर करने स्वास्थ्य सेवाएं-टीकाकरण टीएचआर वितरण आदि के संबंध में बताया।

उन्होंने प्रशिक्षण पूर्व तथा प्रशिक्षण के उपरांत आकलन आदि के संबंध में जानकारी दी। इसके अलावा विभिन्न बिंदुओं पर उन्मुखीकरण-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम में नवचयनित सेविका-सहायिकाओं को विभिन्न विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

### नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट भलमारा क्लस्टर की बैठक



**बेरमो।** नावाडीह प्रखण्ड के ऊपरघाट भलमारा क्लस्टर के बरई पंचायत के बरई, जुड़ामना, हरलाडीह, घोंसको, का एक एकीकृत कृषि क्लस्टर, (आई एफसी) को बढ़ावा देने को लेकर भलमारा क्लस्टर की अध्यक्ष पुष्पा देवी के अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में भलमारा क्लस्टर ब्लॉक रिसॉर्स पर्सन दीपू कुमार ने कहा कि इस बैठक में सभी महिलाओं को कृषि और पशु विभाग के बड़े पैमाने पे बढ़ावा देना और समय-समय पे पशु का टीकाकरण, मचान निर्माण, पशु शेड की उचित व्यवस्था कैसी हो इसकी सही जानकारी के उद्देश्य से गठन किया गया हैं। मौके पर बसंत कुमार, इंदीया देवी, गायत्री देवी, सेतु अंजू देवी, संजू देवी, फूलवंती देवी, यशोदा देवी, सुनीता देवी, नकुल उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### पिछरी के कांग्रेसी नेता दुर्गा महतो का निधन



फुसरो। झारखंड आंदोलन से जुड़े पिछरी निवासी कांग्रेस के पूर्व दक्षिणी पंचायत अध्यक्ष दुर्गा महतो (55 वर्षीय) का बीते गुरुवार की रात आकस्मिक निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही पूरा गांव में शोक की लहर छा गयी। वे पिछले कई माह से किडनी व लीवर की बीमारी से ग्रसित थे। वे शांत स्वभाव व मृदभाषी व्यक्ति थे। झामुमो से जुड़ कर झारखंड अलग राज्य आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई थी। वर्ष 2009 में बेरमो विधायक राजेंद्र प्रसाद सिंह के प्रति आस्था रखते हुए कांग्रेस में शामिल हुए। शुक्रवार को हिंदू रीति रिवाज के साथ दामोदर नदी श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। शोक व्यक्त करने वाले में आजसू नेता सुरज महतो, भाजपा नेता देवीदास, बासुदेव महतो, गणेश मिश्रा, रोहित सिंह, मो मुस्तकीम, परवेज अख्तर, अभय ठाकुर, हीरालाल रविदास, झामुमो नेता घुनू हांसदा, बनबीर मिश्रा, जयलाल महतो, मंगल हांसदा, विक्की महतो, प्रकाश महतो, आदर्श उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक धनेश महतो, सहित सुरज मिश्रा, कलीम अंसारी, धनंजय स्वर्णकार, देवीलाल महतो, डेगलाल महतो, अशोक महतो आदि लोग शामिल है।

### नये थाना प्रभारी का संघ ने किया स्वागत



बेरमो। चंद्रपुरा थाना के नवनियुक्ति थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह को भारतीय मजदूर संघ बोकारो जिला मंत्री ललन कुमार मल्लाह के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान उन्हें बुके देकर व शॉल ओढाकर स्वागत किया। इस दौरान थाना प्रभारी से मांग किया कि यह आए दिन चंद्रपुरा थाना अंतर्गत क्षेत्र में चोरी की घटना की लगातार शिकायत मिलती है, इसपर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। नये थाना प्रभारी सिंह ने कहा कि क्षेत्र में प्रेम सौहार्द्र एवं शांति के लिए पुलिस प्रशासन एवं पब्लिक का सामंजस्य जरुरी है। इसलिए लोग पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, पुलिस से डरें नहीं। आम लोगों के लिए पुलिस प्रशासन भी आम इंसान है।

### बिजली चोरी करने वालों के विरुद्ध मामला दर्ज

गोड्डा/पथरगामा। अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वालों के विरुद्ध विद्युत विभाग की सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण इलाके में अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वालों के खिलाफ विद्युत विभाग की सख्त कार्रवाई की है। जिसमें सहायक विद्युत अभियंता कंचन टुडू के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष छापेमारी अभियान के तहत कई स्थानों पर छापेमारी की गई है। वहीं छापेमारी के दौरान अवैध बिजली चोरी करते पाए जाने पर छह लोगों के खिलाफ पथरगामा थाना में मामला दर्ज किया गया है। बिजली चोरी करने वाले आरोपियों में काला डुमरिया निवासी सुरेश यादव, पिता स्व. सुखपाल यादव, राकेश यादव, पिता लखीचरण गोप, काला डुमरिया, पीलपाया बरमसिया निवासी कार्तिक पाल, बोहा साह टोला निवासी प्रदीप कुमार साह, विनय कुमार साह और दिनेश साह शामिल हैं। इस दौरान सहायक विद्युत अभियंता कंचन टुडू ने बताया कि क्षेत्र में अवैध बिजली चोरी के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। वहीं छापेमारी दल में अखिलेश सिंह, महेश कुमार दास, गौरव कुमार सिंह एवं प्रवीण कुमार मिश्रा मौजूद थे।

# तालाब में बेटियों समेत डूबकर मरी महिला के परिजनों से मिले विधायक



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** विधायक चंदनकियारी उमाकांत रजक ने तालाब में बेटियों समेत डूबकर मरी महिला के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और परिवार को दुख के इस घड़ी से उबरने के लिए ईश्वर से परिजनों को शक्ति देने के लिए प्रार्थना की।

मौके पर जिला परिषद सदस्य आलोका देवी प्रखंड प्रमुख निवारण सिंह चौधरी उप प्रमुख पदमा देवी मुखिया एवं पंचायत प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे। वहीं उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर चंदनकियारी प्रखंड प्रशासन की टीम ने गम्हरिया गांव के पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। टीम में चंदनकियारी बीडीओ अजय वर्मा सीओ रवि आनंद कार्यपालक दंडाधिकारी जया कुमारी आदि शामिल रहीं। पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार के सदस्यों को सांत्वना दिया और मृतक शांति देवी के परिजनों को आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्राप्त होने वाले मुआवजा के संबंध में जानकारी देते हुए कार्रवाई शुरू करने की बात कहीं।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार को गम्हरिया निवासी दिनेश दास की पत्नी ज्योत्सना देवी समेत उनकी दो पुत्रियां निशा व तनुश्री के अलावा एक पड़ोसी महिला शांति देवी की गांव के ही पोखरिया तालाब में कपड़ा धोने व नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई थी।

# राजनीतिक जीवन में ट्रेड यूनियन की थी राजेंद्र बाबू की प्राथमिकता : आशीष

## मजदूर आंदोलन के स्तंभ रहे राजेंद्र बाबू : विजय



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन कथारा से जुड़े पदाधिकारी व सदस्यों की बैठक स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह स्मृति भवन सह क्षेत्रीय कार्यालय के प्रांगण में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे चंद्रशेखर प्रसाद ने कहा राजेंद्र बाबू के नाम से मजदूरों को शक्ति प्रदान होती थी हर विपरीत परिस्थिति में मजदूर हितों की रक्षा उनके कुशल नेतृत्व का परिचायक रहा।

अपने जीवन काल में अपने सूझबूझ से कोल इंडिया में हजारों लोगों का नियोजन करवाने में सफल रहे। क्षेत्रीय सहायक सचिव आशीष चक्रवर्ती ने कहा अपने राजनीतिक जीवन में राजेंद्र बाबू ने मजदूर राजनीति को पहले रखा। मजदूरों के प्रति उनकी गहरी पूरे देश में मजदूर नेता के रूप में उनकी मजबूत पहचान थी। उन ट्रेड यूनियन के बड़े नेताओं के साथ इनके मधुर संबंध होने के कारण कोल इंडिया प्रबंधन पर मजदूर हितों की रक्षा के लिए इन्होंने मजबूत भूमिका का निर्वाह की है।

क्षेत्रीय सहायक सचिव विजय यादव ने कहा शिक्षा का क्षेत्र हो खेलकूद का क्षेत्र हो बेरमो अपने विधायक के कार्यकाल में इन्होंने जो कार्य किये वह अनोखा है। बेरमो की जनता इन्हें अपना अभिभावक मानती थी। बेरमो को देश मे राजेंद्र बाबू ने पहचान दिलाई। मजदूर सद्भावना दिवस के रूप में भी उनकी पुण्यतिथि मनाई जाएगी।

पुण्यतिथि कार्यक्रम को लेकर बैठक में मुख्य रूप से चंद्रशेखर प्रसाद आशीष चक्रवर्ती राजेश शर्मा विजय यादव रणजीत सिंह मोहम्मद नसीम सुरेश ठाकुर देवाशीष आश संतोष सिन्हा अमनदीप सिंह सूर्यकांत त्रिपाठी मंसूर खान विश्वेश्वरी नोनिया संतोष राम गोड पिंटू कुमार कपिल यादव सहित अन्य कई लोग शामिल थे।

# झामुमो कसमार प्रखंड कमिटी का हुआ विस्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** झामुमो कसमार प्रखंड कमेटी की ओर से बगियारी मोड़ स्थित किसान भवन में आयोजित प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार हेंब्रम एवं संचालन सोहेल अंसारी ने किया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों को गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया तथा प्रखंड कमेटी का विस्तार भी किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि गोमिया की पूर्व विधायक बबीता देवी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ता ही ताकत होते हैं। झामुमो अपने कार्यकर्ताओं का हमेशा सम्मान करती है। कार्यक्रम में केंद्रीय सदस्य हीरालाल मांझी जयनारायण ज़िला सचिव मुकेश कुमार महतो पूर्व कोषाध्यक्ष अशोक मुर्मू जिला उपाध्यक्ष मनोहर मुर्मू घुनु हांसदा कसमार प्रमुख नियोती कुमारी सुभाष चन्द्र ठाकुर विमल जायसवाल मंत्री पुत्र विनय कपूर महतो प्रकाश महतो फारुख अंसारी सिकंदर कपरदार प्रिया देवी संजय महतो बिनोद बिहारी महतो सुरेन्द्र महतो मृत्युंजय तिवारी धनंजय स्वर्णकार बिक्रम सिंह बब्लू अंसारी हसन अंसारी रमेश हेंब्रम रमेश वर्मा तिमिर मुखर्जी जानी अंसारी तनवीर आलम आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। प्रखंड कमेटी में तनवीर आलम रामसाय हांसदा नित्यानंद महतो एवं संजय महतो को उपाध्यक्ष जितेन्द्र टुडू चकेश्वर महतो व इरफान अंसारी को सह सचिव महेंद्र सिंह रविशंकर मेहता कृष्ण किशोर कपरदार सोमेश्वर हेंब्रम अजय कुमार महतो को सह सचिव धनंजय स्वर्णकार को प्रवक्ता जानी बाबू को मीडिया प्रभारी तथा कार्यकारिणी सदस्य में अशोक मरांडी कमलेश करमाली शंकर महतो गुल मो अंसारी बाबू जान अंसारी लालचंद मांझी दिलीप सिंह मेहररूल होदा मनोज मुर्मू कौशर रतन महतो शिवचरण महतो मनोज भोला सोरेन फुलेश्वर मुर्मू को मनोनीत किया गया।

# बीएसएल ने गरगा नदी की सफाई और पौधरोपण किया



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास विषय के अंतर्गत मनाया जाता है। बीएसएल और जिला गरगा समिति के सौजन्य से इस वर्ष- प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास की थीम पर मुख्य महाप्रबंधक-नगर सेवा के नेतृत्व और मार्गदर्शन में गरगा नदी की सफाई और पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जैविक विविधता भविष्य की पीढ़ियों के लिए आवश्यक है तथा इसके प्रति सजगता बरतना सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में नगर सेवा विभाग के महाप्रबंधक-जन स्वास्थ्य एके अविनाश की टीम द्वारा गरगा नदी के आस- पास वृहद साफ- सफाई के साथ-साथ नदी के समीप पौधरोपण किया गया।

स्पीड न्यूज

### न्यूक्लियर ठिकानों पर हमले के लिए अमेरिका होगा जिम्मेदार : ईरान

**तेहरान।** ईरान ने चेतावनी दी है कि यदि उसके परमाणु ठिकानों पर इजराइल हमला करता है, तो वह अमेरिका को इसके लिए पूरी तरह जिम्मेदार ठहराएगा। यह सख्त बयान ऐसे समय में आया है जब ईरान और अमेरिका के बीच ईरानी परमाणु कार्यक्रम को लेकर बेहद अहम पांचवें दौर की बातचीत होने वाली है। विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि इजराइल के किसी दुस्साहस का निर्णायक जवाब देगा।

### ब्लैक कलर को कवच मानती हैं सुष्मिता सेन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री और पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन काला रंग को अपना कवच मानती है। सुष्मिता सेन ने अपने इंस्टाग्राम पर कई फोटोज शेयर की हैं, जिसमें उन्होंने स्टाइलिश काले रंग की साड़ी पहनी हुई है। इन तस्वीरों में सुष्मिता हमेशा की तरह आत्मविश्वास से लबरेज नजर आ रही हैं। सेन ने अपनी इन तस्वीरों को शेयर करते कैप्शन में लिखा कि मैं अंधेरे से डरती नहीं, मुझे हमेशा से ब्लैक कलर पसंद है।

### नीतीश आज दिल्ली में मोदी से मिलेंगे

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को दिल्ली जाएंगे। वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित केंद्रीय मंत्रियों से मिलेंगे। 25 मई को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में राजग शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों की बैठक होगी। इसमें राजग शासित मुख्यमंत्रियों के कामकाज की समीक्षा की जाएगी। केंद्र की राजग सरकार द्वारा जो काम किया जा रहा है उसे लेकर मुख्यमंत्रियों से फीडबैक लिया जाएगा और उसकी समीक्षा होगी। उसी को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को दिल्ली जाएंगे और रविवार को प्रधानमंत्री के साथ समीक्षा बैठक में हिस्सा लेंगे।

### गढ़चिरौली में मुठभेड़ चार कट्टर नक्सली ढेर

**कांकेर/मुंबई ।** छत्तीसगढ़ से सटे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में शुक्रवार को सी–60 कमांडो ने चार हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया। जवानों ने चारों नक्सलियों के शवों सहित हथियार को भी बरामद कर लिया है। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है।

### इंडोनेशिया, नेपाल में भूकंप के झटके

जकार्ता। इंडोनेशिया और नेपाल में शुक्रवार को भूकंप के तीव्र झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर इंडोनेशिया में भूकंप की तीव्रता 6.0 जबकि नेपाल में 4.3 मापी गयी। इंडोनेसिया के पश्चिमी बेंगकुलु प्रांत में भूकंप से कई मकान क्षतिग्रस्त हो गये और कुछ लोग घायल हो गए। नेपाल में भी भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए हैं लेकिन इसकी तीव्रता कम होने की वजह से जानमान के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

### यमन से इजराइल पर दागी गयी मिसाइल

**तेल अवीव।** यमन से शुक्रवार सुबह इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई। इजराइल ने इस बैलिस्टिक मिसाइल को मार गिराने का दावा किया है। इस दौरान तेल अवीव, यरूशलम, यहूदिया और सामरिया में सायरन बजने शुरू हो गए। बैलिस्टिक मिसाइल दागे जाने के बाद समूचे मध्य इजराइल में काफी समय सन्नाटा पसरा रहा। आईडीएफ ने बैलिस्टिक मिसाइल को हवा में ही मार गिराया गया।

# पीने को पानी नहीं, भारत को गीदड़भभकी

## हाफिज की तरह पाकिस्तानी सेना ने सिंधु जल समझौते पर दिया विवादित बयान

एजेंसी

**इस्लामाबाद ।** सिंधु जल समझौता रद्द होने बाद पाकिस्तान में पानी के लिए तरस रहे हैं लोग, वहीं पाकिस्तानी सेना दे रही है गीदड़भभकी। सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने लश्कर ए तैयबा (एलईटी) के आतंकी हाफिज सईद की ही तरह सिंधु जल समझौते को लेकर भारत के खिलाफ जहर उगला है। चौधरी ने एक सार्वजनिक सभा में सिंधु जल संधि स्थगित करने के फैसले पर चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि यदि आप हमारा पानी रोकेंगे, तो हम आपकी सांसें रोक देंगे।₹ ये अंदाज और बोल ठीक वैसे ही हैं जैसे हाफिज सईद ने हाल ही में उगले थे। शरीफ चौधरी सिंधु जल संधि को तब तक स्थगित रखने के भारत के फैसले पर बोल रहे थे। दरअसल, भारत पहले ही कह चुका है कि जब तक इस्लामाबाद आतंकवाद को समाप्त नहीं कर देता और अपनी धरती से उत्पन्न होने वाले आतंकवादी समूहों को सहायता, वित्त पोषण और समर्थन

**हमारा पानी रोकेंगे, हम आपकी सांसें रोक देंगे : शरीफ चौधरी**



बंद नहीं कर देता, तब तक सिंधु जल संधि स्थगित ही रहेगी। चौधरी ने कथित तौर पर पाकिस्तान के एक विश्वविद्यालय में भाषण के दौरान यह टिप्पणी की। उनका बयान लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद द्वारा इस्तेमाल की गई बयानबाजी से हूबहू मेल खाता है। सईद 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों का मास्टरमाइंड है। वह भारत और अमेरिका के खिलाफ अपने भड़काऊ भाषणों के लिए जाना जाता है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में हाफिज सईद को यही शब्द कहते हुए सुना जा सकता है। ये बयान ऐसे समय में आए हैं जब भारत ने 23 अप्रैल को सिंधु जल संधि के कुछ हिस्सों को निलंबित कर दिया था। यह संधि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के एक दिन बाद की है जिसमें 26 लोगों की निर्मम हत्या की थी। 1960 में विश्व बैंक द्वारा मध्यस्थता की गई यह संधि सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के जल के बंटवारे को दोनों देशों

## आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं हो सकते : भारत

नयी दिल्ली। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दृढ़ता से कहा कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं हो सकते। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत केवल वांछित आतंकवादियों के प्रत्यर्पण पर चर्चा को तैयार है, जिन्हें पहले से ही सूचीबद्ध किया गया है और इस्लामाबाद के साथ साझा किया गया है। कश्मीर मुद्दे पर भारत के रुख को स्पष्ट करते हुए, जायसवाल ने रेखांकित किया कि कोई भी द्विपक्षीय चर्चा केवल पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करने पर होगी। निलंबित सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) पर जायसवाल ने पुष्टि की कि जब तक



पाकिस्तान आतंकवाद का समर्थन बंद करने के लिए विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय कदम नहीं उठाता, तब तक यह समझौता स्थगित रहेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के बयान को दोहराया कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते, जो ऐतिहासिक जल-समझौते पर भारत की स्थिति के सख्त होने का संकेत देता है।

## सेना के एक्शन से पोस्ट छोड़कर भागे थे पाकिस्तानी कमांडर

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत किए गए प्रहार से पाकिस्तानी सेना में भगदड़ की स्थिति बन गई थी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना की बातचीत के कई महत्वपूर्ण अंश अब सामने आए हैं। इंटरसेप्ट की गई बातचीत में पता लगा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना के अधिकारी अपनी पोस्ट व दफ्तर छोड़कर भाग खड़े हुए थे। ऐसे ही एक इंटरसेप्ट में सुना जा सकता है कि पाकिस्तानी सेना के कमांडर अपने दफ्तर में आने को राजी नहीं हैं। पाक अधिकृत कश्मीर स्थित अपनी पोस्ट पर आने से इनकार करते पाकिस्तान के एक सैन्य कमांडर को अपने जूनियर्स से कहते हुए सुना जा सकता है कि ऑफिस तो बाद में भी खुल जाएगा, पहले अपनी जान बचाओ। जम्मू कश्मीर में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा से कुछ किलोमीटर की दूरी पर पाकिस्तानी सेना की 75 इन्फैंट्री ब्रिगेड है। यह यूनिट पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर

**ऑपरेशन सिंदुर में पाकिस्तान के 64 सैन्य अधिकारी व जवान हुये ढेर और 96 से अधिक जख्मी**

यानी पीओके में भी तैनात है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पीओके के मुजफ्फराबाद के समीप आतंकवादियों के कैंप पर हमले हुए थे। भारतीय सेना के वरिष्ठ सैन्य कमांडर के मुताबिक यहां पाकिस्तानी 75 इन्फेंट्री ब्रिगेड के कमांडर खुद तो भाग गए, साथ ही अपने सैनिकों से भी अपनी जान बचाने को कहते सुने गए। पाकिस्तानी सेना के कमांडर जब अपने दफ्तर नहीं पहुंचे तो उनके मातहत अधिकारियों ने उनसे फोन पर संपर्क किया और ऑफिस खोलने के बारे में जानकारी मांगी। इसके जवाब में कमांडर ने कहा कि ऑफिस बाद में खुल जाएगा, पहले अपनी जान बचाओ। पाकिस्तानी सेना के जूनियर अधिकारियों की बातचीत भी सामने आई है। पाकिस्तानी सेना के ये अधिकारी कह रहे हैं कि अपने कमांडर साहब बड़ी मुश्किल से बचे हैं। वह किसी मस्जिद में नमाज पढ़वा रहे हैं। कमांडर साहब ने बंदों को इधर भेजा है। अमन होगा, उसके बाद आएंगे। फिलहाल ऑफिस बंद ही है। यही नहीं, पाकिस्तानी सेना को हुए भारी नुकसान की जानकारी भी इन इंटरसेप्ट से मिली है। ऐसे ही एक इंटरसेप्ट से जानकारी मिली है कि पाकिस्तानी सेना की 16वीं बलूच रेजिमेंट के कैप्टन हसनैन शाह फायरिंग में मारे गए। वह हाजी पीर सेक्टर में हुई फायरिंग के दौरान मारे गए। पाकिस्तानी सैनिक बातचीत में कह रहे थे कि कैप्टन हसनैन शाह बीती रात फायरिंग में मारे गए। उनकी डेड बॉडी पाकिस्तान के अबोटाबाद में 6 पाकिस्तानी ब्रिगेड द्वारा पहुंचाई गई है। भारतीय सेना के मुताबिक अकेले जम्मू कश्मीर स्थित नियंत्रण रेखा और बॉर्डर से की गई भारतीय सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान के 64 सैन्य अधिकारी व जवान मारे गए हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय हमलों में 96 से अधिक पाकिस्तानी जवान जख्मी हुए हैं। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीमापार सवाई नाला इलाके में 5-6 मोस्ट वांटेड आतंकवादियों का खात्मा किया गया।

# आतंकवाद के खात्मे को भारत का साथ देगा रूस

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को दिया आश्वासन

एजेंसी

**मॉस्को।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए जघन्य आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए रूस ने शुक्रवार को कहा कि वह आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के उन्मूलन के लिए देश के साथ एकजुटता से खड़ा है। डीएमके सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में भारत के एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के प्रथम उपाध्यक्ष एंड्री डेनिसोव सहित रूसी संघीय परिषद के वरिष्ठ सदस्यों से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रुख की पुष्टि की। बैठक के दौरान रूस ने पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में भारत के साथ अपनी एकजुटता दोहराई। रूस में भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट किया कि रूसी संघ की फेडरेशन काउंसिल में



सांसद कनिमोझी करुणानिधि के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के प्रथम डिप्टी चेयर एंड्री डेनिसोव और अन्य सीनेटरों से मुलाकात की। रूस ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की और कहा कि रूस आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के उन्मूलन के लिए भारत के साथ एकजुटता में खड़ा है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में रूस और भारत की स्थिति एक जैसी है। पोस्ट में कहा गया कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक साथ। रूस में भारतीय दूतावास ने पोस्ट किया कि राजदूत विनय कुमार ने आधिकारिक वार्ता शुरू करने से पहले सांसदों कनिमोझी, राजीव राय, बृजेश चौटा, प्रेम चंद गुप्ता, अशोक कुमार मित्तल और राजदूत मंजीव पुरी को भारत-रूस संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी।

### आतंकवाद ही बनेगा पाकिस्तान के अंत का कारण : योगी



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान के अंत की शुरूआत हो चुकी है और आतंकवाद ही उसके अंत का कारण बनेगा।

उन्होंने हनुमान जी का उदाहरण देते हुए कहा कि बजरंगबली ने रावण के दरबार में यही संदेश दिया था। पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देकर खुद को बर्बाद कर रहा है। भारतीय सेना की कार्रवाई में 124 से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं। यह गलती पाकिस्तान की है, जो आतंकियों को प्रश्रय दे रहा है। ये आतंकवाद पाकिस्तान को ले डूबेगा और इसमें ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। उन्होंने कहा कि पाक का अध्यात्मिक जगत में कोई अस्तित्व नहीं है। जिसका अपना वास्तविक अस्तित्व न हो, उसकी एक निश्चित लाइफ होती है। अब पाकिस्तान का समय पूरा हो गया है।

# हार्वर्ड विवि में अब नहीं पढ़ सकेंगे विदेशी छात्र

## अमेरिकी प्रशासन ने दाखिला लेने से रोका

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी प्रशासन ने प्रतिष्ठित हार्वर्ड विश्वविद्यालय को होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) द्वारा मांगे गए विदेशी छात्रों की आचरण रिपोर्ट को सौंपने से इनकार करने के बाद अंतरराष्ट्रीय छात्रों को संस्थान में दाखिला लेने से रोक दिया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार अमेरीकी डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी ने कहा कि हार्वर्ड अब विदेशी छात्रों को दाखिला नहीं दे सकता है और मौजूदा विदेशी छात्रों को स्थानांतरित करना होगा या फिर अपनी कानूनी स्थिति खोनी होगी। होमलैंड सुरक्षा मंत्री क्रिस्टी नोएम ने अपने विभाग को हार्वर्ड के छात्र और विनिमय आगंतुक कार्यक्रम प्रमाणन को समाप्त करने का आदेश दिया, जिसमें पिछले महीने डीएचएस द्वारा मांगे गए विदेशी छात्रों के आचरण रिकॉर्ड को सौंपने से विश्वविद्यालय के इनकार का हवाला दिया गया। यह निर्णय हार्वर्ड के अंतरराष्ट्रीय छात्र निकाय के एक चौथाई से अधिक छात्रों को प्रभावित कर सकता है, जिनका भविष्य बीए के बाद अनिश्चित हो गया है। प्रोफेसरों को आशंका है कि विदेशी छात्रों के सामूहिक पलायन से संस्थान की शैक्षणिक प्रतिष्ठा प्रभावित हो सकती है जिसने अपनी वैचारिक स्वायत्तता की रक्षा के लिए प्रशासन का सामना किया है। व्हाइट हाउस ने कहा कि विदेशी छात्रों को दाखिला देना अधिकार नहीं। उन्होंने हार्वर्ड नेतृत्व पर अपने एक समय के महान संस्थान को अमेरिका विरोधी, यहूदी विरोधी, आतंकवाद समर्थक आंदोलनकारियों के अड्डे में बदलने का आरोप लगाया। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एबिगेल जैक्सन ने कहा कि अमेरिकी छात्रों को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने वाली व्यापक समस्याओं को दूर करने के लिए कार्रवाई करने में बार-बार विफल रहे हैं और अब उन्हें अपने कृत्यों का सामना करना होगा।

### लड़खड़ा गयी है देश की विदेश नीतिःराहुल

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को मोदी सरकार पर विदेश नीति को कमजोर करने पर आरोप लगाया और विदेशमंत्री एस जयशंकर की कार्यशैली पर भी सवाल उठायें। गांधी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जयशंकर को यह जवाब देना चाहिए कि कुछ देश पाकिस्तान को भारत के बराबरी पर क्यों रख रहे हैं और एक भी देश पाकिस्तान की निंदा करने में हमारा साथ क्यों नहीं दे रहा है। कांग्रेस नेता ने यह सवाल भी किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भारत,पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत की विदेश नीति लड़खड़ा गयी है। गौरतलब है कि ट्रंप लगातार कह रहे हैं कि उन्होंने भारत ,पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी और वह दोनों देशों के बीच कश्मीर मुद्दे पर भी मध्यस्थता करने को तैयार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने बयानों में भारत और पाकिस्तान को समान स्तर पर रखा है।

# नीति आयोग की बैठक आज

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में नीति आयोग गवर्निंग काउंसिल की 10वीं बैठक होगी। इसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।

बैठक में 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के रोडमैप पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में मुख्यमंत्री, उप-राज्यपाल और प्रशासक शामिल होंगे। आयोग ने शुक्रवार को कहा कि विकसित भारत के लिए सभी राज्यों को टीम

**2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए रोडमैप पर चर्चा की जायेगी**

इंडिया के रूप में साथ लेकर चलने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 मई को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस वर्ष बैठक की थीम 'विकसित भारत के लिए विकसित राज्य@2047' है, जिसमें राज्यों पर मुख्य रूप से ध्यान दिया जाएगा।

### जमालपुर रेल कारखाने के लिए विकास को 350 करोड़ रुपये की सौगात

**मुंगेर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जमालपुर रेल कारखाना को बड़ी सौगात देते हुए शुक्रवार को कहा कि इसके सर्वांगीण विकास के लिए 350 करोड़ रुपए की परियोजना पर काम शुरू कर दिया गया है। वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि आने वाले दिनों में रेल कारखाना देश के मानचित्र पर एक सम्मानजनक स्थान हासिल करेगा ।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को आत्मनिर्भर बनाने की योजना पर लगातार काम कर रहे हैं ।

# पूर्वोत्तर राज्य बन रहे भारत का डिजिटल गेटवे: मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नॉर्थ ईस्ट को भारत का डिजिटल गेटवे बताया। मोदी ने कहा कि बीते दशक में 21,000 करोड़ रुपए नॉर्थ ईस्ट के एजुकेशन पर निवेश किए गए हैं। करीब 850 नए स्कूलों का निर्माण किया गया है। 9 नए मेडिकल कॉलेज बनाए गए हैं। मिजोरम में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन का कैंपस बनाया गया है। करीब 200 नए स्किल डेवलपमेंट

**नॉर्थ ईस्ट के एजुकेशन पर 21,000 करोड़ हुआ निवेश**

इंस्टिट्यूट स्थापित किए गए हैं। शुक्रवार को 'राइजिंग नॉर्थईस्ट इंवेस्टर समिट' के मंच से सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस भव्य मंच पर आकर मन गौरव से भर गया है और यहां भविष्य को लेकर अपार विश्वास नजर आता है। उन्होंने कहा, ₹अभी कुछ समय पहले यहां भारत मंडपम में हमने अष्टलक्ष्मी महोत्सव मनाया था और आज हम यहां



नॉर्थईस्ट में इंवेस्टमेंट का उत्सव मना रहे हैं। इस कार्यक्रम का हिस्सा बड़ी संख्या में आए इंडस्ट्री लीडर्स बने हैं, जो दिखाता है कि नॉर्थईस्ट को लेकर सभी में उत्साह और नए सपने हैं। प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर को देश का विविधता से परिपूर्ण हिस्सा बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश 2047 तक विकसित भारत बनने की राह पर अग्रसर है और इस सपने को पूरा करने में पूर्वी भारत का विकास मायने रखता है।

# चौतरफा लिवाली से शेयर बाजार में तेजी

## सेंसेक्स 769 और निफ्टी 243 अंक उछला

एजेंसी

**मुंबई।** 29 दिग्गज कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत शुक्रवार को शेयर बाजार करीब एक प्रतिशत उछल गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 769.09 अंक अर्थात 0.95 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,721.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 243.45 अंक यानी 0.99 प्रतिशत की तेजी लेकर 24853.15 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.50 प्रतिशत चढकर 44,861.42 अंक और स्मॉलकैप 0.45 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 51,521.42 अंक पर पहुंच गया।



इस दौरान बीएसई में कुल 4106 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2357 में लिवाली, जबकि 1594 में बिकवाली हुई वहीं 155 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

इसी तरह एनएसई में कुल 2947 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1731 में तेजी, जबकि 1132 में गिरावट हुई वहीं 84 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार, मार्च के निचले स्तरों से 14 प्रतिशत की गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजार फिलहाल नई दिशा तलाशने के संघर्ष में है। इस उतार-चढ़ाव के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। अब तक बाजार में तेजी को समर्थन देने वाली एफआईआई खरीददारी की रफ्तार थमती नजर आ रही है। अमेरिका और जापान में बॉन्ड यील्ड में तेज उछाल से वैश्विक वित्तीय स्थिरता को लेकर चिंता बढ़ी है।

### निवेशकों को 2.90 लाख करोड़ मुनाफा

शेयर बाजार में आई मजबूती से स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 3 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन बढ़ कर 441.88 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 438.98 लाख करोड़ रुपये था। निवेशकों को करीब 2.90 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

### पूर्वोत्तर राज्यों के विकास के लिए अडाणी ग्रुप एक लाख करोड़ रुपये करेगा निवेश

नयी दिल्ली । पूर्वोत्तर राज्यों के तेज आर्थिक विकास के लिए अगले एक दशक में अडाणी समूह असम और अन्य पूर्वोत्तर इलाकों में एक लाख करोड़ रुपए निवेश करेगा। यह ऐलान चेयरमैन गौतम अदाणी ने शुक्रवार को किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मौजूदगी में राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट को संबोधित करते अडानी ने कहा कि उनका फोकस ग्रीन एनर्जी, स्मार्ट मीटर, हाइड्रो-पंप स्टोरेज, पावर ट्रांसमिशन, सड़क और राजमार्ग, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स और ह्यूमन कैपिटल डेवलपमेंट है। यह निवेश फरवरी में एडवांटेज असम 2.0 इन्वेस्टर्स समिट में अदाणी समूह पहले घोषित 50,000 करोड़ के निवेश से दोगुना है।